


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन जन की आवाज़





लखनऊ | वर्ष : 5 | अंक : 207 | गुरुवार, 10 सितम्बर 2026 | भाद्रपद माह, कृष्ण, चतुर्दशी, विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 5 रुपया


देश दुनिया

## बाढ़ से जूझते नेपाल में राहत की रफ्तार

**एजेंसी न्यूज**

**काठमांडू।** विनाशकारी बाढ़ से टूटे महत्वपूर्ण सड़क मार्गों को बहाल करने में जुटे नेपाल ने आपदा प्रभावित इलाकों में अलग-थलग पड़े समुदायों को फिर से जोड़ने के लिए भारत और चीन से अस्थायी पुल मुहैया कराने का अनुरोध किया है। नेपाल ने भारत और चीन दोनों से अस्थायी पुल देने का अनुरोध किया है और दोनों देशों ने इस अनुरोध पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है।

सड़क विभाग के उपमहानिदेशक एवं प्रवक्ता शुभराज न्यौपाने के हवाले से बताया कि विभाग ने बाढ़ में बहे सड़क मार्गों को साफ करने का काम शुरू कर दिया है ताकि अस्थायी पुल लगाए जा सकें। नेपाली सेना नुवाकोट के देवीघाट में अलग से एक 'एक्रो ब्रिज' (अस्थायी मॉड्यूलर पुल) लगा रही है।

## यूपी में मौसम लेगा करवट : 12 सितंबर से तेज बारिश का अनुमान

**एजेंसी न्यूज**

**पंचकूला।** देश में मॉनसून धीरें-धीरें अपनी विदाई की ओर बढ रहा है। लेकिन जाते जाते भी यह आखिरी बार भारत के राज्यों में बारिश के संकेत दे रहा है। सितंबर के दूसरे हिस्से मे कमजोर मॉनसून के बाद अब फिर से 12 सितंबर से 21 सितंबर के बीच दक्षिण, मध्य , पुर्व और पश्चिमी भारत के इन राज्यों में बारिश का एक सक्रिय दौर शुरू होगा। कई जगहों पर गरज-चमक के साथ तेज हवाओं का असर देखने को मिल सकता है।

मौसम विभाग ने 12 सितंबर से हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में बारिश की गतिविधि बढ़ने का अनुमान जताया है, विभाग ने कहा है कि उत्तरी हरियाणा और आसपास के इलाकों में समुद्र तल से 1.5 किमी ऊपर एक ऊपरी-हवा के दबाव का क्षेत्र बना हुआ है।

उत्तराखंड में बुधवार से लगातार पांच दिनों तक कहीं-कहीं भारी बारिश होने के आसार हैं। हिमाचल प्रदेश में नौ से 11 सितंबर तक कहीं-कहीं बारिश, 12 सितंबर को छिटपुट बारिश और 13 से 15 सितंबर तक काफी व्यापक बारिश का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार नौ सितंबर को सुबह 8.02 बजे जारी 'अखिल भारतीय मौसम सारांश और पूर्वानुमान बुलेटिन' में कहा गया है कि 10 से 14 सितंबर तक उत्तराखंड में और 13 एवं 14 सितंबर को हिमाचल प्रदेश में गरज और बिजली के साथ काफी व्यापक बारिश होने का अनुमान है।

## 71 लाख नकद जमा, कुल लेनदेन 15 करोड़

### सांसद अभिषेक बनर्जी के पीए पर शिकंजा, शीर्ष अदालत में क्या-क्या हुआ?

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि तृणमूल कांग्रेस नेता अभिषेक बनर्जी के निजी सचिव सुमित रॉय से हिरासत में पूछताछ जरूरी है। मामला सालबोनी जमीन हड़पने के कथित मामले से जुड़ा है। राज्य की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि जांच के दौरान रॉय कई सवालों के जवाब देने से बचते रहे हैं। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में जांच से जुड़े ट्रांसक्रिप्ट भी पेश किए। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ कर रही है। राज्य सरकार के मुताबिक, रॉय के बैंक खाते में बड़ी रकम नकद जमा हुई। जांच में करीब 15 करोड़ रुपये के लेनदेन की बात सामने आई है।

### सुप्रीम कोर्ट : वैवाहिक दुष्कर्म पर अदालत सख्त कहा-

# शादी के बाद पत्नी की सहमति का अधिकार खत्म नहीं होता है

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** शादी के बाद पत्नी की सहमति के बिना यौन संबंध बनाने को दुष्कर्म के दायरे में लाया जा सकता है या नहीं, इस बेहद अहम सवाल पर सुप्रीम कोर्ट अब विस्तार से सुनवाई करेगा। अदालत ने साफ किया है कि शादी का मतलब किसी व्यक्ति की व्यक्तिगत स्वायत्तता खत्म होना नहीं है। हालांकि, मामला केवल सामाजिक सोच का नहीं, बल्कि आपराधिक कानून और संविधान की कसौटी का भी है। सुप्रीम कोर्ट पहले कर्नाटक हाईकोर्ट से जुड़े उस मामले की अपील सुनेगा, जिसमें पत्नी को कथित तौर पर यौन गुलाम की तरह रखने के आरोप में पति पर दुष्कर्म का मुकदमा चलाने की अनुमति दी गई थी।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ में न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना शामिल हैं। पीठ ने कहा कि वह सबसे पहले कर्नाटक हाईकोर्ट के उस फैसले से जुड़ी अपील पर सुनवाई करेगी, जिसमें पत्नी के साथ कथित यौन हिंसा के मामले में पति के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा चलाने की अनुमति दी गई थी।

वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह पत्नी की ओर से पेश हुईं। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट ने इस मामले में पत्नी को लगभग यौन गुलाम की



तरह रखे जाने की स्थिति को देखते हुए मुकदमा चलाने की अनुमति दी थी। उनका तर्क है कि मौजूदा कानून की व्याख्या के जरिए भी ऐसे मामले में मुकदमा चलाया जा सकता है, यानी वैवाहिक दुष्कर्म के अपवाद को तुरंत खत्म करना जरूरी नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट के सामने इस मामले में दो बड़े सवाल हैं। पहला, क्या मौजूदा वैवाहिक दुष्कर्म अपवाद की सीमित व्याख्या करके कुछ मामलों में पति के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा चलाया जा सकता है। दूसरा, क्या यह अपवाद खुद संविधान का उल्लंघन करता है और इसे खत्म किया जाना चाहिए। अदालत ने कहा है कि वह दोनों सवालों पर विचार करेगी, लेकिन पहले कर्नाटक की अपील के जरिए कानून की व्याख्या के सवाल को देखेगी और उसके बाद संवैधानिक चुनौती पर विचार करेगी। वरिष्ठ अधिवक्ता करुणा नंदी ने कहा कि कानून की व्याख्या और उसकी संवैधानिक वैधता के सवालों को पूरी तरह अलग करके नहीं देखा जा सकता। उन्होंने निर्भया मामले के बाद दुष्कर्म कानून में हुए बदलावों का भी उल्लेख किया।

न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची ने सुनवाई के दौरान कहा कि शादी से किसी व्यक्ति की व्यक्तिगत स्वायत्तता खत्म नहीं होती। अदालत ने विवाहित महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों से जुड़े सवालों को महत्वपूर्ण माना। हालांकि, पीठ ने यह भी कहा कि उसके सामने आपराधिक कानून का सवाल है।

### लाल किला ब्लास्ट का मास्टरमाइंड कौन?

# एनआईए की चार्जशीट में कई खुलासे, बताया कार में बैठकर कैसे किया धमाका

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लाल किले के पास नवंबर 2025 में हुए कार विस्फोट की जांच में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने बड़ा दावा किया है। एनआईए की चार्जशीट के मुताबिक, इस हमले का कथित मास्टरमाइंड उमर उन नबी था, जो विस्फोट में मारा गया था। जांच एजेंसी ने उसे कथित तौर पर फिर से सक्रिय किए गए अंसार गजवत-उल-हिंद मॉड्यूल का संचालन संभालने वाला व्यक्ति बताया है। अब सवाल है कि आखिर उमर उन नबी ने किस तरह इस कथित आतंकी साजिश को आगे बढ़ाया और लाल किले तक विस्फोटक से भरी कार कैसे पहुंची।

एनआईए के मुताबिक, उमर उन नबी उर्फ पिंडा और राहुल भट 2022 की शुरूआत से कथित तौर पर निष्क्रिय पड़े अंसार गजवत-उल-हिंद मॉड्यूल को दोबारा सक्रिय करने में लगा था।

जांच एजेंसी ने उसे एजीयूएच इंटरिम का कथित परिचालन प्रभारी बताया है। एजेंसी के अनुसार, यह



मॉड्यूल भारतीय उपमहाद्वीप में अल-कायदा के कथित फिर से सक्रिय रूप का हिस्सा था।

एनआई ने ये भी बताया कि उमर ने कार में बैठकर ही सक्रिय किया था बम।

एनआईए ने आरोप लगाया कि नबी ने लोगों को कट्टरपंथी बनाया, शहादत और कथित तौर पर आत्मघाती हिंसा को बढ़ावा देने वाली सोच फैलायी, गुप्त बैठकें कराईं और आतंकवादी गतिविधियों के लिए प्रशिक्षण तथा जरूरी सामान की व्यवस्था की।

चार्जशीट में नबी के अफगानिस्तान जाने की कथित योजना का भी जिक्र है। एनआईए के अनुसार, वह कट्टरपंथी विचारधारा से जुड़ने के बाद हिजरत के नाम पर अफगानिस्तान जाने की तैयारी कर रहा था। जांच एजेंसी का दावा है कि नबी और मॉड्यूल से जुड़े दूसरे लोगों के पास कट्टरपंथी साहित्य था और उसे आपस में साझा भी किया जाता था।

# लखनऊ में बन रही 447 करोड़ की रेल लाइन में गिट्टी तक मिलावटी बिछा दी

## गोमती पर बन रहे तीनों पुलों की अब जांच

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** गोमती नदी पर रेलवे के लिए तीन पुलों का निर्माण करने वाली कंपनी ने अपने मुनाफे के लिए पुलों की क्वालिटी के साथ खेल कर दिया। तीसरी रेलवे लाइन के इस मेगा प्रोजेक्ट में स्टील गर्डर ही घटिया नहीं लगा, सीमेंट - सरिया और गिट्टी तक मिलावटी लगा दी गयीं। एक विधायक ने जब इसकी शिकायत रेल मंत्री से की तो रेलवे ने प्रोजेक्ट की निगरानी करने वाले अधिकारियों से लेकर टेंडर लेने वाली कंपनी के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। मामला दिलकुशा-मल्हौर के बीच 8.20 किलोमीटर लंबी तीसरी रेल लाइन से जुड़ा है। यह परियोजना 447 करोड़ रुपये की है। रेलवे ने 2025-26 के बजट में लखनऊ के दिलकुशा-मल्हौर तीसरी लाइन की परियोजना के लिए 447 करोड़ की धनराशि दी थी। परियोजना के तहत मेजर ब्रिज संख्या 466, 468 और 469 का निर्माण समेत संबंधित कार्य जीएस एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड कर रहा है। इन पुलों से जुड़े काम में सब-स्ट्रक्चर, सुपर-स्ट्रक्चर, पीएससी स्लैब और ओपन वेब स्टील गर्डर समेत अन्य संबद्ध



कार्य शामिल हैं।

मामले में एक विधायक ने रेल मंत्री से शिकायत में आरोप लगाया है कि काम में इस्तेमाल होने वाला स्टील गर्डर घटिया गुणवत्ता का है। इसके अलावा गिट्टी, सीमेंट और लोहे की सरिया भी निर्धारित गुणवत्ता के अनुरूप नहीं होने और आरडीएसओ के दिशा-निर्देशों का पालन नहीं किया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि संबंधित रेलवे ट्रैक/बैलास्ट से जुड़े कार्यों में मौके पर निरीक्षण और गुणवत्ता की निगरानी करने वाला पीडब्ल्यूआई, असिस्टेंट इंजीनियर और सीनियर डिविजनल इंजीनियर स्तर के अधिकारियों को काम की स्थिति की जानकारी होने के बावजूद कार्रवाई नहीं की गई। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया है कि कंपनी से जुड़े लोगों की ओर से संबंधित लोगों को कथित रूप से धमकाया जा रहा है।

### मोदी कैबिनेट के अहम फैसले

## रेलवे के सात हाई-डेंसिटी कॉरिडोर होंगे फोर-ट्रैक; कई रूटों पर बढ़ेगी क्षमता

**एजेंसी न्यूज**



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार रेलवे के आधुनिकीकरण पर लगातार जोर दे रही है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट बैठक के बाद बताया कि आज की बैठक में रेलवे आधुनिकीकरण से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट पर चर्चा हुई। ये परियोजनाएं पिछले 12 वर्षों से चल रहे रेलवे के व्यापक बदलाव और आधुनिकीकरण के काम का हिस्सा हैं। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रेलवे के पूर्ण ओवरहाल और आधुनिकीकरण की दिशा में काम किया जा रहा है। इसके तहत सात हाई-डेंसिटी रेलवे कॉरिडोर को फोर-ट्रैक और क्वाड्रुपल करने की योजना है। इन कॉरिडोर पर ट्रैक क्षमता बढ़ाने का काम किया जाएगा, ताकि भविष्य में इन मार्गों पर बढ़ने वाले यातायात का दबाव संभाला जा सके।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे के हाई-डेंसिटी कॉरिडोर को लेकर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली-मुंबई, मुंबई-चेन्नई, चेन्नई-कोलकाता और कोलकाता-दिल्ली मार्ग मिलकर गोल्डन क्वाड्रिलेटरल बनाते हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली-चेन्नई और मुंबई-कोलकाता इसके दो डायगोनल हैं। इसके अलावा दिल्ली-गुवाहाटी कॉरिडोर भी इस योजना में शामिल है। इस तरह कुल सात हाई-डेंसिटी कॉरिडोर को क्वाड्रुपल यानी चार-लेन किया जा रहा है। वैष्णव के मुताबिक, इन सभी परियोजनाओं पर चरणबद्ध तरीके से काम आगे बढ़ रहा है। कैबिनेट समिति ने बुधवार को रेलवे मंत्रालय की तीन मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को भी मंजूरी दे दी।

## सुल्तानपुर-वाराणसी से वाया लखनऊ मुंबई के लिए चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे प्रशासन ने सुल्तानपुर और वाराणसी से वाया लखनऊ लोकमान्य तिलक टर्मिनस मुंबई के लिए 21 अक्तूबर सेदो जोड़ी विशेष ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। लंबी दूरी की ट्रेनों में वेटिंग सूची को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। दीपावली के दौरान लखनऊ से




दिल्ली, मुंबई और हावड़ा रूट पर यात्रियों को कन्फर्म सीटें नहीं मिल पाती हैं। ऐसे में ये ट्रेनें यात्रियों के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है।

उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के सीनियर डीसीएम समर्थ गुप्ता ने बताया कि ट्रेन संख्या 04212 सुल्तानपुर-एलटीटी स्पेशल 21 अक्तूबर से 11 नवंबर तक चलेगी। यह प्रत्येक बुधवार को सुल्तानपुर से सुबह चार बजे प्रस्थान करेगी। लखनऊ सुबह 6:20 बजे होते हुए अगले दिन दोपहर दो बजे एलटीटी पहुंचेगी। वापसी में 04211 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-सुल्तानपुर विशेष ट्रेन 22 अक्तूबर से 12 नवंबर तक प्रत्येक बृहस्पतिवार को एलटीटी से दोपहर तीन बजे चलकर लखनऊ रात 8:50 बजे और सुल्तानपुर रात 11 बजे पहुंचेगी।

# यूपी बनेगा टेक्सटाइल और टेक्निकल टेक्सटाइल का बड़ा हब

### उद्योगपतियों ने निवेश और आधुनिक तकनीक पर दिया जोर

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को देश के प्रमुख टेक्सटाइल और टेक्निकल टेक्सटाइल हब के रूप में विकसित करने की संभावनाओं पर वढ ळए-2026 के दूसरे दिन उद्योग जगत ने चर्चा की। उद्योगपतियों ने प्रदेश की औद्योगिक क्षमता, युवा कार्यबल, पारंपरिक टेक्सटाइल विरासत और बड़े घरेलू बाजार को इसकी प्रमुख ताकत बताया।



उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के मुताबिक उत्तर प्रदेश वैश्विक टेक्सटाइल सप्लाई चेन में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा सकता है। इसके लिए नए निवेश के साथ आधुनिक तकनीक, कौशल विकास, तकनीकी उन्नयन और आत्मनिर्भरता पर लगातार काम करने की जरूरत है। एमकेयू लिमिटेड के अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि उत्तर प्रदेश रक्षा क्षेत्र में इस्तेमाल होने वाले टेक्निकल टेक्सटाइल और हाई-परफॉर्मेंस मटीरियल के उत्पादन का प्रमुख केंद्र बनने की क्षमता रखता है। उन्होंने लखनऊ-हरदोई में विकसित किए जा रहे पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क को इस दिशा में अहम कदम बताया। गुप्ता के मुताबिक उनके समूह ने कानपुर डिफेंस कॉरिडोर में करीब तीन हेक्टेयर क्षेत्र में आधुनिक मटीरियल एवं साइंसेज की विनिर्माण इकाई स्थापित की है। इस इकाई में पॉली-एथिलीन आधारित हाई-स्ट्रेंथ फैब्रिक का उत्पादन किया जाता है, जिसका इस्तेमाल बुलेट प्रूफ जैकेट और हेलमेट बनाने में होता है। गुप्ता ने कहा कि अगर उत्तर प्रदेश में हाई-परफॉर्मेंस फाइबर से लेकर तैयार उत्पाद तक पूरा औद्योगिक इकोसिस्टम विकसित होता है तो रक्षा क्षेत्र की जरूरतों में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी और विदेशी निर्भरता कम की जा सकेगी।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर अब सिर्फ खाना नहीं, बच्चों की पढ़ाई और विकास पर भी रहेगा जोर: सीएम योगी

**एजेंसी न्यूज**

**वाराणसी:** बच्चों के पोषण और शुरूआती विकास को लेकर नौवें राष्ट्रीय पोषण माह-2026 की शुरूआत बुधवार को वाराणसी के रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर से हुई। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर और उत्तर प्रदेश की महिला एवं बाल विकास कल्याण मंत्री बेबी रानी मौर्य भी मौजूद रहीं।

इस साल अभियान की थीम हमारी आंगनबाड़ी, हमारी जिम्मेदारी रखी गई है। इसका सीधा मतलब है कि बच्चों के पोषण और विकास की जिम्मेदारी केवल आंगनबाड़ी कार्यकताओं या सरकार की नहीं, बल्कि परिवार और पूरे समुदाय की भी होगी।

इस अभियान में आंगनबाड़ी केंद्रों को केवल पोषण सामग्री बांटने की जगह बच्चों के स्वास्थ्य, शुरूआती शिक्षा और विकास के केंद्र के रूप में विकसित करने पर जोर दिया गया है।

आंगनबाड़ी केंद्रों पर दिए जाने वाले पूरक पोषण कार्यक्रम (रठढ) के भोजन की जानकारी अब मेन्यू बोर्ड पर प्रदर्शित करना अनिवार्य किया गया है।

इस बार गर्म पके भोजन को भी स्पष्ट रूप से व्यवस्था में शामिल



किया गया है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को ऐसा साप्ताहिक मेन्यू तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है, जिसमें मोटे अनाज, दाल और मौसमी सब्जियों को शामिल किया जाए। इसका उद्देश्य बच्चों को उनकी जरूरत के मुताबिक ज्यादा पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है। पोषण व्यवस्था में पारदर्शिता और लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए अभिभावकों, स्वयं सहायता समूहों और आंगनबाड़ी प्रबंधन समितियों को भोजन चखाने के कार्यक्रमों से जोड़ा जाएगा। इससे परिवार और समुदाय को बच्चों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता और व्यवस्था को समझने का मौका मिलेगा। पोषण माह के दौरान हर आंगनबाड़ी केंद्र पर कम से कम एक आंगनबाड़ी प्रबंधन समिति की बैठक होगी। बच्चों और लाभार्थियों तक सेवाएं ठीक से पहुंच रही हैं या नहीं।

इससे स्थानीय स्तर पर आने वाली समस्याओं को सामने लाने और उनके समाधान पर काम करने में मदद मिल सकती है।

## यूपी: योगी सरकार का बड़ा फैसला, अब 70 साल की आयु तक सेवाएं देंगे सेवानिवृत्त विशेषज्ञ डॉक्टर

**एजेंसी न्यूज**



**लखनऊ।** प्रदेश में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी दूर करने और सरकारी अस्पतालों में आमजन को समयबद्ध चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए योगी सरकार ने सेवानिवृत्त विशेषज्ञ चिकित्सकों के पुनर्नियोजन की अधिकतम आयु सीमा बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीएमएचएस संवर्ग के सेवानिवृत्त विशेषज्ञ चिकित्सकों के पुनर्नियोजन की सीमा 65 से बढ़ाकर 70 वर्ष करने का निर्णय लिया है।

उप मुख्यमंत्री एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता है। अस्पतालों की ओपीडी और आईपीडी में लगातार बढ़ रहे मरीजों के दबाव को देखते हुए यह फैसला चिकित्सा सेवाओं की निरंतरता बनाए रखने में महत्वपूर्ण होगा। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित कुमार घोष के मुताबिक, 500 निःसंवर्गीय पदों के सापेक्ष पीएमएचएस संवर्ग के सेवानिवृत्त विशेषज्ञ चिकित्सकों का पुनर्नियोजन किया जाएगा। नियुक्ति अनुबंध के आधार पर वॉक-इन इंटरव्यू के माध्यम से होगी।

पुनर्नियोजन नियमित चिकित्साधिकारियों की नियुक्ति होने या एक वर्ष की अवधि, जो भी पहले हो, तक रहेगा। इसके बाद कार्य एवं आचरण, गुण-दोष और स्वास्थ्य प्रमाणपत्र के आधार पर साल-दर-साल अवधि बढ़ाई जा सकेगी, लेकिन अधिकतम आयु सीमा 70 वर्ष होगी। पुनर्नियोजित डॉक्टरों को प्रशासनिक पद या संवर्गीय पदनाम नहीं दिया जाएगा। वे कन्सलटेन्ट/परामर्शी के रूप में सेवाएं देंगे। अस्पताल की जरूरत के अनुसार उन्हें आपातकालीन और आकस्मिक चिकित्सा सेवाओं में भी योगदान देना होगा।







## एक नजर

### फरीदपुर टोल प्लाजा पर हुआ स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का आयोजन

**फरीदपुर (बरेली)।** एनएचआईटी साउदर्न प्रोजेक्ट प्रा. लि. द्वारा बुधवार को फरीदपुर टोल प्लाजा एन एच–30 पर विशेष हेल्थ चेक–अप कैंप एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में टोल प्लाजा पर कार्यरत कर्मचारियों सहित लगभग 120 लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपना चेकअप कराया। कर्मचारियों के स्वास्थ्य की देखभाल एवं उन्हें स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण के पश्चात कर्मचारियों को आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एनएचआईटी के प्रोजेक्ट हेड अंजनी कुमार ने स्वयं अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाकर एवं रक्तदान करके की। उनकी इस पहल से प्रेरित होकर लगभग दो दर्जन अन्य लोगों ने भी स्वेच्छा से रक्तदान किया।

# स्वाइन फ्लू की चपेट में चार और मरीज, संक्रमित महिला की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

▸ जिले में एच–1एन–1 के मरीजों का आंकड़ा 14 पहुंचा, स्वास्थ्य विभाग ने शुरू किया संपर्क में आए लोगों का सर्वे




**बरेली।** जिले में स्वाइन फ्लू के मामले लगातार सामने आने से स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ गई है। मंगलवार को चार नए मरीजों में एच-1एन-1 संक्रमण की पुष्टि हुई, जबकि एक संक्रमित महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतका की जांच रिपोर्ट उसकी मौत के बाद आई, जिसमें स्वाइन फ्लू की पुष्टि हुई। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने संबंधित क्षेत्रों में निगरानी और संपर्क में आए लोगों की जांच कराने की तैयारी शुरू कर दी है। आईडीएसपी की रिपोर्ट के मुताबिक मंगलवार को संक्रमित पाए गए मरीजों में बिलसंडा माई किरातपुर भमोरा का 11 वर्षीय बच्चा, पुराना शहर का 80 वर्षीय बुजुर्ग, एजाज नगर गौटिया का 59 वर्षीय व्यक्ति और भदपुरा का 67 वर्षीय बुजुर्ग शामिल हैं। सभी की निजी लैब में जांच कराई गई थी। इन चार नए मामलों के सामने आने के बाद जिले में अब तक 14 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हो चुकी है। शेरगढ़ निवासी 76 वर्षीय महिला को तीन सितंबर को शहर के एक निजी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। महिला पहले से कैंसर की गंभीर बीमारी से जूझ रही थी। स्वाइन फ्लू के लक्षण दिखाई देने पर चार सितंबर को उसका सैंपल जांच के लिए निजी लैब भेजा गया। उसी रात इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। मंगलवार को प्राप्त रिपोर्ट में महिला के एच-1एन-1 संक्रमित होने की पुष्टि हुई। महिला की मौत और नए संक्रमित मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने सर्विलांस तेज करने का फैसला लिया है। रैपिड रिस्पॉन्स टीम बुधवार को शेरगढ़ पहुंचकर मृतका के संपर्क में रहे लोगों की जानकारी जुटाएगी। जरूरत पड़ने पर संपर्क में आए लोगों को दवा भी उपलब्ध कराई जाएगी। नए संक्रमित मरीजों के परिवार और संपर्क में रहने वाले लोगों पर भी स्वास्थ्य विभाग नजर रखेगा। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि मृतका गंभीर कैंसर रोग से पीड़ित थी और उसका निजी मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा था। निर्धारित गाइडलाइन के तहत एच-1एन-1 की जांच कराई गई थी। रिपोर्ट आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीमें संबंधित क्षेत्रों में जाकर सर्विलांस करेंगी।

## सरकारी जमीन पर कब्जे की शिकायत

**फरीदपुर (बरेली)।** फरीदपुर तहसील के ग्राम लौंगपुर ताहरपुर में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन को शिकायती पत्र सौंपकर भू-माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार, राजस्व अभिलेखों में जमीन 'बंजर' और 'खार' दर्ज है। आरोप है कि गांव के कुछ दबंगों और भू-माफियाओं ने कथित मिलीभगत से सरकारी भूमि पर कब्जा कर मार्केट और दुकानें बना ली हैं। कुछ स्थानों पर अवैध निर्माण भी जारी है। भीमसेन, विशाल राज समेत ग्रामीणों ने जमीन कब्जामुक्त कराने, अवैध दुकानों व मार्केट को ध्वस्त कराने तथा खाली भूमि पर बेसहारा गायों के संरक्षण के लिए गौशाला बनवाने की मांग की है। एसडीएम विदुषी सिंह ने मामले में जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## विवाद में महिला व मानसिक रूप से कमजोर बेटी से मारपीट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फतेहगंज पश्चिमी।** क्षेत्र में रास्ते को लेकर चल रहे पुराने विवाद ने उस समय गंभीर रूप ले लिया, जब एक महिला और उसकी विधवा तथा मानसिक रूप से कमजोर बेटी के साथ कथित तौर पर मारपीट व गाली-गलौज की गई। पीड़िता शांति देवी पत्नी डोरीलाल ने थाना फतेहगंज पश्चिमी पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए शिकायती पत्र सौंपा है।

शिकायत के अनुसार बीती 20 अगस्त को शाम करीब साढ़े पांच बजे पीड़िता की बेटी दुर्गा के साथ पड़ोसी लक्ष्मी पत्नी प्रीतम लाल तथा उसके पुत्र नीरज ने मारपीट की और अभद्र भाषा का प्रयोग किया। पीड़िता का कहना है कि आसपास मौजूद लोगों के बीच-बचाव करने पर ही उसकी बेटी को बचाया जा सका। शिकायती पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि घटना के बाद से लक्ष्मी लगातार गाली-गलौज करने के साथ ही जान से मारने की धमकी भी देती रही है। पीड़िता के अनुसार जब भी उसकी बेटी गोबर डालने के लिए घर से निकलती है, रास्ते में उसे घेरकर मारपीट की जाती है।

इस विवाद के चलते परिवार को आवागमन में भी लगातार परेशानी झेलनी पड़ रही है। शांति देवी ने यह भी बताया कि इस दौरान स्वयं उनके साथ भी दो बार मारपीट की जा चुकी है। पीड़िता ने बीती 6 सितंबर को थाने में प्रार्थना पत्र देकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## मां अलोपा देवी विराट दंगल व मेला का हुआ समापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फरीदपुर (बरेली)।** फरीदपुर क्षेत्र के ग्राम लौंगपुर में स्थित मां अलोपा देवी मंदिर पर तीन दिवसीय दंगल एवं मेला का हुआ समापन। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष आंवला आदेश प्रताप सिंह व ब्लॉक प्रमुख फरीदपुर सोनम ग्वाल, जिला उपाध्यक्ष ओमवीर गुर्जर, संजय चौहान, रोहित रघुवंशी, नीरज पटेल आदि का मेला कमेटी ने पटका पहनाकर स्वागत किया। मेला के तीसरे और अंतिम दिन मुकाबलों में विवेक सोनीपत बनाम सोनू पंजाब सोनू जीते, साहिल सहारनपुर बनाम महेश राजपूत सेन्टर फतेहगढ़ साहिल जीते, राजू फतेहगढ़ बनाम कालू बदायूँ में कालू जीते, अंकित बिजनौर बनाम तरुन राजपूत सेन्टर फतेहगढ़ बराबर रहे, प्रिन्स बिजनौर बनाम अरविन्द मेरठ बराबर रहे, भीम जाट सेन्टर बनाम अरविन्द हाथरस बराबर रहे। अंत में अजीत हाथरस बनाम सुमित दिल्ली के बीच एलानिया कुश्ती हुई यह मुकाबला 51 हजार इनामी राशि का था जिसमें अजीत पहलवान हाथरस ने सुमित पहलवान हनुमान अखाड़ा दिल्ली को पटकनी देकर चित कर दिया और विजयी हुए। मेला के सफल आयोजन में कमेटी के अध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष अखिलेश तोमर, संयोजक अमित कुमार सिंह, वरिष्ठ संरक्षक मदनपाल सिंह, संरक्षक शिवराम सिंह, मेला उपाध्यक्ष रोविन तोमर व चंदन तोमर सहित मेला कमेटी के सभी सदस्यों का सहयोग रहा।

## स्टाइपेंड के बिना नर्सिंग इंटर्नशिप

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** बीएससी नर्सिंग चतुर्थ वर्ष की इंटर्नशिप कर रहे छात्र-छात्राओं ने स्टाइपेंड नहीं मिलने का मुद्दा उठाते हुए मुख्यमंत्री से आर्थिक सहायता की मांग की है। रक्षपाल बहादुर कॉलेज ऑफ नर्सिंग समेत अन्य संस्थानों के इंटर्न छात्रों ने नौ सितंबर को मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र भेजकर इंटर्नशिप अवधि के लिए समान और सम्मानजनक स्टाइपेंड निर्धारित करने की मांग की। छात्रों ने बताया कि उनकी इंटर्नशिप वर्तमान में महाराणा प्रताप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रही है। प्रशिक्षण के दौरान वे मरीजों की देखभाल के साथ ओपीडी, आईपीडी, आपातकालीन सेवाओं और अन्य नैदानिक कार्यों में व्यावहारिक अनुभव हासिल कर रहे हैं। इंटर्न छात्रों के मुताबिक उन्हें प्रशिक्षण अवधि में किसी तरह का स्टाइपेंड नहीं दिया जा रहा है। इससे भोजन, आने-जाने का किराया, पढ़ाई से जुड़ी सामग्री और रोजमर्रा के खर्चों का प्रबंध करना मुश्किल हो रहा है। दूरदराज क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों के सामने परेशानी और बढ़ जाती है। छात्रों का कहना है कि इंटर्नशिप नर्सिंग शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसी दौरान उन्हें वास्तविक स्वास्थ्य सेवाओं के बीच काम करने और पेशेवर दक्षता विकसित करने का अवसर मिलता है। आर्थिक दबाव के कारण प्रशिक्षण पर भी असर पड़ रहा है। छात्रों ने मुख्यमंत्री से प्रदेश में बीएससी नर्सिंग इंटर्न के लिए स्पष्ट, समान और सम्मानजनक स्टाइपेंड व्यवस्था लागू करने की मांग की है।

## भाखड़ा नदी का जलस्तर बढ़ा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मीरगंज।** भाखड़ा नदी का जलस्तर बढ़ने से तहसील क्षेत्र के निचले इलाकों में जलभराव का खतरा बढ़ गया है। बुधवार को प्रशासन ने पहुंचा बुजुर्ग गांव पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। एसडीएम निधि शुक्ला ने पानी की टंकी और गौशाला का निरीक्षण कर अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए।खंड विकास अधिकारी आनंद विजय यादव ने बताया कि पहुंचा खुर्द की गौशाला में करीब 49 गोवंश संरक्षित थे। गौशाला के पास पानी आने की संभावना को देखते हुए सभी गोवंश को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया गया है। गोवंश को चुरई दलपतपुर, सैजना और बहरोली की गौशालाओं में भेजा गया है।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पहुंचा बुजुर्ग गांव की पानी की टंकी की स्थिति भी देखी। एसडीएम के अनुसार, फिलहाल नदी का पानी टंकी से करीब 10 मीटर दूर बह रहा है और टंकी सुरक्षित है। जल जीवन मिशन तथा बाढ़ खंड के अधिकारियों ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का आकलन किया।मंगलवार को बैरमनगर की पानी की टंकी नदी की तेज धारा में बह जाने के बाद प्रशासन ने नदी किनारे के संवेदनशील इलाकों में निगरानी और बढ़ा दी है। प्रशासन की टीमें नदी के जलस्तर और आसपास के हालात पर लगातार नजर रख रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि जलस्तर बढ़ने या स्थिति बिगड़ने पर जरूरत के अनुसार तत्काल कदम उठाए जाएंगे। ग्रामीणों से नदी और जलभराव वाले क्षेत्रों के पास अनावश्यक रूप से न जाने की अपील की गई है।प्रशासन की प्राथमिकता फिलहाल इंसानों के साथ-साथ गोवंश को भी सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाकर संभावित जलभराव से बचाना है। इस दौरान नायब तहसीलदार सिमरन मथानिया, डिप्टी सीवीओ कुलदीप अहलावत, सचिव एम.अनस, प्रशासक/प्रधान सत्यपाल आदि उपस्थित रहे।

## दो साल से टूटा पड़ा नाले का स्लैब

जागरण मोर्चा कार्यालय



**फतेहगंज पश्चिमी, बरेली।** फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के रामलीला ग्राउंड में बीते दो वर्षों से नाले का टूटा स्लैब मरम्मत की बाट जोह रहा है। स्थानीय लोगों की लगातार शिकायतों के बावजूद प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जिसे लेकर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सूरज राठौर ने नगर पंचायत प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। राठौर ने नगर पंचायत के चेयरमैन और अधिशासी अधिकारी (ईओ) को औपचारिक शिकायत पत्र सौंपते हुए बताया कि गली में नाले का स्लैब टूटा होने के कारण राहगीरों को आवागमन में गंभीर परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि कई लोग इस टूटे हिस्से से गुजरते समय गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं, बावजूद इसके समस्या का समाधान नहीं हो सका है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि उन्होंने करीब दो साल पहले नगर पंचायत को इस संबंध में लिखित शिकायत दी थी। इसके अतिरिक्त नगर पंचायत के सार्वजनिक मोबाइल नंबर 8189078025 पर वाट्सऐप के जरिए भी कई बार अवगत कराया गया, परंतु अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। सूरज राठौर ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि टूटे स्लैब की वजह से क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश है और यदि जल्द इसकी मरम्मत नहीं कराई गई तो मोहल्लेवासी नगर पंचायत कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। वहीं इस मामले में नगर पंचायत के ईओ पुष्पेंद्र सिंह राठौर का कहना है कि यह समस्या पुरानी जरूर है, लेकिन पहली बार उनके संज्ञान में आई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जांच कराकर जल्द ही समस्या का निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा।

## घर में अकेली महिला से दुष्कर्म का आरोप, रिपोर्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पड़ोस के युवक पर घर में घुसकर कई बार दुष्कर्म करने और घटना का वीडियो वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत के अनुसार, ग्राम दियोरिया अब्दुल्लागंज के मझरा सलामतगंज निवासी महिला का पति बाहर रहकर मेहनत-मजदूरी करता है। महिला अपने दो बच्चों के साथ घर पर रहती है। आरोप है कि इसी दौरान गांव का हरपाल पुत्र रतनलाल उसे अकेला पाकर घर में घुस आया और जबरन दुष्कर्म किया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उसके साथ एक से अधिक बार यह कृत्य किया। विरोध करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे चुप रहने के लिए मजबूर किया गया। महिला ने घटना की जानकारी पति को दी, जिसके बाद पुलिस से शिकायत की गई। आरोप है कि आरोपी ने पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। मंगलवार को पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस मामले में साक्ष्यों की जांच कर रही है।

## श्रद्धा और उत्साह से मनी भगवान् कृष्ण की छठी

**बहेड़ी।** जन्माष्टमी के छठे दिन मोहल्ला रामलीला स्थित गौरी शंकर मंदिर में भगवान् श्रीकृष्ण की छठी का उत्सव पूरी श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। बुधवार सुबह हवन पूजन के बाद दोपहर को कढ़ी चावल के भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद छककर पुण्य लाभ कमाया। कार्यक्रम में भाजपा के सुनील रस्तोगी, दीपू रस्तोगी, अंकित रस्तोगी, पवन गुप्ता, मनोज गुप्ता, राहुल गुप्ता, हरिओम गुप्ता आदि का विशेष योगदान रहा।



## और, आखिर 431 करोड़ में बिक गई शुगर मिल

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बहेड़ी।** पिछले दो पेराई सत्रों के बकाया करीब 165 करोड़ के गन्ना मूल्य भुगतान के मामले में केसर शुगर मिल मालिकान के पास मिल बेचने के अलावा कोई अन्य विकल्प ही नहीं बचा था जिससे गन्ना किसानों का भुगतान किया जा सके। विभिन्न किसान संगठनों की ओर से प्रशासन पर दबाव बनाए जाने के साथ साथ आए दिन धरना प्रदर्शन हो रहे थे ऐसे में फिर मालिकान की ओर से मिल को बेचे जाने की कोशिशें तेज हो गई और अंततः मंगलवार शाम को वह कोशिश रंग लाई और. 431 करोड़ में शुगर मिल का सौदा तय हो गया।

इसके लिए अवध फूड्स कंपनी के साथ एम ओ यू साइन हो गया। इस करार में यह भी साफ कर दिया गया है कि गन्ना किसानों का लंबित भुगतान पेराई सत्र की शुरुआत से पहले ही कर दिया जाएगा। हां, अभी इतना साफ नहीं हुआ है कि मिल क्रेता भुगतान की अदायगी एक ही बार में कर देगा या फिर दो बार में। इतना तय है कि पूरा भुगतान पेराई सत्र की शुरुआत से पहले ही हो जाना निश्चित हो गया है। मिल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शरत् मिश्रा के अनुसार, केसर मिल की लीज वाली जमीन भी अनुबंध के मुताबिक अवध फूड्स कंपनी को ट्रांसफर कर दी जाएगी। मिल के बिक जाने के बाद केसर इंटरप्राइजेज का करीब 95 साल पुराना जुड़ाव अब इतिहास के पन्नों में दर्ज हो जाएगा। इसके साथ ही नये मालिकान को भी गन्ना किसानों के साथ उस भरोसे को कायम रखना होगा जिससे मिल निर्बाध रूप से चलती रहे और इसकी पहली शर्त होगी, समय से भुगतान। केसर शुगर मिल जब तक समय से गन्ने का भुगतान करती रही, उसका पहिया अपनी गति से घूमता रहा पर जब भुगतान की स्थिति किसानों के लिए गहरा दर्द देने लगी तो किसानों को न केवल अपना गन्ना दूसरी चीनी मिलों को देने को मजबूर होना पड़ा बल्कि लंबित भुगतान पाने के लिए आंदोलन करने को भी मजबूर होना पड़ा। इसका खामियाजा केसर शुगर मिल को भी उठाना पड़ा। भुगतान की लेट लतीफी के चलते उसके करीब दो दर्जन गन्ना सेंटर दूसरी मिलों को आबंटित कर दिए गए और फिर गन्ना आपूर्ति कम होने से मिल को समय से पहले बंद करना पड़ा। यहाँ, यह जिक्र करना भी काफी भी जरूरी है कि नये मालिकान को अगर मिल पूरी क्षमता के साथ चलाना है तो फिर उन सभी सेंटरों को वापस लेने के लिए जद्दोजहद करनी होगी जोकि दूसरी मिलों को आबंटित कर दिए गए थे।इसके लिए केन कमिश्नर, जिला गन्ना अधिकारी से लेकर शासन में सचिव स्तर तक पैरवी करने की जरूरत पड़ सकती है। समय के साथ साथ केसर शुगर मिल की याद धीरे धीरे धूमिल होती जाएगी। लोग अब नये मालिकान और मिल के प्रबंध तंत्र की परख करेंगे। देखना होगा कि, हालात किस तरह बेहतर बनेंगे । वैसे इतना जरूर है क्षेत्र की खुशहाली के लिए मिल का चलते रहना जितना मिल मालिकान के हित में है उतना ही गन्ना किसानों के लिए भी। एक दूसरे का सहयोग करने के बाद ही सभी की तरक्की का पहिया जोर पकड़ेगा। मिल की माली हालत में भारी गिरावट आने के बाद कुछ कर्मचारी त्याग पत्र देकर यहाँ से अन्यत्र चले गए पर जो बचे हुए हैं उन्हें भी उसी टीम भावना के साथ नयी व्यवस्था से जुड़ने की जरूरत है।



### एक नजर

## फतेहगंज पश्चिमी में जगह-जगह लगे भंडारे, कढ़ी-चावल का प्रसाद पाकर खुश हुए श्रद्धालु

**फतेहगंज पश्चिम।** बुधवार को फतेहगंज पश्चिमी कस्बे का माहौल पूरी तरह भक्तिमय नजर आया, जब भगवान श्रीकृष्ण की छठी का पर्व पारंपरिक रीति–रिवाजों के साथ मनाया गया। कस्बे के कई हिस्सों में भंडारे लगाए गए, जहां कढ़ी–चावल का विशेष प्रसाद तैयार किया गया। परंपरा के अनुसार पहले भगवान श्रीकृष्ण को भोग अर्पित किया गया, उसके बाद यही प्रसाद वहां मौजूद श्रद्धालुओं में बांटा गया। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में शंकर लाल गुप्ता, बाबू रस्तोगी, सचिन गुप्ता राहुल पांडेय, प्रवन पांडेय, राजकुमार कश्यप और सुबोध पोरवाल, सुरेश गुप्ता विपिन गुप्ता जैसे स्थानीय लोगों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। खास बात यह रही कि भंडारे में शामिल होने के लिए न सिर्फ कस्बे के लोग बल्कि आसपास के गांवों से भी बड़ी तादाद में श्रद्धालु पहुंचे।

# तीन दिन बाद भी पानी में डूबी कॉलोनियां ट्रैक्टर से पहुंचे जिलाधिकारी-नगर आयुक्त

जागरण मोर्चा कार्यालय



▶ रेजीडेंसी गार्डेन में 90 फीसदी घरों पर ताले, कई इलाकों में अब भी दो से छह फीट तक पानी, ड्रेनेज मास्टर प्लान बनाने की तैयारी

**बरेली।** बारिश रुकने के बाद नगर निगम ने शहर के जलभराव वाले इलाकों में पानी निकालने का अभियान तेज कर दिया है। अधिकांश स्थानों पर हालात सुधरे हैं, लेकिन कई कॉलोनियों में बुधवार को भी लोगों को जलभराव से राहत नहीं मिल सकी। रेजीडेंसी गार्डेन की स्थिति सबसे ज्यादा खराब रही, जहां तीसरे दिन भी पानी पूरी तरह नहीं निकल पाया। हालात देखने के लिए डीएम अविनाश सिंह और नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य को ट्रैक्टर से कॉलोनी के भीतर पहुंचना पड़ा। रेजीडेंसी गार्डेन में बारिश के बाद करीब छह फीट तक पानी भर गया था। मंगलवार से नगर निगम की टीमें सक्शन पंप और टैंकर लगाकर पानी निकालने में जुटी हैं। लगातार प्रयास के बावजूद बुधवार तक कई हिस्सों में पानी जमा रहा। जलभराव के कारण करीब 90 प्रतिशत मकानों में ताले पड़े हैं। विद्युत निगम ने सुरक्षा के मद्देनजर इलाके की बिजली आपूर्ति बंद कर रखी है। कुछ परिवार अभी भी मकानों की ऊपरी मंजिलों में रह रहे हैं। इन परिवारों तक सामाजिक संगठनों की मदद से राशन, सब्जियां और पेयजल पहुंचाया जा रहा है।

जलभराव से परेशान रेजीडेंसी गार्डेन के लोगों ने मंगलवार रात सड़क पर उतरकर विरोध जताया। करीब 25 से 30 लोग कॉलोनी के गेट के बाहर बैठ गए और चार पहिया वाहन खड़े कर रास्ता रोक दिया। इससे मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी पहुंचे और लोगों को समझाकर रात करीब नौ बजे रास्ता खुलवाया। मुंशीनगर के आकांक्षा एन्क्लेव में तीन से चार फीट पानी जमा होने से करीब 400 परिवार प्रभावित हुए। कर्मचारी नगर के त्रिवेणी एन्क्लेव में दो से तीन फीट तक पानी रहा। इसके अलावा पवन विहार, परवाना नगर, संजय नगर, आधारशिला, नार्थ सिटी एक्सटेंशन, लाजपत नगर, गणेश नगर, बन्नू बाल कॉलोनी और मिनी बाइपास के आसपास की कई कॉलोनियों में जलभराव बना रहा। इनमें कुछ कॉलोनियां अनियोजित तरीके से विकसित होने के कारण जल निकासी की समस्या से जूझ रही हैं। ग्रीन पार्क क्षेत्र में नदी किनारे प्लॉटिंग का मामला भी सामने आया है। लगातार जलभराव को देखते हुए नगर निगम ने अब स्थायी समाधान की दिशा में कदम बढ़ाने की बात कही है। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य के अनुसार शहर के पुराने नालों और तालाबों को चिह्नित कराया जाएगा। जहां अतिक्रमण मिला, वहां उसे हटाने की कार्रवाई होगी। साथ ही पूरे शहर के लिए ड्रेनेज मास्टर प्लान तैयार कराया जाएगा। जलभराव वाले निचले इलाकों और बारिश में पानी जमा होने वाले स्थानों को चिह्नित कर भविष्य में जल निकासी की स्थायी व्यवस्था विकसित की जाएगी।

## कहीं बिजली का झुका पोल न बन जाए जानलेवा हादसे की वजह?

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर के पीलीभीत बाइपास मुख्य मार्ग पर तुलाशेरपुर चौराहे के पास बिजली विभाग की लापरवाही किसी दिन बड़े हादसे का कारण बन सकती है। यहां बिजली का पोल चालू हालत में होने के बावजूद काफी झुक चुका है और उसके गिरने का खतरा बना हुआ है। सड़क से लगातार वाहनों और राहगीरों की आवाजाही के बीच यह स्थिति गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है। स्थानीय स्तर पर पोल की स्थिति को कैमरे में कैद कर संबंधित विभाग का ध्यान आकर्षित कराया गया है। इसके बावजूद अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। सबसे गंभीर बात यह है कि पोल बिजली की लाइन के साथ खड़ा है और यदि अचानक गिर गया तो राहगीरों, वाहन चालकों और आसपास के लोगों की जान खतरे में पड़ सकती है।

समस्या को लेकर समाज सेवी अजय सक्सेना ने विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता को लिखित शिकायत देने के साथ ही पोर्टल के माध्यम से भी अधिकारियों को अवगत कराया है। शिकायत में जर्जर पोल को तत्काल दुरुस्त कराने अथवा सुरक्षित तरीके से बदलने की मांग की गई है। अब सवाल यह है कि विद्युत विभाग किसी अनहोनी का इंतजार कर रहा है या फिर हादसा होने से पहले ही इस खतरे को दूर करेगा? व्यस्त मुख्य मार्ग पर खड़े इस झुके पोल को लेकर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो विभागीय लापरवाही की कीमत किसी निर्दोष को अपनी जान देकर चुकानी पड़ सकती है।

# शिक्षा महकमे में बदले अफसरों के ठिकाने, 13 बीईओ को नई जिम्मेदारियां

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ डीएम की हरी झंडी के बाद बीएसए ने जारी की नई तैनाती सूची, कई अधिकारियों को मिला अतिरिक्त प्रभार

**बरेली।** बेसिक शिक्षा विभाग में ब्लॉक स्तर की प्रशासनिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की स्वीकृति के बाद बीएसए डॉ. विनीता ने 13 खंड शिक्षा अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल करते हुए नई जिम्मेदारियां निर्धारित की हैं। कुछ अधिकारियों को एक ब्लॉक से हटाकर दूसरे ब्लॉक भेजा गया है, जबकि कई के पास अतिरिक्त प्रभार भी बरकरार रखा गया है। कार्यक्षेत्र परिवर्तन के प्रस्ताव को जिलाधिकारी ने तीन सितंबर को मंजूरी दी थी। इसके बाद बीएसए की ओर से सोमवार को नई तैनाती का आदेश जारी किया गया। सभी संबंधित अधिकारियों को नवीन तैनाती स्थल पर पहुंचकर जिम्मेदारी संभालने के निर्देश दिए गए हैं। नई व्यवस्था के तहत शशांक शुक्ला को भुता से बिथरी चैनपुर भेजा गया है। शीशपाल अब फरीदपुर के स्थान पर दमखोदा का काम देखेंगे। विजय कुमार को भदपुरा और बिथरी चैनपुर के प्रभार से हटाकर नगर क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही उन्हें बीएसए मुख्यालय का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। सतीश कुमार वर्मा को आलमपुर जाफराबाद से हटाकर भदपुरा भेजा गया है। अवनीश कुमार को मीरगंज और बहेड़ी के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर बहेड़ी की जिम्मेदारी दी गई है। उनके पास शेरगढ़ का अतिरिक्त प्रभार रहेगा। जगदीश कुमार को दमखोदा से मीरगंज भेजा गया है। मुकेश कुमार भारती को शेरगढ़ से फरीदपुर स्थानांतरित करते हुए भुता का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। राजेश कुमार को रामनगर से नवाबगंज और सुनील कुमार शर्मा को मझगवां से भोजीपुरा भेजा गया है। विवेक शर्मा को भोजीपुरा व नवाबगंज के अतिरिक्त प्रभार से हटाकर आलमपुर जाफराबाद की जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें मझगवां का अतिरिक्त प्रभार भी मिला है। पूरन सिंह को क्यारा से रामनगर और तौसीफ अहमद को नगर क्षेत्र से क्यारा भेजा गया है। नई तैनाती के बाद विभागीय स्तर पर ब्लॉकों की निगरानी और प्रशासनिक कामकाज में बदलाव देखने को मिलेगा।

## अवैध देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**फतेहगंज पश्चिमी।** अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पुलिस ने एक युवक को 20 पव्वे देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, 6 सितंबर की रात उपनिरीक्षक पंकज कुमार राय टीम के साथ गश्त कर रहे थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने पुराने रास्ते पर घेराबंदी की। पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे युवक को कुछ दूरी पर पकड़ लिया गया। तलाशी में सफेद थैले से विंडिज मजेदार ब्रांड के 20 पव्वे देशी शराब और 40 रुपये नकद बरामद हुए। आरोपी ने अपना नाम पंकज कुमार (32), निवासी दलितपुर, थाना सीबीगंज बताया। शराब बिक्री का लाइसेंस न मिलने पर पुलिस ने आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की।

# रामगंगा ने छीन लिया आस्था का पुराना ठिकाना

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** मीरगंज तहसील क्षेत्र के कपूरपुर गांव में रामगंगा नदी का कटान लगातार विकराल होता जा रहा है। कई दिनों से नदी की धार की चपेट में आए वर्षों पुराने मंदिर का बचा हुआ हिस्सा मंगलवार रात पानी में समा गया। बुधवार सुबह जब ग्रामीण मंदिर की स्थिति देखने पहुंचे तो वहां सिर्फ नदी की तेज धारा नजर आई। मंदिर का कोई स्पष्ट अवशेष दिखाई नहीं दिया। घटना के बाद ग्रामीणों में मायूसी के साथ ही नदी के बढ़ते कटान को लेकर चिंता गहरा गई है।

कपूरपुर गांव के बाहरी हिस्से में रामगंगा किनारे स्थित यह मंदिर लंबे समय से ग्रामीणों की आस्था से जुड़ा था। गांव के लोग यहां नियमित रूप से पूजा-पाठ करने आते थे। बीते कई दिनों से नदी की धारा धीरे-धीरे मंदिर की ओर बढ़ रही थी। कटान बढ़ने के साथ मंदिर का अस्तित्व खतरे में आ गया था। ग्रामीणों और गांव के प्रशासक हरीश लोधी की ओर से मंदिर को बचाने की कोशिशें भी की गईं। प्रशासनिक स्तर पर भी स्थिति पर नजर रखी जा रही थी, लेकिन नदी की तेज धार के सामने बचाव के प्रयास टिक नहीं सके। कटान के चलते पहले मंदिर का चबूतरा और छोटे गुंबद के दो पिलर नदी में गिर गए थे। इसके बाद मंदिर के पूरी तरह ढहने की आशंका बनी हुई थी।मंगलवार रात कटान ने अचानक रफ्तार पकड़ ली। ग्रामीणों के अनुसार रात में किसी समय मंदिर का शेष हिस्सा भी भरभराकर नदी में गिर गया। सुबह पूजा और मंदिर की स्थिति देखने पहुंचे ग्रामीणों को वहां मंदिर दिखाई नहीं दिया। वर्षों से जिस जगह धार्मिक गतिविधियां होती थीं, वहां अब रामगंगा की धारा बह रही है। मंदिर के नदी में समाने की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। लोगों ने नदी के बढ़ते कटान को लेकर चिंता जताई। ग्रामीणों का कहना है कि यदि कटान की यही रफ्तार बनी रही तो नदी किनारे स्थित दूसरे स्थानों और जमीन को भी नुकसान पहुंच सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से नदी के कटान को रोकने के लिए प्रभावी इंतजाम किए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो रामगंगा की धारा आबादी की ओर बढ़ सकती है। मंदिर के नदी में समाने के बाद अब ग्रामीण नदी के किनारे होने वाले बदलाव पर लगातार नजर रख रहे हैं।

# पेट्रोल से लदा टैंकर खाई में पलटा, रिसाव से मचा हड़कंप

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** रामपुर रोड पर बुधवार दोपहर पेट्रोल से भरा टैंकर अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा पलटा। टैंकर के पलटने के बाद पेट्रोल का रिसाव शुरू हो गया। बड़ी मात्रा में पेट्रोल होने के कारण आग लगने की आशंका से मौके पर हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही सीबीगंज पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और एहतियातन रामपुर रोड पर दोनों ओर से वाहनों की आवाजाही रोक दी गई हादसा मथुरापुर में रेनॉल्ट कार कंपनी के सामने हुआ। बताया गया है कि पेट्रोल से लदा टैंकर रामपुर रोड से गुजर रहा था। इसी दौरान उसका एक पहिया सड़क के किनारे कच्चे हिस्से में उतर गया। भारी वाहन का संतुलन बिगड़ने के बाद चालक टैंकर को संभाल नहीं सका और वह सड़क किनारे गहरी खाई में पलट गया। टैंकर के पलटते ही उसमें से पेट्रोल बाहर निकलने लगा। आसपास मौजूद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने तत्काल मौके की घेराबंदी कर लोगों को दूर कर दिया। किसी तरह की चिंगारी से आग न भड़के, इसके लिए सड़क पर यातायात भी रोक दिया गया। आसपास के लोगों को भी घटनास्थल से दूर रहने की हिदायत दी गई। दमकल की टीम ने मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाल लिया। टैंकर से हो रहे पेट्रोल के रिसाव को देखते हुए उसे सीधे खड़ा करने और खाई से बाहर निकालने में विशेष सावधानी बरती गई । इसके लिए क्रेन की मदद ली गई । पुलिस और दमकल कर्मी लगातार स्थिति पर नजर रखे रहे। सीबीगंज पुलिस के अनुसार, टैंकर में काफी मात्रा में पेट्रोल था। फिलहाल प्राथमिकता टैंकर को सुरक्षित तरीके से हटाने और रिसाव से उत्पन्न खतरे को खत्म करने की है। इसके बाद ही रामपुर रोड पर यातायात सुचारु कराया गया।

# सौ फीटा तिराहा बनेगा 'शिव नाद चौक'

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** नाथ कॉरिडोर के विकास को गति देते हुए बरेली विकास प्राधिकरण ने सौ फीटा तिराहे को 'शिव नाद चौक' के रूप में विकसित करने की योजना बनाई है। आयुक्त और जिलाधिकारी के निर्देशन में प्रस्तावित योजना पर काम शुरू कर दिया गया है। चौराहे की केंद्रीय रोटरी पर त्रिशूल और डमरू की भव्य संयुक्त कलाकृति स्थापित की जाएगी, जो नाथ परंपरा और भगवान शिव के नाद को दर्शाएगी।

सौ फीटा तिराहा आदिनाथ चौक और त्रिलोकी चौक की ओर से आने वाले मार्गों का प्रमुख मिलन बिंदु है। यहां वाहनों का दबाव अधिक रहने से जाम की समस्या भी बनी रहती है। योजना के तहत यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने के साथ चौक और आसपास के क्षेत्र का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। आकर्षक लाइटिंग, हरित पट्टियां, मौसमी फूल और सजावटी पौधों से क्षेत्र को सजाया जाएगा। सैटेलाइट क्षेत्र से इज्जतनगर बैरियर चौकी तक मार्ग के चौड़ीकरण और यातायात सुधार का भी प्रस्ताव है। बीडीए ने इसका सर्वे और तकनीकी परीक्षण कराया है। चौक पर करीब 100 फीट लंबी विकास गाथा दीवार भी बनाई जाएगी। इसमें ग्रेटर बरेली, रामगंगा नगर, सप्त नाथ ईको सिटी, कैनाल फ्रंट और जटायु पार्क समेत प्रमुख परियोजनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा। बीडीए उपाध्यक्ष सौम्या पांडे ने कहा कि योजना का उद्देश्य यातायात सुविधा के साथ बरेली की धार्मिक-सांस्कृतिक पहचान को नई भव्यता देना है।

# जलभराव से हुए नुकसान का हो आकलन, प्रभावितों को मिले राहत

जागरण मोर्चा कार्यालय



▶ व्यापार सुरक्षा मंडल ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन, वार्डवार सर्वे और स्थायी जल निकासी की उठाई मांग

**बरेली।** भारी बारिश के बाद शहर में हुए जलभराव से आम लोगों और व्यापारियों को हुए नुकसान का आंकलन कराने की मांग तेज हो गई है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार सुरक्षा मंडल ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपकर प्रभावित परिवारों और व्यापारियों को नियमानुसार राहत दिलाने की मांग की।

मंडल अध्यक्ष गौरव सक्सेना एडवोकेट के नेतृत्व में पहुंचे पदाधिकारियों ने कहा कि बारिश और जलभराव से कई घरों के साथ दुकानों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को भी नुकसान हुआ है। ज्ञापन में प्रत्येक वार्ड में सर्वे कराकर प्रभावित स्थानों का मौके पर निरीक्षण कराने और नुकसान का विधिवत दस्तावेजीकरण कराने पर जोर दिया गया। गौरव सक्सेना ने बताया कि कई दुकानों में रखा माल, फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मशीनरी और कच्चा सामान पानी भरने से खराब हुआ है। ऐसे व्यापारियों और अन्य पात्र प्रभावित लोगों को आपदा राहत के निर्धारित मानकों के अनुसार सहायता उपलब्ध कराई जानी चाहिए। मंडल ने जलभराव वाले क्षेत्रों में तत्काल पानी निकासी के साथ सफाई अभियान चलाने, कीटाणुनाशक दवाओं का छिड़काव कराने और स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग भी की। पदाधिकारियों ने कहा कि पानी जमा रहने से संक्रमण और मच्छरजनित बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। ज्ञापन में बार-बार जलभराव की समस्या वाले इलाकों को अलग से चिह्नित कर स्थायी ड्रेनेज व्यवस्था विकसित करने की कार्ययोजना तैयार कराने की मांग की गई। साथ ही जल निकासी व्यवस्था से जुड़े विभागों की जिम्मेदारी तय कर नियमित निगरानी सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड विज्ञापन दर
में डिस्प्ले, क्लासीफाइड, शोक संदेश, बधाई संदेश , नोटिस एवं टेन्डर नोटिस के विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें।
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें:
7579849555, 9627739857
9997745413

# रामलीला मैदान में गूंजा श्रीकृष्ण जन्म का जयघोष

## मथुरा के कलाकारों ने जीवंत की भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की लीला, जयकारों से भक्तिमय हुआ माहौल

जागरण मोर्चा कार्यालय



कार्यक्रम में प्रस्तुति देते कलाकार। -जागरण मोर्चा



कारागार में जन्मे भगवान श्री कृष्णा। -जागरण मोर्चा



कढ़ी चावल का प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

**बिसौली।** बदायूं रोड स्थित रामलीला मैदान में चल रहे मेला श्रीकृष्ण जन्माष्टमी में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम है। मथुरा से आए कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की मनमोहक लीला का मंचन कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। लीला देखने के लिए नगर के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

कलाकारों ने अभिनय के माध्यम से कंस के अत्याचार, देवकी-वसुदेव के कारागार में बंद होने और भगवान श्रीकृष्ण के अवतार की कथा को जीवंत कर दिया। लीला में दिखाया गया कि देवकी की आठवीं संतान के हाथों कंस के वध की आकाशवाणी होने के बाद उसने देवकी और वसुदेव को कारागार में डाल दिया। कंस ने उनकी संतानों को एक-एक कर मार डाला। इसके बाद भाद्रपद मास की कृष्ण पक्ष अष्टमी की मध्यरात्रि में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ।

श्रीकृष्ण जन्म का दृश्य मंचित होते ही रामलीला मैदान 'नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप के दर्शन कर श्रद्धाभाव से नमन किया। आकर्षक मंच सज्जा, कलाकारों की वेशभूषा, संवाद और अभिनय ने दर्शकों का मन मोह लिया।

**भक्ति और संस्कृति का दिखा संगम :** मेला श्रीकृष्ण जन्माष्टमी में आयोजित धार्मिक लीलाएं क्षेत्र की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत कर रही हैं। देर रात तक मैदान में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। लीला के माध्यम से कलाकारों ने अधर्म पर धर्म और अन्याय पर न्याय की विजय का संदेश भी दिया। इस अवसर पर अभय वर्मा, चंद्रपाल गुप्ता, राजीव रस्तोगी, चंद्रपाल शर्मा, सोनदीप मौर्य, अखिलेश मिश्रा, जीतू मौर्य समेत मेला कमेटी के पदाधिकारी, सदस्य और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कमेटी की ओर से कार्यक्रम के दौरान व्यवस्थाएं सुचारु बनाए रखी गईं।

### लिंगेश्वर नाथ महादेव मंदिर में गूंजे जय कन्हैया लाल के जयकारे, कढ़ी-चावल, सब्जी-पूरी का भोग लगाकर भक्तों में बांटा प्रसाद

**बदायूं।** मढ़ई चौक स्थित चाहमीर मोहल्ले के लिंगेश्वर नाथ महादेव दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में बुधवार को भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप लड्डू गोपाल का छठी उत्सव पर्व श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान मंदिर में धार्मिक आयोजन हुए और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर लड्डू गोपाल के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। मंदिर के पुजारी धनीराम मिश्रा ने विधि-विधान से लड्डू गोपाल की आरती उतारी। इसके बाद कढ़ी-चावल, सब्जी और पूरी का भोग लगाया गया। पूजा-अर्चना के उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर परिसर में दिनभर भक्तिमय वातावरण बना रहा। उत्सव के दौरान श्रद्धालुओं ने 'हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की' और 'बाल गोपाल लड्डू गोपाल की जय' के जयकारे लगाए। जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा और श्रद्धालु भक्ति में सराबोर नजर आए। प्रसाद वितरण की व्यवस्था स्वप्निल रस्तोगी, रवि रस्तोगी, जयंत रस्तोगी, बिल्लू रस्तोगी और अनिल वर्मा ने संभाली। आयोजन में राजकुमार सिंह सेंगर, प्रियांशु मिश्रा, राजकुमार मौर्य, रितेश रस्तोगी, तुषार रस्तोगी, गोपाल पांडे, वैभव सक्सेना, रिया सक्सेना, शिवम, कुशाग्र, राघव पांडेय समेत तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

## संक्षेप समाचार

### सरोज ने लिया मरणोपरांत देहदान का संकल्प
### राजकीय मेडिकल कॉलेज में कराया पंजीकरण



देहदान का संकल्प लेती सरोज। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** समाजसेवा और मानव कल्याण की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए बाबा कॉलोनी निवासी 33 वर्षीय सरोज पत्नी गौरव सिंह ने मृत्यु के बाद देहदान करने का संकल्प लिया। उन्होंने बुधवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज, बदायूं के एनाटमी विभाग पहुंचकर देहदान के लिए अपना पंजीकरण कराया और संकल्प पत्र भरा। एनाटमी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मुक्तिाज हुसैन एवं लैब टेक्नीशियन/बॉडी इंजेक्टर प्रमोद कुमार ने उनका पंजीकरण कराया। इस दौरान उन्हें देहदान की प्रक्रिया और इसके महत्व के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। विभागाध्यक्ष डॉ. मुक्तिाज हुसैन ने सरोज को देहदान संकल्प का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और उनके इस निर्णय की सराहना की। सरोज ने बताया कि उन्होंने स्वयं की प्रेरणा से मृत्यु उपरांत अपनी देह चिकित्सा शिक्षा और शोध के लिए दान करने का निर्णय लिया है। उनके इस निर्णय को राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. शिव कुमार और उप-प्रधानाचार्या डॉ. नेहा सिंह ने उत्कृष्ट एवं प्रेरणादायक कार्य बताते हुए प्रशंसा की। इस अवसर पर एनाटमी विभाग के डॉ. ऋषभ सिंह, डॉ. अर्जित आर्य, डॉ. इतिशा चौधरी, सत्वीर सिंह, टिंकू कश्यप, रूबी गुप्ता, राकेश पाल, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

### घर में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ का आरोप, कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**बदायूं।** थाना बिल्सी क्षेत्र में घर में घुसकर महिला और उसके परिजनों के साथ मारपीट, गाली-गलौज और घर का सामान तोड़ने के मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता शिल्पा पत्नी विष्णु निवासी मोहल्ला नंबर-01, जय अम्बे मेडिकल स्टोर के निकट, कस्बा व थाना बिल्सी ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि 18 जून 2025 की रात करीब 12 बजे उसके पड़ोसी भुवनेश ने आवाज देकर उसे बाहर बुलाया। गेट खोलने पर भुवनेश के साथ आकाश, विकास, गोविंद, संतोष कुमारी, तनु और प्रेमवती कथित रूप से उसके घर में घुस आए। आरोप है कि घर में घुसते ही आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर महिला और उसके परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की गई तथा घर का सामान तोड़ दिया गया। प्रार्थिनी ने यह भी आरोप लगाया कि उसके कमजोर पिता और मंदबुद्धि माता के साथ भी मारपीट की गई। शोर सुनकर वंटू पुत्र मुन्नालाल, पप्पू पुत्र छोले सहित मोहल्ले के कई लोग मौके पर पहुंचे और परिवार को बचाया। आरोप है कि आरोपी घर में रखा संदूक और गमले आदि सामान भी उठा ले गए तथा भविष्य में जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। प्रार्थिनी के अनुसार घटना के बाद वह उसी दिन थाने पहुंची, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने 4 जुलाई 2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूं को प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन कार्रवाई न होने पर न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश के बाद थाना बिल्सी पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा आरोपों की जांच और संबंधित साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### बिजली के पोल से टकराई बाइक, युवक की मौत

**बदायूं।** बिल्सी से बाइक से घर लौट रहे युवक की बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से जा टकराई। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद उसका शव रातभर सड़क किनारे पड़ा रहा, लेकिन किसी राहगीर की नजर उस पर नहीं पड़ी। रातभर घर नहीं पहुंचने पर परिजन ग्रामीणों के साथ उसकी तलाश में निकले तो सड़क किनारे शव पड़ा होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचकर परिजनों ने शव की पहचान की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिल्सी थाना क्षेत्र के गांव बरनी ढकपुरा निवासी रजनेश (26) पुत्र ओमपाल मंगलवार रात बिल्सी से बाइक से घर लौट रहा था। रास्ते में उसकी बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रजनेश की मौत हो गई। हादसे के बाद उसका शव सड़क किनारे पड़ा रहा। रातभर रजनेश के घर नहीं पहुंचने पर परिजनों को चिंता हुई। इसके बाद परिजन ग्रामीणों के साथ उसकी तलाश में निकल पड़े। इसी दौरान उन्हें सड़क किनारे शव पड़े होने की जानकारी मिली। परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान रजनेश के रूप में की। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। जानकारी मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस हादसे की जांच कर रही है। युवक की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों के मुताबिक, रजनेश तीन भाई-बहनों में सबसे छोटा था। उसकी पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी थी। माता-पिता का भी निधन हो चुका है। रजनेश की मौत के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

### मेड़ विवाद में युवक को पीटा, तीन पर मुकदमा

**बदायूं।** थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव यूसुफनगर में खेत की मेड़ काटकर दूसरे खेत में मिलाने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के बाद तीन लोगों ने युवक को उसके घर के सामने घेर लिया और उसके साथ मारपीट कर दी। घटना में युवक घायल हो गया। पीड़ित ने आरोपियों पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। गांव यूसुफनगर निवासी मनोज कुमार पुत्र स्वर्गीय विजयपाल सिंह ने थाना कुंवरगांव पुलिस को दी तहरीर में बताया कि तीन सितंबर 2026 को वह अपने खेत पर गया था। वहां उसने देखा कि उसके पड़ोसी खेत मालिक शिवकुमार पुत्र स्वर्गीय नेत्रपाल सिंह ने उसके खेत की मेड़ काटकर अपने खेत में मिला ली थी। इस बात को लेकर कहासुनी हुई। आरोप है कि शिवकुमार और उसके पुत्र आकाश व पंकज ने उसके साथ गाली-गलौज की।

# सहारनपुर मस्जिद प्रकरण के विरोध में कांग्रेसियों का प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय




ज्ञापन देते कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव व अन्य। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** सहारनपुर कलेक्ट्रेट परिसर में पुरानी मस्जिद को ध्वस्त किए जाने और सहारनपुर जा रहे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की गिरफ्तारी के विरोध में मंगलवार को कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष अजीत यादव के नेतृत्व में कांग्रेसी जिलाधिकारी कार्यालय की ओर जाने के लिए निकले, लेकिन पुलिस ने नेकपुर स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय के बाहर ही उन्हें रोक दिया। इसके बाद मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार ने कांग्रेसियों से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन लिया।

कांग्रेसियों ने ज्ञापन के माध्यम से सहारनपुर कलेक्ट्रेट परिसर में पुरानी मस्जिद को उसी स्थान पर दोबारा बनाए जाने, मस्जिद ध्वस्त करने के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय समेत अन्य कांग्रेस नेताओं को पीड़ितों से मिलने के लिए सहारनपुर जाने की अनुमति देने और प्रदेश में सांप्रदायिक राजनीति पर रोक लगाने की मांग की।

इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने आरोप लगाया कि सहारनपुर में मस्जिद को ध्वस्त करना केवल एक धार्मिक स्थल को गिराना नहीं, बल्कि संविधान पर प्रहार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को मिली जानकारी के अनुसार कलेक्ट्रेट परिसर की मस्जिद वर्ष 1911 से अस्तित्व में थी और राजस्व अभिलेखों में इसका स्वामित्व वाहिद खान और याकूब खान के नाम दर्ज बताया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के उद्देश्य से कार्रवाई की है।

जिला उपाध्यक्ष बफाती मियां, दीपक मिश्रा और जिला प्रवक्ता प्रदीप सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा आगामी विधानसभा चुनाव से पहले हिंदू-मुस्लिम विवाद को हवा देने का प्रयास कर रही है। जिला महासचिव आलोक सिंह, जिला सचिव राजीव पटेल और अहमद अमजदी ने कार्रवाई की निंदा करते हुए इसे संविधान के लिए काला दिन बताया।

विधि विभाग के जिलाध्यक्ष सूरज पाल सोलंकी, उपाध्यक्ष गोपाल पांडेय और एससी विभाग के पूर्व जिलाध्यक्ष मुनेंद्र कन्नौजिया ने भी कार्रवाई पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यदि मामला न्यायिक प्रक्रिया में था तो ऊपरी अदालत की कानूनी प्रक्रिया पूरी होने का इंतजार क्यों नहीं किया गया।

प्रदर्शन में प्रदीप सिंह, दीपक मिश्रा, बफाती मियां, अहमद अमजदी, सूरज पाल सोलंकी, मुनेंद्र कन्नौजिया, मोरध्वज लोधी, राजीव पटेल, गोपाल पांडेय, इकरार अली, बन्ने खान, अकरम हंसी, नवनीत यादव, सुरेंद्र सिंह, सुभाष जाटव और भूपेंद्र सिंह समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

# बंदरों के हमले से बचने में छत से गिरा युवक, मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय



फ़ाइल फ़ोटो सर्वजीत।

**बदायूं।** जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव कुंदावली में बंदरों के हमले से बचने के प्रयास में छत से गिरे युवक की मंगलवार रात मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गांव कुंदावली निवासी सर्वजीत (42) सोमवार रात अपने घर की छत पर सो रहा था। इसी दौरान बंदरों का झुंड छत पर पहुंच गया और उस पर हमला कर दिया। बंदरों से बचने के लिए सर्वजीत छत पर भागने लगा। इसी दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह छत से नीचे जा गिरा। हादसे में उसे गंभीर चोटें आईं।

सर्वजीत की चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में उसे चंदौसी के एक निजी अस्पताल ले गए। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। आर्थिक और अन्य परिस्थितियों के चलते परिजन उसे घर ले आए और निजी चिकित्सक से उपचार शुरू कराया। इसी बीच मंगलवार रात सर्वजीत ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जेल में बंद आरोपियों पर जल्द दाखिल हो चार्जशीट

जागरण मोर्चा कार्यालय



एसएसपी अंकिता शर्मा को शिकायती पत्र देते बार एसोसिएशन के अधिवक्ता।

**बदायूं।** जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने बुधवार को एसएसपी अंकिता शर्मा को प्रार्थना पत्र सौंपकर विभिन्न मुकदमों में जेल में बंद आरोपियों के खिलाफ लंबित विवेचना पूरी कर जल्द आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल करने की मांग की। अधिवक्ताओं ने कहा कि आरोपियों के जेल में निरुद्ध होने के बाद भी यदि विवेचना लंबित रहती है तो पीड़ितों को न्याय मिलने में अनावश्यक देरी होती है।

अधिवक्ताओं के मुताबिक कोतवाली सदर क्षेत्र से जुड़े मुकदमा अपराध संख्या 165/2025, 167/2025 और 170/2025 में नामजद अन्य सह-अभियुक्तों के खिलाफ पुलिस पहले ही आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर चुकी है। वहीं शशिकांत मौर्य और सूर्यकांत मौर्य की गिरफ्तारी नहीं होने के कारण उनके संबंध में कार्रवाई लंबित थी।

अधिवक्ताओं ने बताया कि दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के संबंध में उच्च न्यायालय से स्टे आदेश न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किए जाने तक प्रभावी था। वर्तमान में दोनों आरोपियों को एक अन्य मुकदमा में पुलिस ने चालान कर आठ सितंबर को जिला कारागार भेज दिया है।

प्रार्थना पत्र में कहा गया कि संबंधित मामलों में विवेचना की अधिकांश प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी हैं। ऐसे में अब आरोपी जेल में हैं तो लंबित मामलों, जिनमें मुकदमा भी शामिल है,जिसकी विवेचना शीघ्र पूरी कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया जाना न्यायहित में आवश्यक है। इससे मुकदमों की सुनवाई आगे बढ़ सकेगी और पीड़ितों को त्वरित न्याय मिलने का रास्ता साफ होगा। एसएसपी को प्रार्थना पत्र सौंपने वालों में वरिष्ठ अधिवक्ता अरविन्द पाल सिंह परमार, रोहित कुमार सक्सेना के अलावा जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारी और कई पीड़ित अधिवक्ता शामिल रहे।

# आशीष शर्मा बने ब्राह्मण महासभा के जिला मंत्री

- प्रदेश अध्यक्ष बोले- ब्राह्मण समाज को एकजुट कर निर्णायक भूमिका के लिए तैयार करना उद्देश्य

जागरण मोर्चा कार्यालय



नव नियुक्त पदाधिकारी का स्वागत करते पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**बिसौली।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय ने ग्राम भटपुरा निवासी आशीष शर्मा को जिला मंत्री मनोनीत किया। उनके मनोनयन पर महासभा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर खुशी जताई तथा नवनियुक्त जिला मंत्री का स्वागत किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल पाठक ने कहा कि वर्ष 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में ब्राह्मण समाज की प्रभावी और निर्णायक भूमिका सुनिश्चित करने के लिए समाज को एकजुट करना महासभा का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ब्राह्मण समाज की आबादी और मतदाता संख्या महत्वपूर्ण है। आगामी चुनाव में समाज उसी राजनीतिक दल या प्रत्याशी का समर्थन करेगा, जो ब्राह्मण समाज के हितों की रक्षा और उसके विकास की बात करेगा।

उन्होंने नवनियुक्त जिला मंत्री आशीष शर्मा से संगठन को मजबूत करने और अधिक से अधिक लोगों को महासभा से जोड़ने का आह्वान किया। इस दौरान प्रदेश महामंत्री नाथूलाल मिश्रा, हरिओम पाराशरी, सुधाकर शर्मा, आकाश मिश्रा, लखन शर्मा, नगर पालिका सभासद दीपक पाठक, उपेंद्र शर्मा सहित क्षेत्र के अनेक ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद रहे।

**समारोह** — नीट में शानदार प्रदर्शन कर ऑटोनोमस स्टेट मेडिकल कॉलेज अमेठी में मिला प्रवेश, अहमद हसन इंटर कॉलेज में हुआ भव्य सम्मान

# उसहैत की स्वालेहा हसन ने एमबीबीएस में चयन पाकर बढ़ाया बदायूं का मान

जागरण मोर्चा कार्यालय



उसहैत की स्वालेहा हसन स्कूल में स्वागत करते लोग। -जागरण मोर्चा

**उसहैत।** कस्बा उसहैत की बेटी स्वालेहा हसन ने एमबीबीएस पाठ्यक्रम में चयनित होकर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे जनपद बदायूं का मान बढ़ाया है। स्वालेहा हसन ने नीट में शानदार प्रदर्शन करते हुए 27184 रैंक हासिल की है। उनका चयन ऑटोनोमस स्टेट मेडिकल कॉलेज, अमेठी में एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए हुआ है। उनकी सफलता की खबर मिलते ही परिवार और कस्बे में खुशी का माहौल है।

स्वालेहा हसन अहमद हसन इंटर कॉलेज, उसहैत की पूर्व छात्रा रही हैं। वह नगर चेयरमैन नवाब हसन की भतीजी हैं। एमबीबीएस में चयन होने पर विद्यालय के प्रबंधक डॉ. काविश और विद्यालय प्रशासन की ओर से उनका फूल-मालाओं से स्वागत कर मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि की खुशी में अहमद हसन इंटर कॉलेज में भव्य सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया।

समारोह में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने स्वालेहा हसन को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान विद्यालय परिवार ने कहा कि स्वालेहा ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर यह उपलब्धि हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।

स्वालेहा हसन ने बताया कि उन्होंने अहमद हसन इंटर कॉलेज से इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद उन्होंने नीट की तैयारी शुरू की और निरंतर मेहनत व लगन के बल पर यह सफलता हासिल की। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता डॉ. तसब्बर हुसैन और मां शहनाज हुसैन के सहयोग के साथ ही अहमद हसन इंटर कॉलेज के शिक्षक-शिक्षिकाओं को दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों से मिले मार्गदर्शन ने उन्हें लक्ष्य हासिल करने में काफी मदद की।

स्वालेहा की सफलता पर परिवार, विद्यालय प्रशासन, शिक्षकों और कस्बे के लोगों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी। उनके एमबीबीएस में चयन को क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक उपलब्धि माना जा रहा है।

# जलभराव के स्थायी समाधान की मांग को कांग्रेस का धरना

जागरण मोर्चा कार्यालय



धरना प्रदर्शन करते कांग्रेस के लोग। -जागरण मोर्चा

**सहसवान।** नगर में लंबे समय से बनी जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान की मांग को लेकर बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने धरना-प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस कॉर्डिनेटर एवं पूर्व जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी अजहर अली और जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव मोरपाल प्रजापति के संयुक्त नेतृत्व में प्रदर्शन के बाद जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सुरेंद्र सिंह को सौंपा गया।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा कि सैफुल्लागंज, नवादा, गोपालगंज, शहवाजपुर, मुहीउद्दीनपुर और प्रमोद की फील्ड समेत कई इलाकों में जलभराव के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। सड़कों पर पानी भरने और गड्ढे छिप जाने से छोटे बच्चों का स्कूल जाना भी जोखिम भरा हो गया है।

एआईसीसी सदस्य एवं निवर्तमान प्रदेश सचिव जितेंद्र कश्यप ने कहा कि जलभराव के कारण गंभीर मरीजों को अस्पताल ले जाने वाली एंबुलेंस तक फंस जाती हैं। जिला महासचिव मोरपाल प्रजापति ने कहा कि गहरे गड्ढों और पानी के कारण आए दिन दोपहिया वाहन व ई-रिक्शा पलट रहे हैं, जिससे महिलाएं और बच्चे चोटिल हो रहे हैं।

पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रत्याशी अजहर अली ने आरोप लगाया कि समस्या लेकर नगर पालिका या अन्य विभागों में पहुंचने पर जल निगम, पीडब्ल्यूडी और नगर पालिका एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालते हैं। सेवादल यंग ब्रिगेड के प्रदेश उपाध्यक्ष शफी अहमद ने चेतावनी दी कि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो कांग्रेस सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी।

ज्ञापन में जलभराव वाले स्थानों का तत्काल स्थलीय निरीक्षण कराने, नगर पालिका, जल निगम और पीडब्ल्यूडी की संयुक्त टीम से जांच कराने, स्थायी जलनिकासी और नए नालों का निर्माण कराने की मांग की गई। डारलिंग रोड और एलआईसी कार्यालय के पास समेत दुर्घटना संभावित स्थानों को सुरक्षित कराने तथा प्रभावित क्षेत्रों में सफाई और कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराने की भी मांग रखी गई। इस दौरान अरबाज रजी, फरहान हुसैन उर्फ लाल मियां, वीरेश तोमर, इगलास हुसैन, राजू अहमद, राजेश, महानंद पाल, संजीव, सालिम खान, ओमेंद्र, कासिम, सरवर, काशिफ और तैयान खान समेत कांग्रेस कार्यकर्ता व स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। संचालन जिला महासचिव इगलास हुसैन ने किया।

## एक नजर

### 12 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत, तैयारियों को लेकर बैठक

**बदायूं।** 12 सितंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर बुधवार को अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित कराने पर जोर दिया गया। बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी राजवीर सिंह और प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अंकित रस्तोगी ने प्रशासनिक, राजस्व, चकबंदी, पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। अधिकारियों से कहा गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार कर जनसामान्य को इसकी जानकारी दें और अधिकाधिक प्री-लिटीगेशन मामलों को चिन्हित कर निस्तारण का प्रयास करें। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 सितंबर को सुबह 10 बजे से जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में किया जाएगा।

# विद्यार्थियों के चिंतन, चरित्र-आचरण को पावन बनाती हैं कला और संस्कृति : डीआईओएस

## जनपदीय कला उत्सव में छात्र-छात्राओं ने दी शानदार प्रस्तुतियां, विजेताओं को किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय




कुंवर रुकुम सिंह इंटर कालेज में आयोजित जनपदीय कला उत्सव में डीआईओएस लालजी यादव, प्रधानाचार्य राजेश कुमार, जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा व विजेता बच्चे।

**बदायूं।** कुंवर रुकुम सिंह वैदिक इंटर कॉलेज नगला पूर्वी में जनपदीय कला उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों से पहुंचे छात्र-छात्राओं ने संगीत, गायन, वादन, नाटक, समूह नृत्य, दृश्य कला और चित्रकला समेत विभिन्न विधाओं में प्रतिभा का प्रदर्शन कर खूब तालियां बटोरीं। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक लालजी यादव ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि कला और संस्कृति विद्यार्थियों के चिंतन, चरित्र एवं आचरण को पावन बनाने की आधारशिला हैं। इनके माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और सृजनात्मक सोच विकसित होती है। प्रधानाचार्य रजनीश कुमार ने कहा कि बच्चे देश की महाशक्ति हैं। उन्हें अपनी योग्यता और क्षमताओं को निरंतर विकसित करते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। विशिष्ट अतिथि स्काउट के जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि बच्चों में अद्भुत प्रतिभाएं और क्षमताएं होती हैं। यही सामर्थ्य उन्हें भविष्य में देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सक्षम बनाती है। उन्होंने कहा कि हमारी सभ्यता, संस्कृति और संस्कार बच्चों को सदैव सन्मार्ग दिखाने का कार्य करते हैं।

कार्यक्रम नोडल अधिकारी आशुतोष की देखरेख में विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई गईं। डॉ. सविता चौहान और सीमा चौहान ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कला उत्सव की विभिन्न विधाओं में केदारनाथ महिला इंटर कॉलेज ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सभी विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पार्वती आर्य कन्या इंटर कॉलेज, श्रीकृष्ण इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज समेत अन्य विद्यालयों के विजेता विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

इस दौरान शिक्षक उमेश सिंह राठौर, मेघ सिंह, डालचंद, प्रमोद कुमार, ललित कुमार सिंह, दिवाकर, अनिल कुमार गुलाटी, मोहित कुमार, अनिल कुमार और हृदयेश भारद्वाज आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रामेश्वर दत्त मिश्र ने किया।

## संक्षेप समाचार

### अधिवक्ता मंगद सिंह यादव को मिली बड़ी जिम्मेदारी



मंगद सिंह यादव। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** दातागंज क्षेत्र के रमपुरा खुर्द निवासी अधिवक्ता मंगद सिंह यादव को समाजवादी अधिवक्ता सभा का प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया है। समाजवादी अधिवक्ता सभा के प्रदेश अध्यक्ष सिकंदर यादव ने यह मनोनयन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश, सांसद धर्मेंद्र यादव की अनुमति और प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की सहमति से किया। प्रदेश सचिव बनाए जाने की सूचना पर जिले के समाजवादी कार्यकर्ताओं और अधिवक्ताओं में हर्ष जताया। उन्होंने मंगद सिंह यादव को बधाई देते हुए कहा कि उनके मनोनयन से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। कार्यकर्ताओं ने उम्मीद जताई कि वह अधिवक्ताओं की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने के साथ ही समाजवादी अधिवक्ता सभा को प्रदेश स्तर पर और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने में योगदान देंगे।

### मारपीट में युवक घायल, चार लोगों पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**इस्लामनगर।** थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव पतीसा निवासी रामकिशन पुत्र नेकसे ने थाने में तहरीर देकर गांव के ही लोगों पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार 26 अगस्त 2026 की शाम करीब 5:30 बजे पप्पू पुत्र हमवीर और रामनिवास पुत्र जयपाल के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो रहा था। रामकिशन दोनों के बीच बचाव करने पहुंचा। आरोप है कि इसी दौरान रामनिवास, राजकुमार पुत्रगण जयपाल तथा जयपाल और सत्यपाल पुत्रगण बांके ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। मारपीट में रामकिशन के शरीर पर कई जगह चोटें आई तथा दाहिने हाथ में गंभीर चोट लगने की बात कही गई है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपी दबंग प्रवृत्ति के हैं और उसे जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं। रामकिशन ने बताया कि वह घटना के बाद उपचार करा रहा था। इसके बाद 8 सितंबर को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी और आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बाइक रोककर युवक से मारपीट, लाठी-डंडों से पीटा

**इस्लामनगर।** कस्बा टंकी निवासी हरिश्चंद्र पुत्र गणेशीलाल ने थाना इस्लामनगर पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ले के चार युवकों पर रास्ता रोककर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार 8 सितंबर की सुबह करीब 9:30 बजे वह मोटरसाइकिल से गली से निकल रहा था। आरोप है कि ललतेश व राजीव पुत्र छत्रपाल तथा अभिषेक व छोटू पुत्र अरविंद ने दबंगई दिखाते हुए उसका रास्ता रोक लिया। विरोध करने पर आरोपितों ने कथित रूप से गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों और लाठी-डंडों से उसकी पिटाई कर दी। मारपीट में हरिश्चंद्र के सिर में चोट लगने की बात तहरीर में कही गई है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। इसके बाद वह थाने पहुंचा और पुलिस से आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मारपीट के आरोप में चार पर मुकदमा दर्ज

**बदायूं।** मुजरिया थाना क्षेत्र के नगला भिंड गांव में महिला से मारपीट के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता जयन्ती पत्नी छविलाल ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि 30 अगस्त की शाम पड़ोसियों ने गाली-गलौज कर लाठी-डंडों से उसके साथ मारपीट की, जिससे वह घायल हो गई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने नेमसिंह, देवेन्द्र, कार्तो और अनीता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

**आसफपुर।** दूंदपुर बाजार से बाइक से अपने घर लौट रहे बाइक सवार को देर शाम अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आसफपुर पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर परिजन उसे बेहतर उपचार के लिए चंदौसी के निजी अस्पताल ले गए। फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के ग्राम श्यामपुर निवासी राजेश (40) पुत्र झम्मन मंगलवार देर शाम बाइक संख्या यूपी 24 यू 5594 से दूंदपुर बाजार से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से राजेश सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद वहां से गुजर रहे एक राहगीर ने चौकी पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आसफपुर ले गई। चिकित्सकों ने उनका उपचार शुरू किया। राजेश को गंभीर चोटें आने के कारण परिजन बेहतर इलाज के लिए उन्हें चंदौसी के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उनका उपचार कराया जा रहा है। पुलिस हादसे में शामिल अज्ञात वाहन के बारे में जानकारी जुटा रही है।

### 25 सितंबर तक मिलेगा मुफ्त खाद्यान्न, अंत्योदय कार्डधारकों को चीनी भी

**बदायूं।** जिले में अंत्योदय और पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को सितंबर माह का खाद्यान्न 25 सितंबर तक वितरित किया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत उचितदर दुकानों से गेहूं, चावल के साथ उपलब्धता के अनुसार बाजरा और मक्का का भी निशुल्क वितरण किया जाएगा। अंत्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 21 किलोग्राम गेहूं, 9 किलोग्राम चावल, चार किलोग्राम बाजरा और एक किलोग्राम मक्का उपलब्ध कराया जाएगा। इस तरह उपलब्धता के अनुसार कुल 35 किलोग्राम खाद्यान्न निशुल्क मिलेगा। जिन दुकानों पर बाजरा और मक्का का अवशेष स्टॉक उपलब्ध है, वहां पहले इन्हीं मोटे अनाज का वितरण किया जाएगा।

# संगठन विस्तार को राष्ट्रीय हनुमान दल ने दी गति, 21 पदाधिकारियों की नियुक्ति

जागरण मोर्चा कार्यालय



नवनियुक्त पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** राष्ट्रीय हनुमान दल के जिलाध्यक्ष ठाकुर दिनेश सिंह ने संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर नई नियुक्तियां की हैं। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र प्रदान कर बधाई दी और संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

नियुक्त किए गए पदाधिकारियों में रोहिताश पाल को जिला संरक्षक, हिमांशु कुमार को जिला सोशल मीडिया प्रभारी, धर्मपाल को विधानसभा मंत्री दातागंज, लालाराम को तहसील मंत्री बदायूं, भगवान दास को विधानसभा महामंत्री शेखूपुर, अनिल पाल को विधानसभा प्रचारक बदायूं, अंश प्रताप सिंह को ब्लॉक उपाध्यक्ष म्याऊं और रामगोपाल को ब्लॉक उपाध्यक्ष दातागंज बनाया गया है।

इसी क्रम में दुर्गपाल को ब्लॉक अध्यक्ष बिसौली, सुरजीत को तहसील उपाध्यक्ष बिसौली, रामा शंकर को तहसील मंत्री बिसौली, संजीव पाल को विधानसभा अध्यक्ष बिसौली, राजेंद्र पाल को विधानसभा उपाध्यक्ष दातागंज, दयाराम को नगर महामंत्री दातागंज, पप्पू को नगर अध्यक्ष अलापुर, राम सेवक को तहसील मंत्री, शिव कुमार को सह प्रचार मंत्री ब्लॉक जगत, अखिलेश को ब्लॉक प्रचारक जगत, विशनू पाल को विधानसभा मंत्री शेखूपुर, राहुल को ब्लॉक उपाध्यक्ष जगत और अजय पाल को नगर मंत्री बदायूं नियुक्त किया गया है।

जिलाध्यक्ष ठाकुर दिनेश सिंह ने कहा कि नवनियुक्त पदाधिकारी संगठन की विचारधारा एवं उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ समाज सेवा, धर्म रक्षा और राष्ट्रहित के कार्यों में पूरी निष्ठा व समर्पण से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट संजीव कुमार सक्सेना, जिला उपाध्यक्ष प्रशांत सिंह, जिला महामंत्री श्रीओम शर्मा, जिला महामंत्री एडवोकेट सार्थक चित्रांश, जिला संयोजक अवनेश पाल मिस्त्री, शेखूपुर विधानसभा अध्यक्ष रामदास मौर्य, ब्लॉक प्रचारक जगत अखिलेश राजपूत, ब्लॉक उपाध्यक्ष शेखूपुर उदयवीर शाक्य, जिला मंत्री वेदराम पाल और युवा मोर्चा जिला मंत्री कुनाल ठाकुर समेत अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मारपीट व धमकी के आरोप में न्यायालय पहुंची महिला, एफआईआर दर्ज कराने की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** थाना बिल्सी क्षेत्र के ग्राम अगौल निवासी मेनाज बी ने कथित मारपीट, गाली-गलौज, चेन छीनने, कपड़े फाड़ने और धमकी देने के मामले में न्यायालय की शरण ली है। महिला ने एसीजेएम द्वितीय न्यायालय, बदायूं में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है।

प्रार्थना पत्र के अनुसार, 6 जुलाई 2026 को सलमान पुत्र नत्थू, आलमि पुत्र नत्थू और हदीसन पत्नी आकिल समेत अन्य लोग उसके घर पहुंचे। आरोप है कि वहां गाली-गलौज करते हुए महिला और उसके परिजनों के साथ मारपीट की गई। शिकायतकर्ता का आरोप है कि आरोपियों ने उसकी भाभी रेशमा के बाल पकड़कर जमीन पर गिरा दिया और उसके गले से चेन छीन ली। वहीं आलमि पर शिकायतकर्ता के कपड़े फाड़ने और उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया गया है।

शोर सुनकर परिवार और मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर महिला को बचाया। आरोप है कि जाते समय आरोपियों ने भविष्य में मौका मिलने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी।

महिला के मुताबिक मामले को लेकर 7 जुलाई को पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया गया था। अगले दिन दोनों पक्षों को बुलाकर समझौते का प्रयास किया गया, लेकिन मामला नहीं सुलझा। इसके बाद 27 जुलाई को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बदायूं को भी रजिस्टर्ड प्रार्थना पत्र दिया गया, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर महिला ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

# पुलिस मुठभेड़ में गोकशी का वांछित आरोपी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय



मुठभेड़ के बाद आरोपी को लाती पुलिस। -जागरण मोर्चा

**अलापुर।** थाना अलापुर पुलिस ने गोकशी के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में आरोपी और एक पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से तमंचा, कारतूस और गोकशी के उपकरण बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार मंगलवार को मुखबिर से सूचना मिली कि गोकशी के मुकदमे में वांछित आरोपी तनहीर पुत्र आशिक अली निवासी ग्राम गौरामई, थाना अलापुर, ककराला-उसहैत रोड पर भट्ठे से करीब 250 मीटर आगे किसी अन्य घटना को अंजाम देने की फिराक में खड़ा है। सूचना पर थाना अलापुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस का दावा है कि खुद को घिरा देखकर आरोपी ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से तीन राउंड फायरिंग की। इस दौरान हेड कांस्टेबल शिववीर के दाहिने हाथ में गोली लग गई।

पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की, जिसमें आरोपी तनहीर दोनों पैरों में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। घायल आरोपी और पुलिसकर्मी को उपचार के लिए जिला अस्पताल बदायूं में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के मुताबिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि सात सितंबर की रात उसने अपने साथी जुम्मन और अपने भाई के साथ ग्राम गौरामई के जंगल में घूम रहे गोवंशीय बछड़े को पकड़कर गोकशी की घटना को अंजाम दिया था। आरोपी थाना अलापुर में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 191/2026, धारा 3/5/8 सीएस एक्ट में वांछित था।

# भूमि कब्जा मुक्त न होने से सदमे में चल रहे बुजुर्ग किसान की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय



मृतक का फाइल फोटो।

**उसहैत।** थाना क्षेत्र के सिठौली खाम के मजरा रैपुरा निवासी बुजुर्ग किसान कडडी की मंगलवार सुबह हार्ट अटैक से मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि उनकी 69 बीघा भूमि पर दबंगों द्वारा दोबारा कब्जा किए जाने के बाद से वह लंबे समय से सदमे में चल रहे थे। भूमि को कब्जा मुक्त कराने के लिए उनका इकलौता बेटा राममूर्ति शाक्य लगातार अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर काटता रहा, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका।

मंगलवार सुबह अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें कस्बा उसहैत के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। गमगीन माहौल में भुंडी गंगा घाट पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

राममूर्ति शाक्य ने बताया कि उनके पिता कडडी के नाम करीब 69 बीघा भूमि थी। पिछले वर्ष राजस्व विभाग ने कार्रवाई कर भूमि को कब्जा मुक्त कराया था। उनका आरोप है कि कुछ माह बाद रैपुरा गांव के कुछ दबंग लोगों ने दोबारा उनकी पूरी भूमि पर कब्जा कर लिया और उसे जोत लिया। इसके बाद से वह अपने पिता के साथ जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए अधिकारियों के पास लगातार गुहार लगाते रहे।

राममूर्ति का आरोप है कि भूमि वापस नहीं मिलने के कारण उनके पिता मानसिक तनाव और सदमे में रहने लगे थे। पिछले कई महीनों से उनकी तबीयत भी खराब चल रही थी। मंगलवार सुबह अचानक उन्हें हार्ट अटैक आया। परिजन उन्हें तत्काल निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने भूमि पर दोबारा कब्जा करने का आरोप प्रेमपाल पुत्र सूबेदार, सुनील पुत्र प्रेमपाल, बलवीर पुत्र राजवीर, सेवाराम पुत्र नेकसू, राजवीर पुत्र शिवदयाल, सुरेंद्र पुत्र श्यामपाल, चुन्नी पुत्र इंद्र, गबड़े, मौजीराम, अजय पुत्रगढ़ राम और लड़ैते आदि पर लगाया है।

निरीक्षण

कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने नगरिया खनू में किया कटान प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण, जमीन के बदले जमीन और मुआवजे की मांग

# रामगंगा में समा रही किसानों की जमीन, कटान रोकने की परियोजना पर उठे सवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय



बाढ़ क्षेत्र का निरीक्षण करते कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अजीत यादव। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** दातागंज विधानसभा क्षेत्र में रामगंगा नदी के कटान से किसानों की जमीन लगातार नदी में समाती जा रही है। नगरिया खनू, बिहारीपुर और कटकौरा समेत कई गांवों में कटान की स्थिति गंभीर बनी हुई है। बुधवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने नगरिया खनू गांव पहुंचकर बाढ़ और कटान प्रभावित क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उन्हें कटान से हुए नुकसान की जानकारी दी।

ग्रामीणों ने बताया कि कटान के चलते सैकड़ों किसानों की हजारों बीघा कृषि भूमि रामगंगा में समा चुकी है। इसके बावजूद फसलों और जमीन के नुकसान का सर्वे नहीं कराया गया है और न ही किसानों को मुआवजा मिला है। ग्रामीणों ने नदी में समाई जमीन के बदले जमीन उपलब्ध कराने की मांग उठाई।

अजीत यादव ने कहा कि कांग्रेस बाढ़ और कटान पीड़ित किसानों के साथ खड़ी है। जिन किसानों की जमीन रामगंगा के कटान में चली गई है, उन्हें जमीन के बदले जमीन देने की मांग का कांग्रेस समर्थन करती है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल नुकसान का सर्वे कराकर प्रभावित किसानों को मुआवजा देने और कटान रोकने के लिए युद्धस्तर पर कार्य शुरू कराने की मांग की।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि दातागंज क्षेत्र में कटान रोकने के लिए स्वीकृत 2.90 करोड़ रुपये की कटाव निरोधक परियोजना धरातल पर प्रभावी रूप से दिखाई नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि यदि परियोजना पर धनराशि खर्च हुई है तो उसका पूरा हिसाब जनता के सामने रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दातागंज में बाढ़ और कटान की समस्या के लिए भाजपा विधायक और प्रदेश की भाजपा सरकार जिम्मेदार है। वर्ष 2027 में कांग्रेस के समर्थन से बनने वाली सरकार क्षेत्र में बाढ़ और कटान की समस्या का स्थायी समाधान कराएगी।

इस दौरान नवनीत यादव, ओमप्रकाश, गिरीश चंद्र, संजीव यादव, राजीव मौर्य, देशराज मौर्य, बब्लू शर्मा, अखिलेश, राजीव, छबीले वाल्मीकि समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

## घर में घुसकर मारपीट का आरोप, 4 पर केस

**मूसाझाग।** थाना क्षेत्र के गांव कालाकूड़ा निवासी देवराज पुत्र गंगाराम ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही कुछ लोगों पर घर में घुसकर लाठी-डंडों से मारपीट करने का आरोप लगाया है। देवराज के मुताबिक 20 अगस्त की सुबह करीब 6:30 बजे मोहित, अनूप उर्फ मदन, ऐश कुमार और रामलड़ैते लाठी-डंडे लेकर घर में घुस आए और उसके तथा भाइयों राकेश, सोनू, संजू व राकेश की पत्नी रिंकी देवी के साथ मारपीट की। मारपीट में कई लोगों के चोटें आईं। पीड़ित ने जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मनोरमा पाठक के दसवां संस्कार में उमड़ा सर्वदलीय जनसैलाब

जागरण मोर्चा कार्यालय



श्रद्धांजलि देते लोग। -जागरण मोर्चा

**बिसौली।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष गोविंद पाठक की दिवंगत माता पूज्यनीय मनोरमा पाठक का दसवां संस्कार एवं श्रद्धांजलि समारोह नगर के रामलीला मैदान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर दिवंगत मनोरमा पाठक को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

श्रद्धांजलि समारोह में भाजपा के नेताओं के साथ ही सपा, कांग्रेस और बसपा समेत विभिन्न दलों से जुड़े जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी भी शामिल हुए। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए गोविंद पाठक और उनके परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की कामना की।

इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष अबरार अहमद, एमएलसी प्रतिनिधि शरदेंदु पाठक, ब्लॉक प्रमुख विक्रांत यादव, भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. अनिल शर्मा, शैलेश पाठक, पूर्व विधायक आरके शर्मा, पूर्व विधायक दयासिंधु शंखधार, हरिओम पाराशरी, क्षेत्रीय महामंत्री राजेश्वर सिंह पटेल, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अरविंद शर्मा, राणा प्रताप सिंह, मुनेन्द्र पाल पाठक, गोपाल पाठक, संजय पाठक, विजय पाठक, एडवोकेट सचिन पाठक, नवल पाठक, राजू पाठक समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। समारोह के दौरान परिजनों और शुभचिंतकों ने दिवंगत मनोरमा पाठक के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

# गलत ऑपरेशन से बिगड़ी पीड़िता की सेहत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**तिलहर शाहजहांपुर।** स्थानीय घासीराम अस्पताल में एक युवती के पित्ताशय के ऑपरेशन में भारी लापरवाही बरते जाने का गंभीर मामला सामने आया है। ऑपरेशन के बाद पीड़िता की हालत लगातार बिगड़ती गई और पेट में संक्रमण फैल गया। स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों ने शिकायती पत्र का संज्ञान लेते हुए सख्त जांच और अग्रिम विधिक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। कार्यालय अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, शाहजहांपुर द्वारा जारी पत्रांक संख्या 43 (दिनांक 15/06/2026) के अनुसार, श्रीमती रामशास्त्री (पत्नी स्व. श्री जोगराज) ने लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्होंने अपनी पुत्री कु० पूनम राजपूत के पित्ताशय में पथरी का ऑपरेशन तिलहर स्थित घासीराम अस्पताल में कराया था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा ऑपरेशन गलत तरीके से किया गया, जिससे कु० पूनम की हालत बेहद खराब हो गई और पेट में गंभीर संक्रमण फैल गया। आरोप यह भी है कि ऑपरेशन के दौरान लापरवाही के चलते लीवर में कट लग गया, गॉल ब्लैडर छूट गया तथा पेट के अंदर ही कुछ स्टोन शेष रह गए। इस गंभीर लापरवाही के कारण पीड़िता भयंकर शारीरिक पीड़ा और परेशानियों से जूझ रही है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय द्वारा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, एस०एस०सी०एच०सी० (शाहजहांपुर) को पत्र प्रेषित किया गया है। निर्देश दिए गए हैं कि पूनम राजपूत के पेट का अल्ट्रासाउंड कराकर तथा वरिष्ठ जनरल सर्जन से परीक्षण करवाकर उसकी रिपोर्ट एवं सर्जन की रिपोर्ट मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय को शीघ्र उपलब्ध कराई जाए, ताकि मामले में आगे की ठोस विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# किसान कार्यालय से खिड़की और टंकी चोरी करने वाले 2 चोर गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**तिलहर शाहजहांपुर।** थाना तिलहर पुलिस ने चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए 2 चोरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए चोरों के पास से चोरी की गई लोहे की खिड़की और पानी की टंकी बरामद हुई है।

पुलिस के अनुसार दिनांक 08 सितंबर को प्रदीप कुमार पुत्र बदन सिंह निवासी दिउनी मजरा सिउरा, थाना कटरा ने तहरीर दी थी कि पुराने किसान कार्यालय की दीवार में लगी लोहे की खिड़की अज्ञात चोर चोरी कर ले गए है ।बुधवार को मुखबिर की सूचना पर रेनैसा एकेडमी के पास से सुबह साढे चार बजे दो अभियुक्तों को चोरी के माल सहित गिरफ्तार कर लिया गया।




तिलहर पुलिस की गिरफ्त में चोर। –जागरण मोर्चा

गिरफ्तार अभियुक्त चाँद मियां 40 पुत्र मुन्ना शाह, निवासी दोदराजपुर, थाना तिलहर जितेन्द्र 35 पुत्र सूरजपाल, निवासी मोहल्ला मीरगंज, थाना तिलहर मूल निवासी सुभाषनगर, बरेली से एक अदद लोहे की खिड़की और एक अदद लोहे की पानी की टंकी बरामद हुई है ।पुलिस ने बताया कि दोनों अभियुक्त शातिर किस्म के हैं और इन पर पहले से भी चोरी व आर्म्स एक्ट के कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई कर दोनों को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## संक्षेप समाचार

### फर्जी मुकदमे के विरोध में एसपी से मिला सपाई




पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देने के दौरान सपा कार्यकर्ता। –जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** विद्यालय बंद किए जाने के विरोध में पांच सितंबर को हुए प्रदर्शन के बाद दर्ज मुकदमे के विरोध में सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को एसपी सौरभ दीक्षित से मुलाकात की। नेताओं ने मुकदमे को सत्ता पक्ष के दबाव में दर्ज कराने का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग की। मदनापुर के ढुकरी खुर्द स्थित प्राथमिक विद्यालय के बाहर हुए प्रदर्शन के मामले में सपा ददरौल विधानसभा अध्यक्ष मुनेंद्र पाल सिंह यादव समेत 10 नामजद और आठ-दस अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। सपा नेताओं ने मुकदमे को फर्जी बताते हुए निर्दोष लोगों को राहत देने की मांग की। एसपी ने प्रतिनिधिमंडल को मामले की निष्पक्ष जांच कराकर न्याय सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। इस दौरान पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा, पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा, मुनेंद्र पाल सिंह यादव, डॉ. रागिनी सिंह चौहान समेत पार्टी के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जनसुनवाई में पहुंची तीन शिकायत, समयबद्ध तरीके से समस्याओं के समाधान के निर्देश

**शाहजहांपुर।** नगर निगम कार्यालय में मंगलवार को नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी की अध्यक्षता में जनसुनवाई दिवस आयोजित किया गया। सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक चली जनसुनवाई में नगर क्षेत्र से पहुंचे लोगों ने साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, नाली निर्माण और कर विभाग से संबंधित समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। नगर आयुक्त ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर शिकायतों का निस्तारण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में लापरवाही न बरती जाए और शिकायतों का समय से निस्तारण कर शिकायतकर्ता की संतुष्टि का भी ध्यान रखा जाए। जनसुनवाई के दौरान कुल तीन शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से एक समस्या का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि दो अन्य शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस दौरान अपर नगर आयुक्त अजय कुमार त्रिपाठी, सहायक नगर आयुक्त तरुण प्रताप सिंह, महाप्रबंधक जल विजय नारायण मौर्य, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार मिश्रा, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी समेत नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि और शहरवासी मौजूद रहे।

### बाढ़ के पानी को पंपिंग सेट लगाकर निकलवाया



मिश्रीपुर में बाढ़ का पानी निकलवाते प्रधान प्रतिनिधि। –जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र की ग्राम पंचायत मिश्रीपुर में लगातार हो रही बारिश के कारण बैंक ऑफ बड़ौदा के पास गड्ढों में बने मकानों के आसपास जलभराव हो गया। इससे ग्रामीणों को आवागमन के साथ ही घरों में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों की समस्या की जानकारी मिलने पर ग्राम प्रधान पति रूप राम वर्मा मौके पर पहुंचे और जलभराव का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों को तत्काल राहत दिलाने के लिए पंपसेट की व्यवस्था कराई। पंपसेट के जरिये जमा पानी को बाहर निकालकर नालों के रास्ते नदी की ओर पहुंचाया गया। पानी निकलने के बाद जलभराव से प्रभावित ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। ग्रामीणों का कहना था कि बारिश के बाद लंबे समय तक पानी जमा रहने से उन्हें काफी परेशानी होती थी। समय रहते पानी निकलवाने से आवागमन सुचारु हो गया और लोगों को राहत मिली।

### वित्त मंत्री के आवास जाने वाली सड़क धंसी, गहरा गड्ढा होने से बढ़ा हादसे का खतरा

**शाहजहांपुर।** एक दिन हुई झमाझम बारिश ने स्मार्ट सिटी के दावों की पोल खोल दी। केरूगंज बांस मंडी से विसरात जाने वाले मार्ग पर सड़क का एक हिस्सा धंस गया और गहरा गड्ढा हो गया। इससे राहगीरों और वाहन चालकों के लिए हादसे का खतरा बढ़ गया है। यह मार्ग प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना के आवास की ओर जाता है। इसी मार्ग से वित्त मंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट हनुमत धाम जाने वाले लोगों का भी आवागमन होता है। सड़क धंसने से स्थानीय लोगों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि बारिश के बाद सड़क की स्थिति ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और जल निकासी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। मार्ग पर बने गहरे गड्ढे के कारण खासकर दोपहिया वाहन चालकों के दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से सड़क की तत्काल मरम्मत कराकर समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है। दो दिन पहले भी हनुमत धाम के निकट रोड़ धस चुकी है वहां बड़ा हादसा होते होते बचा था।

# जल निगम ने बिना सड़क सुधारे ठेकेदारों को बांटे पैसे, अब जिम्मेदारी पंचायत सचिवों के सिर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** ग्रामीण जलापूर्ति (हर घर जल) योजना के तहत जल जीवन मिशन द्वारा गांवों में पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़कें और खड़ंजे तो उखाड़ दिए गए, लेकिन काम पूरा होने के बाद ठेकेदारों ने इन्हें बदहाल ही छोड़ दिया। हैरानी की बात यह है कि जल निगम द्वारा ठेकेदारों का भुगतान करने से पहले उनसे सड़कों के दुरुस्त होने का प्रमाण पत्र तक नहीं लिया गया। अब सड़कों की इस बदहाली की गाज ग्राम पंचायत सचिवों और खंड विकास अधिकारियों (BDO) पर गिराने की तैयारी की जा रही है। मुख्य विकास अधिकारी (CDO) शाहजहांपुर, उत्कर्ष द्विवेदी द्वारा जारी पत्र के अनुसार, जल निगम द्वारा उखाड़ी गई सड़कों को दुरुस्त न किए जाने की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इसके बाद सीडीओ ने जिले के समस्त खंड विकास अधिकारियों को कड़ा निर्देश जारी किया है।

### एक सप्ताह के भीतर मांगा प्रमाण पत्र

निर्देश में कहा गया है कि बीडीओ अपने-अपने क्षेत्रों के पंचायत सचिवों से इस आशय का प्रमाण पत्र प्राप्त कर संकलित करें कि खोदे गए रास्ते संबंधित विभाग (जल निगम) द्वारा सही करा दिए गए हैं या नहीं। यह रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध करानी होगी। कार्रवाई की चेतावनी से मचा हड़कंप : आदेश में स्पष्ट किया गया है कि प्रमाण पत्र जारी होने के बाद यदि उच्च अधिकारियों के निरीक्षण में खोदे गए रास्ते खराब पाए गए, तो संबंधित ग्राम पंचायत सचिव के साथ-साथ खंड विकास अधिकारी का भी उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए नियमानुसार कड़ी कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

### सचिवों में बढ़ा असंतोष

ठेकेदारों द्वारा बिना मरम्मत किए भुगतान उठा लेने और अब रिपोर्ट की आड़ में सचिवों पर जिम्मेदारी थोपे जाने से स्थानीय कर्मचारियों और सचिवों में भारी असमंजस और असंतोष की स्थिति है। ग्रामीणों का भी कहना है कि जब ठेकेदारों को भुगतान के समय सत्यापन नहीं किया गया, तो अब केवल कागजी कार्रवाई करके जिम्मेदारी क्यों टाली जा रही है?

# मोटरसाइकिल छीनने का आरोप

**तिलहर शाहजहांपुर।** ग्रामीण युवक ने दबंग व्यक्ति व्यक्ति के द्वारा रास्ते में रोककर उसकी मोटरसाइकिल छीनने तथा रंगदारी में बीस हजार रुपए मांगने के साथ ही जान से मारने की धमकी देने की शिकायत की है। हाजीपुर गांव के निवासी पवन कुमार के द्वारा कोतवाली प्रभारी को तहरीर देकर जानकारी दी गई थी वह अपने गांव से तिलहर आ रहा था तभी गुलचंपा गांव के दबंग व्यक्ति के द्वारा रास्ते में रोक कर उसकी मोटरसाइकिल छीन ली गई। पीड़ित के अनुसार मोटर साइकिल वापस करने के बदले में उससे बीस हजार रुपए की रंगदारी मांगी गई और दबंग व्यक्ति ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। उधर चर्चा है मामला लूट या दबंगई का नहीं वरन उधारी का है वाइक गिरवी रखकर पैसे वापस न करने पर बाईक ले ली थी बाद में इसे रंगदारी और लूट का मामला बना दिया गया।

# दुष्कर्म केस में रिश्वत मांगने का ऑडियो वायरल, दरोगा निलंबित, सिपाही लाइन हाजिर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** दुष्कर्म के एक मामले में आरोपी पक्ष से कथित तौर पर रिश्वत मांगने और रुपये न देने पर मुकदमे में जेल भेजने की धमकी देने का ऑडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने के बाद पुलिस विभाग में खलबली मच गई। शिकायत के बाद कराई गई प्राथमिक जांच में मामला गंभीर पाए जाने पर पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने पुवायां के कस्बा इंचार्ज दरोगा महेंद्र प्रताप सिंह को देर रात तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। वहीं, संबंधित सिपाही सुमित को लाइन हाजिर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित ऑडियो में दुष्कर्म के मामले से जुड़े आरोपी पक्ष से कथित तौर पर रुपये की मांग किए जाने की बात सामने आ रही है। आरोप है कि रुपये न देने पर मुकदमे में जेल भेजने की धमकी भी दी गई। ऑडियो वायरल होने के बाद मामले की शिकायत पुलिस अधिकारियों तक पहुंची। अधिकारियों के निर्देश पर प्राथमिक जांच कराई गई। जांच में प्रथमदृष्टया मामला गंभीर पाए जाने पर एसपी ने दरोगा महेंद्र प्रताप सिंह को निलंबित कर दिया, जबकि सिपाही सुमित को लाइन हाजिर कर दिया गया। पुलिस विभाग की ओर से मामले की विभागीय जांच भी कराई जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर अनुशासनहीनता या भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# सर्राफ से वसूली में चारों सिपाहियों की बर्खास्तगी की तैयारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** सर्राफ को स्मैक के मामले में फंसाने की धमकी देकर दो लाख रुपये वसूलने के आरोप में फंसे चारों सिपाहियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पुलिस ने उनकी सेवा समाप्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मामले की विवेचना में सर्राफ की अपने पिता से हुई बातचीत की काल रिकॉर्डिंग को भी अहम साक्ष्य के रूप में शामिल किया जाएगा। एसपी सौरभ दीक्षित ने बताया कि जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। चारों सिपाहियों की सेवा समाप्ति के लिए उच्चाधिकारियों के माध्यम से शासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी।




सराफ उत्पीड़न प्रकरण के आरोपी सिपाही। –जागरण मोर्चा

**एसओजी के पहुंचने से पहले दिल्ली भागे दो आरोपी :** मामले में नामजद मेरठ निवासी सिपाही अरुण चित्तौड़िया और तुषार गिरफ्तारी से बचने के लिए दिल्ली पहुंच गए। दोनों वहां अपने परिचितों के माध्यम से अधिवक्ताओं से संपर्क कर अग्रिम जमानत लेने की कोशिश में थे। लोकेशन के आधार पर एसओजी दिल्ली पहुंची, लेकिन इससे पहले ही दोनों वहां से निकल गए। पुलिस अब उनकी तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

# प्रसव के बाद विवाहिता की हालत बिगड़ी, इलाज के दौरान मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

- **परिजनों ने लगाया अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप**

**पुवायां।** संदिग्ध हालात में गर्मवती महिला प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने के दौरान परिजनों ने गर्मवती महिला को खुटार रोड़ स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बड़े ऑपरेशन से महिला ने बेटे को जन्म दिया उसके बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी परिजन उसे शाहजहांपुर लेकर गए जहां कुछ सुधार नही हुआ तो वह बरेली लेकर गए जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। हंगामा की खबर सुनकर मौके पर पहुँची पुलिस ने मामले को शांत कराया। ओर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतिका के पिता ने अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही का आरोप लगाया है।

थाना मोहम्मदी के मोहल्ला बहादुरनगर निवासी 22 वर्षीय जुली की शादी दो वर्ष पूर्व पुवायां थाना क्षेत्र के गांव ककरहा निवासी किशनपाल के साथ हुई थी। जिसके बाद करीब एक वर्ष के बाद वह गर्भवती हो गई। परिजन प्रसव कराने के लिए मंगलवार को खुटार रोड़ स्थित एक निजी अस्पताल में लेकर आये जहां भर्ती कराया। डॉक्टर ने मामला गम्भीर बताते हुए ऑपरेशन करवाने के लिए कहा तो परिजनों ने डॉक्टरों की बात मान ही ओर ऑपरेशन के लिए तैयार हो गए। जिसके बाद सुबह मंगलवार की सुबह डॉक्टर ने उसका ऑपरेशन किया जहां महिला ने एक पुत्र को जन्म दिया। लेकिन डॉक्टर की किसी लापरवाही के चलते महिला की हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर नाराजगी जताई। जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ती देख डॉक्टर घबरा गए ओर उसे लेकर शाहजहांपुर के एक निजी अस्पताल में लेकर पहुँचे। वहां उपचार के बावजूद उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ। इसके बाद परिजन उसे बंथरा वरुण अर्जुन स्थित अस्पताल ले गए, लेकिन वहां भी हालत में सुधार न होने पर उसे आनन-फानन में बरेली ले जाया गया। बरेली में उपचार के दौरान जुली ने दम तोड़ दिया। जुली की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मृतका के पिता रामकिशन ने अस्पताल में उपचार के दौरान लापरवाही बरते जाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

# रामलीला मंचन की तैयारियों का सचिव ने लिया जायजा

**शाहजहांपुर।** फैक्टरी स्टेट रामलीला मंच पर रामलीला मंचन संयोजन समिति-2026 के नवनियुक्त सचिव एके व्यास पहुंचे। उन्होंने मंच पर चल रहे पूर्वाभ्यास को देखा और मंचन की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मंच की व्यवस्था, कलाकारों की तैयारियों और आगामी मंचन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने रामलीला मंचन से जुड़े महिला एवं पुरुष कलाकारों से औपचारिक मुलाकात कर उनका परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए बेहतर समन्वय के साथ मंचन को भव्य और व्यवस्थित बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर मंचन सचिव देवेश दीक्षित, निर्देशक अंकित सक्सेना, राममोहन अग्निहोत्री, महेंद्र दीक्षित, अजय सक्सेना, अखिलेश सक्सेना, विपिन शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी, सहयोगी और कलाकार मौजूद रहे।

# एससी-एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी शिक्षिका पर गिरी निलंबन की गाज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** कंपोजिट विद्यालय जिगनिया में साथी शिक्षकों से विवाद, गाली-गलौज और बाहरी लोगों से मारपीट कराने के आरोपों में सहायक अध्यापिका नीरज लता को निलंबित कर दिया गया है। जांच समिति की रिपोर्ट में आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए जाने के बाद बीएसए जय शंकर श्रीवास्तव ने कार्रवाई की है।कटरा खुदागंज ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय जिगनिया में तैनात सहायक अध्यापिका नीरज लता पर साथी शिक्षकों से आए दिन विवाद करने और विद्यालय का माहौल खराब करने के आरोप लगे थे। शिकायत मिलने पर बीएसए ने मामले की जांच के लिए बीईओ की टीम गठित की थी। बताया गया कि 30 जून को विद्यालय में शिक्षिका का साथी शिक्षकों से विवाद हुआ था। अन्य कर्मचारियों ने विभागीय अधिकारियों से शिकायत करते हुए आरोप लगाया था कि शिक्षिका आए दिन विवाद करती हैं और विद्यालय के कामकाज में बाधा डालती हैं। शिकायत में साथी शिक्षकों को एससी-एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी देने और अपने भाई-बहन समेत बाहरी लोगों को विद्यालय परिसर में बुलाकर कर्मचारियों से मारपीट कराने का भी आरोप लगाया गया था। जांच समिति ने 15 जुलाई को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसमें साथी शिक्षकों को एससी-एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी देने और बाहरी लोगों से मारपीट कराने के आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए। जांच रिपोर्ट में शिक्षिका के आचरण को सरकारी सेवक के लिए अशोभनीय माना गया।रिपोर्ट के आधार पर बीएसए ने नीरज लता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि में उन्हें बीईओ कटरा के कार्यालय से संबद्ध किया गया है। विभागीय जांच पूरी होने तक शिक्षिका के मुख्यालय छोड़ने पर भी रोक लगाई गई है।

# आईजीआरएस निस्तारण में नगर निगम प्रदेश में प्रथम

**शाहजहांपुर।** जनसमस्याओं के निस्तारण के लिए संचालित एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) में नगर निगम शाहजहांपुर ने अगस्त माह में प्रदेश के 17 नगर निगमों में प्रथम स्थान हासिल किया है। शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के आधार पर नगर निगम को यह उपलब्धि मिली है। अपर नगर आयुक्त अजय कुमार त्रिपाठी के अनुसार आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायतों की लगातार निगरानी की गई और संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा में शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिया गया। नगर निगम की इस उपलब्धि पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की। अधिकारियों ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान नगर निगम की प्राथमिकता है।

# प्रधानाचार्य भर्ती में आरक्षण के लिए शिक्षकों का प्रदर्शन, 25 सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षकों का धरना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।**अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक शिक्षक महासभा ने जिलाध्यक्ष डॉ. अमर सिंह और महामंत्री राम सिंह के नेतृत्व में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री को संबोधित 25 सूत्रीय ज्ञापन प्रभारी डीआईओएस अनिल कुमार को सौंपा गया। ज्ञापन में अप्रैल 2005 से नियुक्त शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ देने, सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों का राजकीयकरण करने, प्रधानाचार्य भर्ती में आरक्षण लागू करने, बीपीएड को बीएड के समकक्ष मानने और प्रधानाचार्य-प्रधानाध्यापक पदों के लिए 50 प्रतिशत अंकों की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग की गई। इसके अलावा रिक्त आरक्षित पदों को तत्काल भरने, आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के लिए आरक्षण लागू करने, प्रत्येक शिक्षक को एनपीएस पासबुक जारी करने, तदर्थ प्रधानाचार्यों व शिक्षकों का विनियमितीकरण करने, शिक्षकों की वरिष्ठता, पदोन्नति और वेतन संबंधी प्रक्रिया ऑनलाइन करने तथा वित्तविहीन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को उचित मानदेय देने की मांग भी उठाई गई। शिक्षकों ने संस्कृत विद्यालयों में आरक्षण लागू करने, परीक्षा व मूल्यांकन पारिश्रमिक बढ़ाने, कला, संगीत व व्यायाम शिक्षकों को प्रवक्ता पदनाम देने और व्यावसायिक एवं तकनीकी अनुदेशक भर्ती में आरक्षण व्यवस्था लागू करने की भी मांग की।



डीआईओएस कार्यालय पर प्रदर्शन करते शिक्षक। –जागरण मोर्चा

## एक नजर

### तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर पत्थर से टकराई

**चंदौसी।** कोतवाली के मुंसिफ रोड पर शिव मंदिर के पास मंगलवार देर रात एक तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर पत्थर से टकरा गई। जिस से कार स्वामी बैंक कर्मी घायल हो गया। उसे उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि कार चालक शराब के नशे में गाड़ी चला रहा था। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए और उन्होंने घायल को बाहर निकालने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और डॉक्टर को बुलाकर घायल का शुरुआती इलाज कराया। इसके बाद, गंभीर हालत को देखते हुए उसे बैंक स्टाफ ने सीएचसी में भर्ती कराया गया। घायल रंजीत चन्दौसी स्टेट बैंक में नौकरी करता है। मूल रूप से बरेली के रहने वाला रंजीत आवास विकास में किराए के मकान में अकेले रहते हैं।

# धूमधाम से निकाली गई भगवान श्रीकृष्ण की फूलडोल यात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** भगवान श्रीकृष्ण की छठी महोत्सव के अंतर्गत भव्य फूलडोल यात्रा निकाली गई। जिसमें श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी के जयघोष, हरे राम-हरे कृष्ण के महामंत्र, मधुर भजनों, पुष्पों की सुगंध, इत्र की फुहार और श्रद्धालुओं की भीड़ ने पूरे नगर को भक्तिरस में सराबोर कर दिया।



चंदौसी फूलडोल यात्रा में आरती करतें श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

बुधवार को भगवान श्री कृष्ण की फूलडोल यात्रा झुन्नीलाल की धर्मशाला से आरंभ हुई यहां से भगवान श्रीराधा-कृष्ण एवं लड्डूगोपाल के रथों के साथ यात्रा ने नगर भ्रमण प्रारंभ किया। फूलडोल यात्रा सीता रोड से आरंभ होकर ब्रह्म बाजार, फड़याई बाजार, घंटाघर, बड़ा बाजार, बिसौली गेट, मनिहार तिराहा होते हुए पुनः कल्लू हलवाई वाले मंदिर, सीता रोड पर पहुंच संपन्न हुई। मार्ग के दोनों ओर खड़े लोगों ने भगवान के रथ का दर्शन कर पुष्प अर्पित किए और जयकारों के साथ स्वागत किया। फूलडोल यात्रा का सबसे बड़ा आकर्षण भगवान श्रीराधा-कृष्ण का भव्य एवं मनोहारी रथ रहा। रथ का श्रृंगार फूलों से कलात्मक एवं आकर्षक ढंग से किया गया था। विभिन्न रंगों के फूलों से सजे रथ के मध्य श्रीराधा-कृष्ण का दिव्य विग्रह ऐसा प्रतीत हो रहा था, मानो स्वयं वृंदावन की कुंज गलियों से ठाकुरजी नगर भ्रमण के लिए पधारे हों। रथ के आगे बढ़ते ही चारों ओर से राधे-राधे, जय श्रीकृष्ण, बांके बिहारी लाल की जय जैसे जयघोष गूंज उठते। वृंदावन के रसिक गायकों द्वारा प्रस्तुत अनेकों भक्ति भजनों पर भक्तगण झूलते नजर आए।

## डीएम ने किया बाढ़ प्रभावितों का निरीक्षण

**चंदौसी।** जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने बुधवार को तहसील गुन्नौर के विकासखंड जुनावई के बाढ़ प्रभावित ग्राम बझांगी, उदिया नगला और तोतापुर का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों और अधिकारियों से बाढ़ की स्थिति की जानकारी लेकर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता राजीव कुमार से जलस्तर की जानकारी लेते हुए रिंग बांध को लेकर दिशा-निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर लगाने तथा दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था कराने को कहा। फसल नुकसान को देखते हुए अगले दिन से बीमा शिविर लगाने के निर्देश दिए। बीडीओ गुन्नौर को नियमित फॉगिंग और एंटी लार्वा छिड़काव कराने के साथ पेयजल के लिए टैंकर व टंकियों की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। हैंडपंपों के रिबोर के भी निर्देश दिए गए।

# एसपी ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** पुलिस अधीक्षक द्वारा नवीन पुलिस लाइन बहजोई का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसपी विकास चंद्र त्रिपाठी द्वारा परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों एवं उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। एसपी द्वारा विभिन्न निर्माणाधीन स्थलों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों से कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं पूर्ण होने की निर्धारित समयावधि के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों के लिए प्रस्तावित/उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में भी जानकारी ली गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता एवं मानकों का विशेष ध्यान रखते हुए कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने तथा पुलिस लाइन में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को बेहतर ढंग से सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान एसपी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी एवं प्रगति की समीक्षा सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।



पुलिस लाइन का निरीक्षण करते एसपी।

# ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्री की हार्ट अटैक से मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

- बरेली से गाजियाबाद जा रहा था यात्री
- जीआरपी ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

**चंदौसी।** ट्रेन में यात्रा के दौरान बरेली-चंदौसी के बीच एक यात्री की मौत हो गई। मृतक गजियाबाद जा रहा था जीआरपी ने शव को चंदौसी रेलवे स्टेशन उतार लिया। इसके बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



चंदौसी सीएचसी में यात्री की मौत के बाद जानकारी करती जीआरपी पुलिस।

मंगलवार की शाम एक यात्री बरेली-दिल्ली पैसेंजर में सवार हुआ । वह ट्रेन में सीट पर लेट गया। रात 9 बजे ट्रेन चंदौसी पहुंची। ट्रेन में चन्दौसी से बैठने वाले यात्रियों ने उसे उठाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं उठा। उसकी मौत हो चुकी थी। इसकी जानकारी जीआरपी को दी गई। मृतक के पास एक बैग भी था। जीआरपी मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतार लिया। बैग की तलाशी लेने पर उसमें बरेली से गजियाबाद का टिकट, आधार कार्ड, मोबाइल व कपड़े निकले। आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त राम बहादुर 55 पुत्र परमेश्वरी निवासी गांव अतर छेड़ी था विशारतगंज बरेली के रूप में हुई। मृतक के पास से मिले मोबाइल से इसकी जानकारी उसके परिजनों को दी गई। परिजन सुनते ही चंदौसी के लिए रवाना हो गए।

जीआरपी शव को सरकारी अस्पताल लाई, जहाँ चिकित्सक ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। रात में ही मृतक के परिजन अस्पताल पहुंच गए। मृतक के भाई राजवीर ने बताया कि मृतक पर दो बेटे किशनपाल व सुमित है जो बाहर रहकर प्राइवेट नौकरी करते है। जबकि पत्नी वीरेशा की 20 वर्ष पूर्व बीमारी के चलते मौत हो चुकी है। बताया कि मृतक ने बरेली से कान की दवा ली थी। इसके बाद गाजियाबाद जाने के लिए ट्रेन में सवार हुआ था। थाना प्रभारी जीआरपी वासित खान ने बताया कि रास्ते में मृतक के सीने में दर्द उठा था। आसपास के यात्रियो ने पानी पिलाया, इसके बाद लेट गए, फिर नहीं उठे। मृतक की मौत हार्ट अटैक से होना मानी जा रही। जीआरपी ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है

## हिंदी सेवा सप्ताह मनाएगी समिति

**चंदौसी।** श्री नारायण सेवा समिति तत्वावधान में 9 से 14 सितंबर तक हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में हिन्दी सेवा सप्ताह मनाया जाएगा। समिति के प्रबंधक हरीश कठेरिया ने बताया कि कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थी निबंध लेखन, सुलेख, श्रुतलेख, पत्र लेखन, श्री रामचरितमानस से चौपाइयों एवं दोहों का सस्वर गायन तथा कविता लेखन आदि प्रतियोगिताएं प्रतिदिन आयोजित होंगी। उक्त सभी प्रतियोगिताएं पूर्णतः निःशुल्क है तथा समय से संबंधित विद्यालय परिसरों में ही आयोजित की जाएंगी। मुख्य आयोजन हिन्दी दिवस पर होगा जिसमें उक्त सभी प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों और हिन्दी के साहित्यकारों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया जायेगा।

# उपभोक्ताओं का जेई के खिलाफ प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** प्रेमनगर कॉलोनी मौलागढ़ के विद्युत उपभोक्ताओं ने क्षेत्र के अवर अभियंता के विरुद्ध नारेबाजी का प्रदर्शन किया साथ ही उपभोक्ताओं ने अवर अभियंता पर भ्रष्टाचार फैलाने का आरोप लगाया।



चंदौसी के मोहल्ला प्रेम नगर में प्रदर्शन करते लोग। -जागरण मोर्चा

- लो वोल्टेज व पोलों की समस्या से परेशान है विद्युत उपभोक्ता

प्रेम नगर मौलागढ़ के विद्युत उपभोक्ताओं ने बताया कि उनके घरों में काफी समय से लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है विद्युत विभाग से शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है अगर लोग अवर अभियंता के पास विद्युत कनेक्शन के लिए जाते हैं तो वह एक लाख का एस्टीमेट बनाकर दे देते हैं क्षेत्र में विद्युत पोलों का भी अभाव बना हुआ है जिससे दूर-दूर तक पोल न होने पर केबिल लटके रहते हैं इन केबिलों को बंदर कट जाते हैं तो हादसे का डर बना रहता है जो लोग रोज मजदूरी और ठेला लगाकर अपना और अपने परिवार का पेट पालते है वह इतना एस्टीमेट कहां से देंगे। इसी के विरोध में क्षेत्र के लोगों ने विद्युत अवर अभियंता के विरुद्ध जमकर प्रदर्शन किया प्रदर्शन करने वालों में धीरेन्द्र सिंह यादव, सत्यवीर, निर्मला देवी, सीमा, कामना, अलावा, प्रदीप शर्मा, रूपक शर्मा, विमला देवी, वीरेश शर्मा, उमेश गिरी, धर्म सिंह, सुरेश चन्द्र, चुनमुन शर्मा आदि मौजूद है।



सुलह समझौता केंद्र पर आपसी विवादों का निस्तारण करतीं काउंसलर व पुलिस।

# समझौता केंद्र में परिवार को मिलाया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक चंदौसी परामर्श केंद्र प्रभारी/ महिला थानाध्यक्ष डा रुकम पाल सिंह की अध्यक्षता में गौशाला रोड पिंक चौकी में संपन्न हुई । जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को परिवार परामर्श केंद्र में काउंसलरों के सहयोग से सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया जहां कुल पत्रावली 21 को सुना गया, 6 पत्रावली का निस्तारण किया गया तथा 1 परिवारों को पुनः मिलाया गया, 3 पत्रावली पर विधिक कार्रवाई की संस्तुति की गई तथा 2 पत्रावली आवेदक द्वारा बल ना देने के कारण व अन्य कारण से बंद किया गया। इस अवसर पर काउंसलर श्वेता गुप्ता, संगीता भार्गव, पूनम अरोरा, सब इंस्पेक्टर महेश गंगवार, हेड कांस्टेबल रुचि आदि लोग उपस्थित रहे।

# जिला न्यायाधीश ने रवाना किया प्रचार वाहन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में लोक अदालत के व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार को जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ. विदुषी सिंह द्वारा प्रचार वाहन को बुधवार की सुबह 10 बजे हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।



प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करती जिला जज।

- 12 सितंबर को जिला न्यायालय परिसर में आयोजित की जाएगी राष्ट्रीय लोक अदालत

न्यायपालिका द्वारा नागरिकों को त्वरित, सुलभ एवं निःशुल्क न्याय दिलाने के उद्देश्य से आगामी 12 सितंबर को आयोजित की जा रही राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार को बुधवार को जनपद न्यायालय में तीन विशेष प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया उन्होंने बताया कि लोक अदालत में छोटे-मोटे झगड़े, पारिवारिक विवाद, बैंक ऋण, बिजली-पानी के बिल, यातायात चालान, श्रम विवाद इत्यादि मामलों का आपसी सुलह के माध्यम से निपटारा किया जा सकता है। प्रचार वाहन के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में जाकर आमजन को लोक अदालत की प्रक्रिया, लाभ एवं उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया जायेगा। इस वाहन में जनसामान्य के लिए पोस्टर, बैनर, ध्वनि यंत्र एवं जानकारी से युक्त सामग्री शामिल की गयी हैं। इस अवसर पर अपर सत्र न्यायाधीश, श्रीमती आरती फौजदार, अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश एसएसी/एसटी एक्ट, रागिनी, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर सत्र न्यायाधी न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अवधेश कुमार सिंह, अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी, गोपाल प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, दीपक कुमार जायसवाल सिविल जज (सीडि) एसीजेएम, पराग यादव सिविल जज (सीडि) एसीजेएम आदित्य सिंह, अपर मुख्य न्यायिक नावेद अख्तर, सिविल जज (जूडि) जेएम संभल दिव्या गर्ग एवं बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री विनोद कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

# किसानों का धरना प्रदर्शन 22वें दिन भी रहा जारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन का धरना प्रदर्शन 22वे दिन भी जारी बना रहा। धरने को संबोधित करते हुए मंडल उपाध्यक्ष चौधरी राजबीर सिंह, अध्यक्ष महंत भगवान दास शर्मा एवं प्रदेश संरक्षक चौधरी जयपाल सिंह ने कहा कि किसान बैंकों से ऋण लेकर फसल उगाता है उसी दिन से ब्याज शुरू हो जाता है और गन्ना किसान चीनी मिलों पर आपूर्ति करता है तो गन्ना एक्ट 1953 के अंतर्गत यह प्रावधान है कि 14 दिन के बाद किसान को 15 फीसदी ब्याज सहित भुगतान मिलेगा लेकिन यह किसान का दुर्भाग्य है कि कृषि प्रधान देश में किसान को चीनी मिलों से ब्याज नहीं मिलता क्योंकि इसके जिम्मेदार शासन प्रशासन है। हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार वीएम सिंह ने 2006 से मुकदमे की पैरवी करते हुए उच्च न्यायालय से 16 जुलाई को 14 दिन के विलंबित भुगतान के बाद 15 फ़ीसदी ब्याज का आदेश कराया उसी आदेश के अनुपालन के लिए प्रदेश के गन्ना किसान जिला गन्नाअधिकारी के कार्यालय पर धरना दे रहे हैं धरने को 22 दिन हो चुके हैं और अभी शासन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है लेकिन किसान अपने मेहनत पसीने की गाढ़ी कमाई को ऐसे ही नहीं गंवा सकते चाहे उन्हें जो भी आंदोलन करना पड़ेगा वह हर तरह से तैयार है। इस अवसर पर शेर सिंह, कल्लू सिंह, विकास शर्मा, चौधरी जयपाल सिंह, राजवीर सिंह, मनवीर सिंह, नेम सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

# पंजाबी मंदिर में मनाई कान्हा की छठी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** मोहल्ला कागजी स्थित श्री सनातन धर्म पंजाबी सभा मंदिर में भगवान श्री कृष्णा का छठी महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। नगर संकीर्तन और भजन कीर्तन का आयोजन भी हुआ। आरती के बाद प्रसाद का वितरण भी किया गया। मंदिर परिसर में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया।



चंदौसी में नगर संकीर्तन करते पंजाबी समाज के लोग। -जागरण मोर्चा

नगर संकीर्तन शाम पांच बजे मंदिर से प्रारम्भ होकर फव्वारा चौक, मुरादाबाद गेट, लक्ष्मी बाजार, बड़ा बाजार घंटाघर, जवाहर रोड, बड़ा महादेव संभल गेट रामस्वरूप रोड होती हुई मंदिर पर पहुंच कर समापन हुआ। जिसमें भारी संख्या में महिला व पुरुष व बच्चें धार्मिक भजनों पर झूमते नजर आए। इसके बाद मंदिर में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। आरती के बाद मंदिर में छठी के उपलक्ष्य में कड़ी, चावल, हलवा व शरबत का प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरण किया गया। कार्यक्रम में सुधीर मल्होत्रा, बुद्धिश छाबड़ा, सचिन मग्गो, विजय अरोरा, मोनू अदलखा, रोहित मग्गो, अमन मल्लन, गगन अरोरा, नीतू ओहरी, गगन अरोरा, बिट्टू अदलखा, गुलशन खत्री, ऋतिक अदलखा, अर्पित मेहरोत्रा, राजू कालरा, मनमोहन भसीन, इंद्रमोहन बतरा, सचिन अरोरा, पुनीत खुराना, संजय मदान, विमल साहनी, हनी डुडेजा, गुलशन अरोरा, यश मदान, सावन शर्मा, अभिषेक कुमार, आदि का विशेष योगदान रहा।

## युवक को अवैध शस्त्र के साथ किया गिरफ्तार

**चंदौसी।** कोतवाली पुलिस ने एक युवक को गुलडेहरा रोड से अवैध शस्त्र के साथ गिरफ्तार किया है जिसके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कार्यवाही की जा रही है। मंगलवार की शाम कोतवाली पुलिस गस्त कर रही थी तभी कोतवाली क्षेत्र के गुलडेहरा रोड पर ट्रांसफार्मर के पास से एक युवक जाता दिखाई दिया पुलिस ने युवक को रोक तलाशी ली तो उसके पास से अवैध शस्त्र वह एक कारतूस बरामद हुआ जिसे पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई पूछताछ में युवक ने अपना नाम सनिल कुमार शर्मा पुत्र स्व. कृष्णा नन्द शर्मा निवासी मौ. रतन बताया पुलिस ने युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# बार चुनाव: महिलाओं को 30% आरक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** बार एसोसिएशन की एल्डर कमेटी की बैठक बार रूप में सम्पन्न हुई, जिसमें उच्च न्यायालय इलाहाबाद के पत्राँक दिनांकित 11 फरवरी के सन्दर्भ में बार के चुनाव में 30 प्रतिशत आरक्षण महिला अधिवक्तागण को दिये जाने के सम्बन्ध में विचार किया गया।




चंदौसी के बार एसोसिएशन की बैठक में शामिल एल्डर कमेटी के पदाधिकारी।

एल्डर कमेटी ने सर्वसम्मति से उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के आदेश पर बार के इस चुनाव में महिला अधिवक्तागण को 30 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय लिया, जिसका अनुपालन क्रम से इस प्रकार बताया गया कि कोषाध्यक्ष पद स्थायी रूप से महिला अधिवक्ता को प्रदान किया जाता है, जिसका अनुभव उप्र बार कौंसिल के वायलोज के अनुसार 10 वर्ष से अधिक होना चाहिए। एक पद उपाध्यक्ष कनिष्ठ खण्ड, महिला अधिवक्ता को प्रदान किया जाता है, वायलोज के अनुसार जिसका अनुभव 5 वर्ष से अधिक का होना अनिवार्य है। एक पद सहसचिव महिला, अधिवक्ता को दिया जाता है वायलोज के अनुसार जिसका अनुभव भी 5 वर्ष से अधिक का होना चाहिए।दो पद सदस्य वरिष्ठ खण्ड गवर्निंग कॉउंसिल, महिला अधिवक्तागण को दिये जाते हैं, वायलोज के अनुसार उनका अनुभव 15 वर्ष से अधिक का होना चाहिए। दो पद सदस्य कनिष्ठ खण्ड गवर्निंग कॉउंसिल महिला अधिवक्तागण को प्रदान किये जाते हैं, जिनका अनुभव वायलोज के अनुसार 5 वर्ष से अधिक का होना चाहिए। उक्त अनुभव की गणना 7 सितंबर से मान्य होगी। इस प्रकार उक्त 30 प्रतिशत आरक्षण को महिला अधिवक्तागण को 7 पद दिये जाते हैं, परन्तु यदि उक्त महिला अधिवक्तागण अनुभव व वरिष्ठता के अनुरूप उक्त आरक्षित पदों पर अपना नामांकन नहीं कराती हैं तब उस दशा में अन्य पदों पर चुनाव सम्पन्न होने के बाद चुनाव में विजयी प्रत्याशीगण व एल्डर कमेटी की सहमति के आधार पर रिक्त आरक्षित महिला अधिवक्तागण के स्थान पर पुरुष अधिवक्तागण को वैधानिक प्रक्रिया के अन्तर्गत मनोनीत किया जायेगा। उक्त एल्डर कमेटी के निर्णय की एक प्रति बार रूम के सूचना पट पर आवश्यक सूचना को चस्पा की जाती बैठक की अध्यक्षता एल्डर कमेटी के चेयरमैन अनिल कुमार गुप्ता द्वारा की गयी, सभा में एल्डर कमेटी के सदस्यग शकील अहमद वारसी, मौ. सगीर सैफी, राजबहादुर व लोकेन्द्र शर्मा मौजूद थे।



## गीता सार

तत्र तं बुद्धिसंयोगं लभते पौर्वदेहिकम् ।
यतते च ततो भूयः संसिद्धौ कुरुनन्दन ॥

**भावार्थ :** हे कुरुनन्दन! ऐसा जन्म प्राप्त करके वहां उसे पूर्व-जन्म के योग-संस्कार पुनः प्राप्त हो जाते है और उन संस्कारों के प्रभाव से वह परमात्मा प्राप्ति रूपी परम-सिद्धि को प्राप्त करने के उद्देश्य फिर से प्रयत्न करता है।

## सम्पादकीय

# तंज पर तिलमिलाहट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को लालकिले से अपने भाषण में 'दिमागी नक्सली' जैसे नए शब्द युग्म का उल्लेख किया। इसे लेकर विपक्ष की तिलमिलाहट देखने लायक रही है। यह जानते हुए कि नक्सली जिस किसी भी प्रकृति का हो, जन सामान्य को तो स्वीकार हो ही नहीं सकता। सत्ता और सिस्टम के विरोध के मकसद से खून-खराबा और विध्वंस की नक्सलियों की नीति किसी को कैसे पसंद आएगी। पर आश्चर्य हुआ यह देखकर कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी समेत कुछ विपक्षी पार्टियों के नेता खुद को 'दिमागी नक्सली' घोषित करने लगे। मंत्री के रूप में देश की वित्त व्यवस्था संभाल चुके कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने सबसे पहले अपने को



'दिमागी नक्सली' घोषित किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी अपने को दिमागी नक्सली साबित करने के तर्क गढ़ लिए। उन्होंने कहा-'अगर अधिकारों की बात करना दिमागी नक्सली होना है, तो हम सब दिमागी नक्सली हैं।' इंडिया ब्लॉक की दूसरी पार्टियां भी इस होड़ में शामिल हो गईं। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल, राजद सांसद मनोज झा, पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती, टीएमसी सांसद कीर्ति आजाद जैसे नेता अपने-अपने अंदाज में प्रधानमंत्री की बात को व्याख्यायित करते हुए खुद को दिमागी नक्सली बताने लगे। अरविंद केजरीवाल ने कहा-'प्रधानमंत्री की परिभाषा के अनुसार जो कोई भी देश में सड़ी-गली व्यवस्था को बदलने और सरकार से सवाल पूछने की हिम्मत करता है, उसे 'दिमागी नक्सली' कह दिया जाता है।' चिंदबरम की हड़बड़ी ऐसी रही कि एक ही दिन उन्होंने सोशल मीडिया पर दो पोस्ट डाले। पहले में उन्होंने डायरेक्ट लिखा-मुझे दिमागी नक्सली होने पर गर्व है। दूसरे में लिखा-'दिमागी नक्सल' शब्द भाजपा का पुराना राजनीतिक हथकंडा है।' पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती, राजद सांसद मनोज झा और टीएमसी नेता कीर्ति आजाद ने भी खुद को दिमागी नक्सली की श्रेणी में बताने के तर्क गढ़ लिए। नरेंद्र मोदी सरकार को नक्सलवाद के सफाए का श्रेय जाता है। गृह मंत्री अमित शाह के संकल्प का परिणाम है कि रेड कॉरिडोर का सपना देख रहे नक्सिलयों को हथियार डालने पड़े हैं। पहले देश के 126 जिले नक्सल प्रभावित माने जाते थे। 31 मार्च 2026 तक गृह मंत्री ने नक्सलवाद को खत्म करने का संकल्प लिया था। हालांकि कांग्रेस भी नक्सलियों के खिलाफ रही है। 1970 के दशक में पश्चिम बंगाल में नक्सलवाद के सफाए के लिए वहां की कांग्रेस सरकार ने जो सख्ती की, इस क्रम में नक्सली बता कर बड़े पैमाने पर लोगों को मारा गया। बंगाल की जनता को कांग्रेस सरकार का खून-खराबा नहीं जंचा और इसका परिणाम यह हुआ कि वामपंथियों लंबे समय तक शासन का मौका नहीं मिला।

## मतों की 'सामूहिक गणना'

# सुरक्षित रहे मतदाताओं की पहचान



**शाहिद ए .चौधरी**

भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायाधीश जॉयमाल्या बागची व न्यायाधीश वी मोहना की खंडपीठ ने 1 सितंबर 2026 को केंद्र सरकार से कहा कि वह ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) में रिकॉर्ड किए गए मतों को गिनने के लिए टोटलाइजर (सामूहिक गणना करने वाला उपकरण) मशीनों के उपयोग की संभावना की समीक्षा करे ताकि बूथ-अनुसार मतदान पैटर्न की गोपनीयता को सुरक्षित रखा जा सके और व्यक्तिगत बूथ पर मतदाताओं को पहचानने व प्रताड़ित किए जाने की आशंका को रोका जा सके। गौरतलब है कि अक्सर यह देखने में आया है कि मतदाता की पहचान हो जाती है कि उसने किसके पक्ष में अपने मत का प्रयोग किया और फिर दूसरा प्रत्याशी या उसके समर्थक संबंधित मतदाता के विरुद्ध हिंसा करते हैं या उसे धमकाते हैं।

इमेज

इस किस्म की अप्रिय वारदातों को रुकवाने के उद्देश्य से योगेश गुप्ता व इमरान खान ने 2014 में सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की थी, यह मांग करते हुए कि चुनाव आयोग को निर्देश दिया जाए कि वह एक चुनाव क्षेत्र के विभिन्न पोलिंग स्टेशनों पर पड़े मतों को मिश्रित कर दे ताकि प्रत्याशी उन क्षेत्रों में मतदाताओं को धमकियां न दे सकें जिनमें उन्हें ठुकरा दिया गया था। आगे बढ़ने से पहले यह जान लेते हैं कि टोटलाइजर क्या है? यह मतों की सामूहिक गणना का एक प्रस्ताव है, जिसका उद्देश्य प्रत्याशियों को किसी एक पोलिंग बूथ पर वोटिंग पैटर्न जानने से रोकना है। टोटलाइजर से होता यह है कि लगभग 14 पोलिंग बूथों पर डाले गए मतों को एक साथ गिन लिया जाता है। वर्तमान में प्रत्येक बूथ पर पड़े मतों को अलग-अलग गिना जाता है। टोटलाइजर को भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, बंग्लुरु और इलेक्ट्रॉनिक्स कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, हैदराबाद ने विकसित किया है। दरअसल, टोटलाइजर एक इंटरफेस है, जिसे 14 ईवीएम के समूह के मुख्य कंट्रोल यूनिट से जोड़ दिया जाता है। टोटलाइजर का नतीजा बटन दबाने से मालूम हो जाता है कि 14 ईवीएम पर किस प्रत्याशी को कुल कितने कितने वोट मिले हैं और यह भी जाहिर नहीं होता है कि किस मतदान क्षेत्र में मतदान का पैटर्न क्या रहा? योगेश गुप्ता व इमरान खान ने टोटलाइजर की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका इसलिए दायर की थी ताकि प्रत्याशियों को उन क्षेत्रों के मतदाताओं को धमकाने से रोका जा सके जिन्होंने उन्हें ठुकरा दिया था। बात सिर्फ धमकाने व हिंसा की ही नहीं है, देखने में तो यह भी आया है कि सांसद व विधायक मतदाताओं से कहते हैं, "मैं तुम्हारा काम क्यों करूं, तुम्हारे क्षेत्र में विकास कार्य क्यों कराऊं, जब तुम लोग मुझे वोट देते ही नहीं।" चुने जाने के बाद सांसद व विधायक अपने पूरे क्षेत्र के प्रतिनिधि होते हैं, लेकिन उनमें से कुछ ने सार्वजनिक तौरपर घोषणा की कि अमुक जाति व अमुक धर्म के सदस्य उनके पास किसी काम के लिए न आएं क्योंकि उन्हें लगता है कि वे लोग उनके पक्ष



में मतदान नहीं करते। यह लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय है; क्योंकि इससे समाज में भेदभाव व नफरत फैलती है। इस पर त्वरित प्रभाव से रोक लगनी चाहिए। इसलिए इस जनहित याचिका का महत्व बढ़ जाता है। याचिकाकर्ताओं ने अपनी याचिका में महाराष्ट्र के पूर्व उप-मुख्यमंत्री अजित पवार द्वारा दी गई तथाकथित धमकी का उदहारण दिया है कि आम चुनाव के दौरान बारामती चुनाव क्षेत्र के मतदाताओं को धमकी देते हुए कहा था कि उनकी पार्टी एनसीपी ईवीएम रीडिंग्स से मतदान पैटर्न को जान लेगी और जिस क्षेत्र ने उसे ठुकराया होगा उसकी जल आपूर्ति बंद करा दी जाएगी। (ज्ञात रहे कि महाराष्ट्र के अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की कमी बड़ी समस्या है)। भारत में बूथों को आमतौर से भौगोलिक दृष्टि से मार्क किया जाता है। अगर अलग-थलग या समूह में रह रहे सामाजिक गुट हैं, जैसा कि ग्रामीण भारत के अधिकांश हिस्सों में स्थिति है (और शहरी स्लमों में भी यह चलन तेजी से बढ़ता जा रहा है), तो यह संभव है कि उस विशेष समुदाय को पहचान लिया जाए, जिसकी उस पोलिंग बूथ या स्टेशन पर अधिक संख्या है और जिसने एक खास दिशा में मतदान किया हो। आधुनिक भू-स्थानिक टूल्स के आगमन से आज न सिर्फ़ मतदान केंद्र के ट्रेंड व सामाजिक सेटिंग के पारस्परिक संबंध को जानना आसान हो गया है बल्कि कारण संबंधी अंतर्दृष्टि भी हासिल की जा सकती है। याचिकाकर्ताओं ने यह डर 2014 में व्यक्त किया था। आज 12 साल बाद तो यह डर अधिक विकराल हो गया है- वोट काटना, वोट बढ़ाना, वोट चोरी आदि के आरोप हैं। जिला प्रशासन के कहने पर बूथों पर मतदान प्रक्रिया को भी धीमा करने की खबरें हैं ताकि जिस प्रत्याशी को प्रशासन विजयी बनाना चाहता है, उसके अनुमानित विरोधी मतदाताओं को उनके अधिकार से वंचित किया जा सके। केंद्र सरकार ने हमेशा ही टोटलाइजर का विरोध किया है। केंद्र ने 2017 में सुप्रीम कोर्ट से कहा था कि बूथ-अनुरूप वोटिंग पैटर्न के कारण मतदाताओं को धमकाया नहीं जाता है और बूथ-अनुरूप नतीजे घोषित करने को रोकने की आवश्यकता नहीं है। केंद्र का कहना था कि जब एक प्रत्याशी को मालूम हो जाता है कि अमुक बूथ पर उसे कम समर्थन मिला है, तो वह उस क्षेत्र का समर्थन प्राप्त करने के लिए अधिक मेहनत करता है। फिर 2018 में एडिशनल सोलिसिटर जनरल मनिंदर सिंह ने तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रा के नेतृत्व वाली खंडपीठ से कहा था कि टोटलाइजर के कारण मतगणना आरंभ होने से पहले ही डाटा उल्लंघन हो सकता है। फलस्वरूप अदालत ने इस डर पर प्रतिक्रिया के लिए चुनाव आयोग को दो सप्ताह का समय दिया। विधि आयोग ने अपने शपथपत्र के जरिये अदालत को बताया कि तत्कालीन गृहमंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में मंत्रियों के समूह ने सितंबर 2018 में तय किया था कि 'मीडिया एक्टिविज्म के इस दौर में बड़े पैमाने पर वोटर्स को धमकी/प्रताड़ित नहीं किया जा सकता'। दूसरी ओर चुनाव आयोग निरंतरता के साथ टोटलाइजर के पक्ष में रहा है। उसने सबसे पहले इसका सुझाव 2008 में डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार को दिया था। फिर 2018 में उसने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि 'वोटों की गिनती करने के लिए टोटलाइजर के इस्तेमाल का समय आ गया है'। यह समर्थन वर्तमान सुनवायी चक्र में भी जारी रहा है। चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि वह पहले भी टोटलाइजर सिस्टम के लिए केंद्र सरकार से सिफारिश कर चुका है। मतदाता की गोपनीयता को सुरक्षित रखने के लक्ष्य का समर्थन करते हुए चुनाव आयोग ने प्रस्ताव को लागू करने के संदर्भ में कुछ व्यवहारिक व कानूनी चुनौतियों को भी व्यक्त किया, जिनमें बूथ-अनुरूप सत्यापन व वीवीपीएटी से संबंधित चिंताएं भी शामिल हैं।



## श्रीरामचरितमानस

तब चित चढ़ेउ जो संकर कहेऊ।
प्रभु अपमानु समुझि उर दहेऊ॥
पाछिल दुखु न हृदयं अस ब्यापा।
जस यह भयउ महा परितापा॥

**भावार्थ :** तब शिवजी ने जो कहा था, वह उनकी समझ में आया। स्वामी का अपमान समझकर सती का हृदय जल उठा। पिछला (पति परित्याग का) दु:ख उनके हृदय में उतना नहीं व्यापा था, जितना महान् दु:ख इस समय (पति अपमान के कारण) हुआ॥

## मानुषी/संस्कार

# संयुक्त परिवार टूटने से बच्चों में बढ़ती संस्कारहीनता

**मधु सिंह**

एक समय ऐसा था जब एक ही परिवार में लोग संयुक्त रूप से रहते थे और जीवन में आने वाले अच्छे और बुरे दिन मिलकर साथ बिता लेते थे। यह वह दौर था जब परिवार में कोई बच्चा जन्म लेता था तो बच्चे को जन्म देने वाली मां चूंकि एक संयुक्त परिवार में रहने वाली होती थी, ऐसे में उसे प्रेग्नेसी के पूरे समय हर तरह से पूरे परिवार का सहयोग मिलता था, जिसके कारण उसकी गर्भावस्था का समय आराम से गुजर जाता था। जन्म देने के बाद बच्चा माता-पिता से ज्यादा दादा-दादी, चाचा-चाची और बुआ की गोद में खेलकर कब बड़ा हो जाता था, पता ही नहीं चलता था। संयुक्त परिवार में सभी एक साथ रहते ही नहीं थे बल्कि उनमें आपसी प्रेम, सहयोग, संस्कार, सुरक्षा और अपनापन भी होता था। उस परिवार में बच्चे माता-पिता से ही नहीं बल्कि परिवार के बड़े सदस्यों से भी जीवन के मूल्य सीखते थे। यदि वे कोई गलती करते थे, तो उन्हें घर के बड़े बुजुर्ग ही सिखाते थे कि उन्हें कैसे इन गलतियों को करने से बचना है। घर में बड़ों का सम्मान करना, धैर्य रखना और एक दूसरे की मदद करना भी स्वाभाविक रूप से अपने घर से ही सीखते थे। अब स्थितियां काफी बदल चुकी हैं। छोटे परिवार होने से बच्चों का रिश्तों का दायरा भी सीमित हो जाता है। पहले जिस घर में दादा-दादी,



चाचा और ताऊ उनके मार्गदर्शक होते थे, वे सब अब धीरे-धीरे उनसे दूर होने लगते हैं। रिश्तों में पहले जहां हर खुशी और हर दुख मिलकर बांटा जाता था, वे रिश्ते अब केवल त्योहारों और शादियों तक ही सीमित हो गए हैं। क्योंकि जब लोग एक दूसरे के साथ नहीं रहते तो उनसे शारीरिक ही नहीं, संवाद कम होने से मानसिक दूरी भी हो जाती है और भावनात्मक जुड़ाव भी कम हो जाता है। पहले बच्चे अपने चाचा-ताऊ के बच्चों के साथ खेला करते थे और इससे उनमें एक दूसरे से ज्यादा जुड़े रहने का एहसास होता है। आज बच्चे अपने चचेरे भाई, बहनों के बिना न्यूक्लियर फैमिली में अकेले रहते हैं और उनका ज्यादातर समय मोबाइल, टीवी या वीडियो गेम में बीतता है। रिश्तों के नाम पर अब उनके फ्रेंड सर्कल के लोग ही होते हैं। उनके इस फ्रेंड सर्कल में अलग-अलग घरों के अलग संस्कारों वाले बच्चे होते हैं,जिससे उनके सामाजिक व्यवहार में भी भिन्नता होती है।

## तिथि विशेष

# भाद्रपद कृष्ण पक्ष त्रयोदशी

हिंदू पंचांग में कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि का विशेष धार्मिक महत्व माना गया है। वर्ष 2026 में 9 सितंबर को भाद्रपद कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि रहेगी। पंचांग के अनुसार त्रयोदशी तिथि 9 सितंबर को दोपहर लगभग 12:30 बजे तक है, इसके बाद कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी शुरू होती है। इसी कारण इस अवधि को मासिक शिवरात्रि से भी जोड़ा जाता है। त्रयोदशी तिथि भगवान शिव की आराधना के लिए महत्वपूर्ण मानी जाती है। इस तिथि से जुड़ा प्रदोष व्रत भी शिव उपासना की प्रमुख परंपराओं में शामिल है। भाद्रपद मास हिंदू धार्मिक परंपरा में अत्यंत पवित्र माना जाता है। इस महीने में अनेक व्रत, पर्व और धार्मिक अनुष्ठान होते हैं। कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी के अवसर पर श्रद्धालु भगवान शिव का ध्यान करते हुए जल, दूध, बेलपत्र, पुष्प और फल आदि अर्पित करते हैं। अनेक शिव मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाता है। त्रयोदशी से जुड़ी धार्मिक मान्यता केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है। यह तिथि मनुष्य को आत्मसंयम, सात्त्विक जीवन और सकारात्मक विचारों की प्रेरणा देती है। व्रत रखने वाले श्रद्धालु दिनभर संयमित आहार लेते हैं तथा मन, वाणी और कर्म में शुद्धता बनाए रखने का प्रयास करते हैं।




## करियर

# पोर्टफोलियो करियर एक नौकरी, कई इनकम

**नरेंद्र कुमार**

कभी करियर की सीधी सी परिभाषा थी- अच्छी डिग्री हासिल करो, नौकरी पाओ, उसी क्षेत्र में अनुभव बढ़ाओ, प्रमोशन लो और धीरे-धीरे करियर की सीढ़ी पर ऊपर चढ़ते जाओ। लेकिन अब दुनिया बदल रही है। आज एक युवा सुबह किसी कंपनी में फुलटाइम जॉब कर सकता है, शाम को फ्रीलांस प्रोजेक्ट संभाल सकता है, सप्ताहांत में ऑनलाइन कोर्स पढ़ा सकता है और साथ-साथ अपना कंटेंट चैनल या छोटा डिजिटल बिजनेस भी चला सकता है। वास्तव में यही है पोर्टफोलियो करियर। एक ऐसा करियर मॉडल जिसमें व्यक्ति अपनी पेशेवर पहचान और आय को एक ही इम्प्लॉयर पर निर्भर रखने की बजाय कई रोल्स प्रोजेक्ट या इनकम स्ट्रीम्स में बांटता है।

इमेज

भारत में सिर्फ सोशल मीडिया का फैशनेबल करियर बजवर्ड नहीं रहा। जून 2026 की एक रिपोर्ट के मुताबिक फ्लेक्सिंग इट प्लेटफॉर्म पर इंडिपेंडेंट कंसल्ट के रजिस्ट्रेशन में 2022 के मुकाबले 290 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वित्तीय वर्ष 2026 में इस प्लेटफॉर्म से जुड़ने वाले कंसल्टेंट्स में लगभग 40 प्रतिशत के आसपास 3 से 8 साल के अनुभव वाले थे, जो कि वित्तीय वर्ष 2025 से 10 फीसदी ज्यादा है। पोर्टफोलियो करियर का मतलब यह नहीं होता कि एक नौकरी छोड़कर चार नौकरियां करना। पोर्टफोलियो करियर का मूल विचार है- अपने कौशल, विशेषज्ञता और व्यावसायिक रुचि का ऐसा पोर्टफोलियो तैयार करना, जिससे अलग-अलग स्रोतों से काम और आय मिल सके। मसलन रमेश को ही लें, वह एक टेक्नोलॉजी कंपनी में यूएक्स (यूजर एक्सपीरियंस) डिजाइनर है और यही उसकी मुख्य नौकरी तथा बुनियादी आय का स्रोत है। लेकिन वह सप्ताहांत में दो स्टार्टअप्स के लिए फ्रीलांस डिजाइन प्रोजेक्ट्स करता है। इसी तरह महीने में एक वर्कशॉप भी लेता है और इंस्टाग्राम पर डिजाइन एजुकेशन जुड़ा कंटेंट भी बनाता है। इस तरह उसका करियर अब केवल यूएक्स डिजाइनरभर का नहीं



है, उसकी प्रोफेशनल आईडेंटी में किसी कंपनी का कर्मचारी होना, साथ ही फ्रीलांसर, एजुकेटर और कंटेंट क्रिएटर यानी चारों पहचान एक साथ मौजूद हैं। वास्तव में यही पोर्टफोलियो माइंड सेट है। यह साइड हसल से थोड़ा अलग है। जबकि आमतौर पर लोग पोर्टफोलियो करियर और साइड हसल को एक ही समझ लेते हैं। दोनों में कुछ समानता तो हैं, लेकिन दोनों समान नहीं हैं। साइड हसल दरअसल, मुख्य नौकरी के साथ किया जाने वाला अतिरिक्त काम है। जैसे नौकरी के बाद फ्रीलांसिंग या ऑनलाइन सेलिंग। जबकि पोर्टफोलियो करियर में कई प्रोफेशनल एक्टिविटीज मिलकर किसी व्यक्ति के करियर स्ट्रक्चर का हिस्सा होती हैं। आज का फ्रीलांस प्रोजेक्ट कल फुलटाइम कंसल्टिंग बिजनेस बन सकता है। यू-ट्यूब चैनल आगे चलकर पेड न्यूज लेटर या कोर्स में बदल सकता है यानी साइड हसल धीरे-धीरे करियर स्ट्रीम बन सकता है। आज की जेन-जी को यह वर्ककल्चर आकर्षित करता है। क्योंकि इसके पीछे सबसे बड़ा कारण अपने काम पर अपना ज्यादा से ज्यादा नियंत्रण होना है। साल 2026 के 'डेलॉइट ग्लोब जेन-जेड एंड मिलेनियल' सर्वे के भारत संबंधी निष्कर्षों में जेन-जेड के प्रमुख करियर गोग्स में वर्कलाइफ बैलेंस और फाइनेंशियल इंडिपेंडेंट सबसे ऊपर रही। वहीं 84 फीसदी भारतीय जेन-जेड रेस्पोडेंट्स ने करियर ग्रोथ के लिए 'ऑन द जॉब लर्निंग' को उपयोगी माना। इससे पता चलता है कि युवा करियर को केवल डिजिग्नेशन और सैलरी इंक्रीमेंट के रूप में नहीं देखता, वह चाहता है कि लगातार उत्पादकता और सेवा क्षमता बढ़े और जरूरत पड़ने पर करियर डायरेक्शन बदली जा सके। एक तरह से यह एक ही नौकरी पर निर्भरता को कम करने की कोशिश भी है। वास्तव में पोर्टफोलियो करियर का सबसे आकर्षक पक्ष इनकम डायवर्सिफिकेशन है। मान लीजिए किसी ग्रॉफिक डिजाइनर की पूरी आय एक ही कंपनी से आती है, कंपनी में रि-स्ट्रक्चरिंग हुई और उसकी नौकरी चली गई। इससे अचानक उसकी पूरी इनकम खत्म हो जाती है। लेकिन इसके उलट यदि उस डिजाइनर की आय का हिस्सा फुलटाइम जॉब के साथ-साथ फ्रीलांस क्लाइंट और एक हिस्सा डिजिटल प्रोडक्ट से भी आ रहा है, तो एक सोर्स बंद होने पर बाकी सोर्स कुछ फाइनेंशियल सहारा दे सकते हैं। हालांकि इसका मतलब पोर्टफोलियो करियर, सौ फीसदी फाइनेंशियल सिक्योरिटी की गांरटी नहीं होता। फ्रीलांसर, प्रोजेक्ट आधारित वर्क में इनकम अनिश्चित हो सकती है। साथ ही भारत में पोर्टफोलियो करियर से अनेक चुनौतियां भी जुड़ी हैं। जॉब बेनीफिट्स, पेड लीव, इंश्योरेंस और रिटायरमेंट सिक्योरिटी इन सब चीजों का अभाव होता है। इसलिए इनकम डायवर्सिफिकेशन एक किस्म का रिस्क भी है।

## वायरल

# 10,000 फीट की ऊंचाई से गिरी महिला, फिर भी बच गई जान




यूके के नॉटिंघम में 35 साल की हॉली विफेन के साथ स्काईडाइविंग के दौरान बड़ा हादसा हो गया। अगर पैराशूट धोखा दे जाए, तो बचना नामुमकिन है लेकिन यूके में एक महिला के साथ ऐसा चमत्कार हुआ जिसके बारे में जानकर हर कोई हैरान है। इतनी ऊंचाई से गिरने के बाद भी यह महिला जिंदा बच गई। सोशल मीडिया पर वीडियो भी सामने आया है, जिसे देखकर लोगों के रोंगटे खड़े हो गए। दिल दहला देने वाला ये हादसा नॉटिंघम के लैंगर एयरफील्ड में हुआ। डेवोन के ओकहैम्पटन की रहने वाली 35 साल की हॉली विफेन अपने दोस्तों के साथ स्काईडाइविंग करने गई थीं। सभी 12 हजार फीट की ऊंचाई से प्लेन से कूदे थे। एक रिपोर्ट के मुताबिक, हवा में ही ट्रैकिंग करते वक्त एक दूसरे स्काईडाइवर का पैर जोर से हॉली के सिर पर लग गया। टक्कर इतनी तेज थी कि हॉली हवा में ही बेहोश हो गईं और 150 की स्पीड से नीचे गिरने लगीं। उनके साथी ने उन्हें पकड़ने की कोशिश की, पर पकड़ नहीं पाया। किस्मत अच्छी थी कि नीचे एक घना पेड़ था। हॉली सीधे जमीन पर गिरने की जगह पेड़ से टकरा गईं। पेड़ की टहनियों ने गिरने की रफ्तार को कम कर दिया और उनकी जान बच गई। जब होश आया तो वो जमीन पर पड़ी थीं और उनका पैर मुड़ा हुआ था। इस हादसे में हॉली की रीढ़ की हड्डी टूट गई और पैर में भी गंभीर चोटें आईं। हालांकि, मौत को इतने करीब से देखने के बाद भी हॉली का हौसला नहीं टूटा है। उनका कहना है कि ठीक होते ही वो दोबारा स्काईडाइविंग करेंगी।

## X का एक्सरे

'झूठ की गूंज' से भरमाने वाले हर चौराहे पर मिल जाएंगे। भारत का नौजवान सच की हुंकार से चलता है। सच की हुंकार के साथ चलता है। सच की हुंकार के लिए चलता है। हमारे युवा साथी ये देख रहे हैं कि आज देश में सोलर हो, विंड हो, हाइड्रो हो, न्यूक्लियर हो, सारे सेक्टर पर सरकार कितना काम कर रही है।



**नरेन्द्र मोदी**

सरकार संविधान के तहत जो भी संभव होगा, वह करेगी। एक समुदाय के हिस्से से दूसरे समुदाय को देने के लिए कोई कटौती नहीं की जाएगी। सत्तारूढ़ गठबंधन ने अब तक मराठा समुदाय से जुड़े सभी बड़े फैसले लिए हैं और आगे भी संविधान के दायरे में तथा अदालत के आदेशों के अनुरूप जरूरी फैसले किए जाएंगे।



**देवेंद्र फडणवीस**

दुर्गा पूजा के दौरान मांस खाना कोई विवाद का विषय नहीं है। दुर्गा पूजा में कई जगह बकरे की बलि दी जाती है और उसका मांस प्रसाद के तौर पर खाया जाता है। जिसे जो खाना है, उसे खाने की आजादी होनी चाहिए। संत अपने नजरिए से बात करते हैं और स्वास्थ्य के लिहाज से शाकाहारी भोजन को अच्छा बताते हैं।



**दिलीप घोष**

मुझे राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की मेजबानी के लिए दिल्ली से कोई खास लगाव नहीं है, लेकिन मैं गुजरात में इसे स्थानांतरित करने पर सवाल उठाता हूं। गुजरात ही क्यों? जब आप किसी दूसरे शहर/राज्य में पुरस्कार देने की परंपरा तोड़ रहे हैं, तो क्यों न यह सम्मान उस राज्य को दिया जाए जिसने सिनेमा में योगदान दिया हो?



**राहुल ढोलकिया**

**एक नजर**

### परिषदीय विद्यालयों में उत्कृष्ट बच्चों को मिलेगा सम्मान

**लखनऊ (एजेंसी)।** परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों की उपलब्धियों को प्रोत्साहित करने के लिए 15 फरवरी से 15 मार्च के बीच पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किए जाएंगे। पीएम श्री विद्यालयों को इस आयोजन से बाहर रखा गया है। प्रत्येक कक्षा से परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन, सर्वाधिक उपस्थिति और विभिन्न गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले एक-एक छात्र-छात्रा को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा बच्चों की उपलब्धियों में सहयोग करने वाले अभिभावकों और सक्रिय विद्यालय प्रबंध समिति (एसएमसी) सदस्यों को भी सम्मान मिलेगा। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। समारोह में ग्राम पंचायत के निर्वाचित प्रतिनिधियों, एसएमसी सदस्यों और सभी अभिभावकों को आमंत्रित किया जाएगा।

# बुंदेलखंड में जल संकट दूर करेगा वाटर प्रोजेक्ट

**लखनऊ (एजेंसी)।** बुंदेलखंड के जल संकट को स्थायी रूप से दूर करने और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से योगी सरकार 'इंडिया-इजराइल बुंदेलखंड वाटर प्रोजेक्ट' को तेजी से धरातल पर उतार रही है। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के तहत झांसी के बड़ागांव विकासखंड स्थित ग्राम गंगावली में 19.1 करोड़ रुपये की लागत से मिनी पायलट प्रोजेक्ट तैयार किया जा रहा है। इसका उद्देश्य इजरायल की तर्ज पर उपलब्ध जल संसाधनों का वैज्ञानिक एवं अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करना है, ताकि कम पानी में किसान आधुनिक तकनीकों से बेहतर उत्पादन हासिल कर सकें।



**जल संरक्षण के साथ सौर ऊर्जा और माइक्रो इरिगेशन:** गंगावली में परियोजना के तहत जल संरक्षण, सौर ऊर्जा और माइक्रो इरिगेशन को एकीकृत किया जा रहा है। जलाशय का अर्थवर्क, जियोमेम्ब्रेन लाइनिंग, सोलर पंप की स्थापना और नहर से जलाशय तक इंटेक पाइप का काम पूरा हो चुका है। गांव के गंदे पानी को जलाशय में जाने से रोकने और उसे साफ करने के लिए नेचुरल एसटीपी तैयार किया गया है। पीयूएफ पैनल आधारित भवनों का निर्माण भी पूरा हो चुका है और सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

**8.5 हेक्टेयर में आधुनिक खेती का प्रदर्शन:** परियोजना के अगले चरण में 8.5 हेक्टेयर क्षेत्र में आधुनिक कृषि तकनीकों का लाइव डेमो कराया जाएगा। यहां ड्रिप और स्प्रिंकलर आधारित माइक्रो इरिगेशन सिस्टम, ग्रीनहाउस तथा सिंचाई ऑटोमेशन के लिए एससीएडीए व्यवस्था लागू की जाएगी। इसके माध्यम से किसानों को फसल की जरूरत के मुताबिक सटीक मात्रा में पानी देने, लागत कम करने और उत्पादन बढ़ाने की तकनीक का व्यावहारिक अनुभव मिलेगा।

**72 प्रशिक्षण सत्रों में किसानों को प्रशिक्षण:** परियोजना के तहत 72 प्रैक्टिकल ट्रेनिंग सेशन आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक सत्र में करीब 100 किसानों को वाटर बजटिंग, क्रॉप प्लानिंग, फर्टिगेशन और कृषि मशीनरी के इस्तेमाल की जानकारी दी जाएगी। इससे किसान पानी की उपलब्धता के आधार पर फसल का चयन कर सकेंगे।

**24 गांवों तक विस्तार की तैयारी:** भूगर्भ जल विभाग के अनुसार गंगावली का मिनी पायलट प्रोजेक्ट सफल रहा तो इसे पाहुज नहर के डाउनस्ट्रीम स्थित 24 अन्य गांवों में लागू किया जाएगा। निर्माण कार्य 31 दिसंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य है। इसके बाद परियोजना को जून 2029 तक ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस मोड में संचालित किया जाएगा।

### परिषदीय स्कूलों में बच्चों को मिलेगा सम्मान

**लखनऊ (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश सरकार अब परिषदीय विद्यालयों के बच्चों की प्रतिभा को पहचान, प्रोत्साहन और सम्मान देने की पहल कर रही है। वर्ष 2026-27 की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट के तहत प्रदेश के 1,31,918 परिषदीय विद्यालयों में वार्षिकोत्सव के अंतर्गत पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित होंगे। ये समारोह 15 फरवरी 2027 से 15 मार्च 2027 के बीच होंगे। इनमें पढ़ाई, नियमित उपस्थिति, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों और विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह में ग्राम पंचायत के निर्वाचित प्रतिनिधि, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य, अभिभावक और लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। अध्यापकों को व्यक्तिगत रूप से तथा बच्चों द्वारा बनाए गए निमंत्रण कार्ड के माध्यम से आमंत्रण देने के निर्देश हैं। सरकार का मानना है कि बच्चों की मेहनत और प्रतिभा को मंच मिलने से उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा तथा विद्यालयों में वातावरण मजबूत होगा।

# जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर तरही नाते पाक मुशायरे में गूंजे कलाम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** क़िब्ला-ए-आलम वेलफेयर सोसाइटी, खटीमा के तत्वावधान में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जश्ने ईद मिलादुन्नबी एवं तरही नाते पाक मुशायरे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दूरदराज व क्षेत्रीय शायरों ने शिरकत कर अपने बेहतरी नाते पाक, और शेरो शायरी, कलाम से मौजूद लोगों को मुनव्वर किया। मुशायरे का संचालन अफसार सिद्दीक़ी ने किया जबकि अध्यक्षता मेहंदी हसन ने और समापन मौलाना इरफान-उल-हक़ कादरी ने।

मुशायरे का आगाज कारी अदील ने कुरआन की आयत की तिलावत से की। इसके बाद सैयद मारूफ अली ने नात-ए-रसूल-ए-करीम पेश कर महफिल को मुनव्वर किया। मुशायरे में बाहर से तशरीफ लाए मोइन नवाबगंज, शाद पीलीभीत और अजहर फारूकी बरेली समेत अन्य शायरों ने अपने बेहतरीन कलाम पेश किए। शायरों के शानदार अंदाज और नातिया अशआर पर लोगों ने जमकर दाद दी और पूरी महफिल वाह-वाह से गूंज उठी। कार्यक्रम के समापन अवसर पर एक्यू इंडस्ट्रीज के निदेशक खुर्शीद आलम खान ने सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए राशिद अंसारी को सम्मानित करते हुए प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया। इस दौरान उनके सामाजिक योगदान की सराहना की गई। अंत में डॉ. सिराज अहमद ने कार्यक्रम में मौजूद सभी सामईन, शायरों, उलेमा-ए-कराम एवं इमाम हजरात का तहेदिल से शुक्रिया अदा किया। आयोजन को सफल बनाने में सोसाइटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# सांस्कृतिक महोत्सव में खटीमा विद्या मंदिर का शानदार प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** रामकुमारी अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, खटीमा में रुद्रपुर संकुल के सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष चरनजीत सिंह सहित विभिन्न विद्यालयों से पहुंचे प्रधानाचार्यों एवं गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। महोत्सव में विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति, परंपराओं, लोककला एवं विभिन्न सांस्कृतिक विषयों पर आधारित मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य बसंत बल्लभ जोशी ने किया। महोत्सव के अंतर्गत प्रश्न मंच प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में सामान्य ज्ञान, इतिहास, भारतीय संस्कृति, विज्ञान एवं समसामयिक विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। विद्यार्थियों ने अपनी त्वरित बुद्धि, ज्ञान और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में लोक नृत्य में विद्या मंदिर खटीमा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं मूर्ति कला प्रतियोगिता के किशोर वर्ग में भी विद्या मंदिर खटीमा प्रथम रहा। आचार्य पत्र वाचन में विद्या मंदिर खटीमा की आचार्या इशिका प्रथम रहीं। तात्कालिक भाषण में विद्या मंदिर कल्याणी व्यू रुद्रपुर, स्वरचित काव्य पाठ में विद्या मंदिर नानकमत्ता तथा चित्रकला एवं गीत प्रतियोगिता में विद्या मंदिर कल्याणी व्यू रुद्रपुर ने प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यालय चैंपियनशिप का खिताब सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज कल्याणी व्यू रुद्रपुर ने अपने नाम किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. भगत सिंह बोरा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इनके माध्यम से विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, परंपराओं और राष्ट्र के प्रति गौरव की भावना मजबूत होती है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए निरंतर ज्ञान अर्जित करने और अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्यों एवं समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में बीडी चिल्कोटी, देव सिंह, कैलाश त्रिपाठी, माधवानंद भट्ट, गिरीश चंद्र जोशी, कृष्णावर्धन जोशी, कैलाश भट्ट, प्रकाश डिक्टिया, आकांक्षा जोशी, भुवन जोशी, कैलाश जोशी, नरेंद्र रौतेला, बीएस मेहता, सुदर्शन वर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



प्रतियोगिता में मोजूद प्रतिभागी। -जागरण मोर्चा

▶ लोक नृत्य व मूर्ति कला में प्रथम स्थान, कल्याणी व्यू रुद्रपुर ने हासिल की विद्यालय चैंपियनशिप

# पत्नी-बच्चों से मारपीट का आरोप, गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** सत्रहमील मझौला चौकी पुलिस ने शराब के नशे में पत्नी और बच्चों के साथ मारपीट कर शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई की।

पुलिस के अनुसार, जोगा सिंह पुत्र सुरता सिंह (33), निवासी हल्दी फार्म, खटीमा की पत्नी सोनी कौर ने चौकी में शिकायत देकर आरोप लगाया था कि उसका पति आए दिन शराब के नशे में उसके और बच्चों के साथ मारपीट करता है। शिकायत के मुताबिक, पांच सितंबर को भी जोगा सिंह ने उसके साथ लाठी-डंडों से मारपीट की थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने जोगा सिंह को पूछताछ के लिए चौकी पर बुलाया था। पुलिस का कहना है कि चौकी परिसर में भी वह अपनी पत्नी के साथ मारपीट करने पर आमादा हो गया।

समझाने-बुझाने के बावजूद जब वह नहीं माना तो पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में धारा 170 बीएनएसएस के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी खटीमा के निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक खटीमा के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तारी टीम में चौकी प्रभारी सत्रहमील मझौला उपनिरीक्षक किशोर पंत, हेड कांस्टेबल मनोज कुमार, कांस्टेबल उमेश जोशी और कांस्टेबल जगदीश शामिल रहे।



पुलिस के साथ मौजूद गिरफ्तार युवक। -जागरण मोर्चा

# कैप्टन लक्ष्मण सिंह की सैन्य सम्मान संग अंत्येष्टि

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** खेतलसंडा खाम निवासी 9 कुमाऊं के सेवानिवृत्त कैप्टन लक्ष्मण सिंह 74 का रविवार रात नौ बजे निधन हो गया। बनबसा स्थित शारदा घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन की सूचना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। कैप्टन पोखरिया की अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में परिजन, पूर्व सैनिक एवं क्षेत्रवासी शामिल हुए। शारदा घाट पर उनकी चिता को मुखाग्नि उनकी पुत्री प्रीति पोखरिया एवं पौत्र आदर्श पोखरिया ने दी। अंतिम संस्कार में खटीमा सैनिक संगठन के उपाध्यक्ष सूबेदार राजेंद्र अधिकारी सहित उनकी पलटन 9 कुमाऊं के गौरव सेनानी कैप्टन मानी चंद, कैप्टन पुष्कर सिंह, हवलदार सुरेश चंद, सूबेदार लक्ष्मण सिंह, हवलदार भवान सिंह, हवलदार सुरेश गिरी, कैप्टन नंदन सिंह, हवलदार फकीर सिंह समेत बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक, सगे-संबंधी एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे। इस दौरान स्टेशन हेडक्वार्टर की ओर से दिवंगत कैप्टन लक्ष्मण पोखरिया के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। पूर्व सैनिकों एवं उपस्थित लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके निधन को क्षेत्र एवं सैन्य समुदाय के लिए अपूरणीय क्षति बताया।



कैप्टन लक्ष्मण सिंह।

# युवा संसद: खटीमा के रोहित जोशी सम्मानित

▶ ऊधम सिंह नगर जिले में द्वितीय स्थान हासिल करने पर डोईवाला में मिला सम्मान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर खटीमा छात्रसंघ अध्यक्ष रोहित जोशी ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में उन्होंने ऊधम सिंह नगर जिले में द्वितीय स्थान हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि पर देहरादून के डोईवाला में आयोजित सम्मान समारोह में प्रदेशभर से चयनित प्रतिभागियों के साथ रोहित जोशी को भी सम्मानित किया गया।

युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का चयन कर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद रोहित जोशी ने प्रदेश सरकार और आयोजन समिति का आभार जताया। उन्होंने कहा कि युवा केवल देश का भविष्य ही नहीं, बल्कि वर्तमान में भी राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की क्षमता रखते हैं।

राष्ट्रीय युवा संसद जैसे मंच युवाओं को लोकतांत्रिक व्यवस्था को समझने, अपने विचार प्रभावी ढंग से रखने और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का अवसर प्रदान करते हैं। रोहित जोशी की उपलब्धि पर क्षेत्र के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, समर्थकों और शुभचिंतकों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी। लोगों ने कहा कि उनकी सफलता से खटीमा के युवाओं को आगे बढ़ने और सामाजिक व लोकतांत्रिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरणा मिलेगी।



द्वितीय स्थान हासिल करने पर डोईवाला में रोहित जोशी सम्मानित। -जागरण मोर्चा

# नानकमत्ता: सड़कों के लिए 456.54 लाख स्वीकृत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** नानकमत्ता विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपाल सिंह राणा के प्रयास से राज्य योजना से 4.500 किमी मार्ग का पुनर्निर्माण 174 .41 लाख से होना है। इसी विधानसभा क्षेत्र में टीएसपी योजना के अंतर्गत 6.400 किमी मार्ग का निर्माण 282.13 लाख से पुनर्निर्माण होना है। उत्तराखंड शासन के अपर सचिव महावीर चौहान द्वारा प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग देहरादून को भेजे पत्र में राज्य योजना एवं टीएसपी योजना से होने वाले कार्यों की सूची लंबाई व बजट स्वीकृत की जानकारी दी है। टीएसपी तयोजना के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र के ग्राम डोहरा में साधु नगर लिंक मार्ग से लल्लन के घर की ओर तथा दयाशंकर के घर से गणेश के घर की ओर 2.600 किमी मार्ग का पुनर्निर्माण एक करोड़ 29 लाख 34 हजार की लागत से होना है। इसी विधानसभा क्षेत्र में टीएसपी योजना के अंतर्गत बैलखेड़ा से पहसैनी मार्ग की ओर 1.500 किमी मार्ग का पुनर्निर्माण 47 लाख 61हजार तथा देवकली संपर्क मार्ग के किमी दो से नहर पटरी होते हुए सरदार मटिहा बरीक सिंह व संतोष सिंह आदि के घर की ओर 2.300 किमी मार्ग का नवनिर्माण कार्य एक करोड़ 5 लाख 18 हजार से होना है। विधायक राणा के इस प्रयास से स्वीकृत रोड के संबंध में नानकमत्ता विधानसभा क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है।

**प्रतियोगिता** | 17 विद्यालयों के 34 छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा, वैज्ञानिक सोच और प्रतिभा का किया प्रदर्शन

# सिटी कॉन्वेंट में विज्ञान प्रीमियर लीग की ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता सम्पन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (UCOST), देहरादून के तत्वावधान में 'आओ मिलकर बनाएं विज्ञानमय उत्तराखंड' के संकल्प के तहत द्वितीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रीमियर लीग-2026 की ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता बुधवार को सिटी कॉन्वेंट स्कूल, खटीमा में आयोजित की गई। प्रतियोगिता का आयोजन 'विज्ञान से समाधान, सशक्त राष्ट्र में समृद्धि' मंत्र तथा 'विज्ञान, समाज और सतत विकास' थीम पर किया गया। शिवालिक चिल्ड्रन साइंस फाउंडेशन ने सहयोगी संस्था के रूप में सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खटीमा विधायक भुवन चंद्र कापड़ी, जिला समन्वयक विज्ञान संचारक नरेंद्र रौतेला, ब्लॉक समन्वयक निर्मल न्यूलिया, विद्यालय प्रबंधक प्रवीण उपाध्याय, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर तिलक उपाध्याय, प्रधानाचार्या शुभ्रा सक्सेना एवं एडमिन ऑफिसर राजेश जोशी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में विकासखंड के 17 विद्यालयों के 34 छात्र-छात्राओं ने जूनियर और सीनियर वर्ग में प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों की वैज्ञानिक समझ और त्वरित निर्णय क्षमता परखने के लिए विजुअल राउंड, वीडियो राउंड, एक्सटेम्पोर, रैपिड फायर और बजर राउंड आयोजित किए गए। इसके अलावा लिखित परीक्षा तथा विज्ञान मॉडल प्रस्तुति भी हुई। विद्यार्थियों ने चंद्रयान, जल संरक्षण, सौर ऊर्जा, स्मार्ट सिटी, पर्यावरण संरक्षण और अपशिष्ट प्रबंधन जैसे विषयों पर आकर्षक एवं उपयोगी मॉडल प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के जूनियर एवं सीनियर वर्ग से तीन-तीन विद्यार्थियों का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों को मोमेंटो, मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया, जबकि सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि विधायक भुवन चंद्र कापड़ी ने कहा कि विज्ञान हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। बच्चों में वैज्ञानिक सोच और जिज्ञासा विकसित करना समय की आवश्यकता है। आज के विद्यार्थी ही भविष्य में देश के वैज्ञानिक और आविष्कारक बनेंगे। उन्होंने कहा कि विज्ञान के माध्यम से देश को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। जिला विज्ञान संचारक नरेंद्र रौतेला एवं ब्लॉक समन्वयक निर्मल न्यूलिया ने रोचक प्रयोगों के माध्यम से विद्यार्थियों को विज्ञान के विभिन्न सिद्धांत समझाए। उन्होंने कहा कि दैनिक जीवन में विज्ञान की उपयोगिता को समझना और सवाल पूछने की प्रवृत्ति विकसित करना बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या शुभ्रा सक्सेना ने कहा कि (UCOST) की विज्ञान प्रीमियर लीग विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान से आगे बढ़कर प्रयोग करने, नए विचार सोचने और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने का अवसर प्रदान कर रही है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक दिग्विजय गंगवार एवं कविता देवी ने किया।



प्रतियोगिता में मौजूद अतिथि एवं विजयी प्रतिभागी।

# सरस्वती एकेडमी में अंग्रेजी विषय की गतिविधियों से निखरी विद्यार्थियों की प्रतिभा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** सरस्वती एकेडमी बिगराबाग में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से अंग्रेजी विषय की विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

गतिविधियों में कक्षा एक के विद्यार्थियों के लिए (English Dictation) तथा कक्षा दो के विद्यार्थियों के लिए (English Reading Activity) कराई गई। डिक्टेशन गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों की अंग्रेजी शब्दों की वर्तनी, लेखन एवं सुनने की क्षमता को विकसित करने पर जोर दिया गया। वहीं, रीडिंग एक्टिविटी के जरिए बच्चों में शुद्ध उच्चारण, पढ़ने की गति और आत्मविश्वास बढ़ाने का प्रयास किया गया। दोनों कक्षाओं के विद्यार्थियों ने गतिविधियों में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियों का उद्देश्य बच्चों को पारंपरिक पढ़ाई के साथ-साथ गतिविधि आधारित एवं आनंददायक तरीके से सीखने के अवसर प्रदान करना है। विद्यालय में समय-समय पर ऐसी गतिविधियों का आयोजन कर विद्यार्थियों की भाषाई एवं रचनात्मक क्षमताओं को विकसित किया जा रहा है।





प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी। -जागरण मोर्चा

## एक नजर



### घर से माल जेवर लेकर महिला गायब

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी पत्नी तीन दिन पहले घर से माल जेवर लेकर चली गई। घर पर महिला को ना पाकर परिजनों के होश उड गए। काफी तलाश करने के बाद भी महिला का कोई पता नही चल सका, इसके बाद परिजनों ने अपने नाते रिस्तेदारों से जानकारी की, लेकिन कोई पता नही चल सका, मामले की तहरीर पुलिस को दी गई। पुलिस मामले की जांच पडताल कर रही है। पुलिस ने बताया मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही उसको बरामद कर लिया जाएगा।

# अलायंस क्लब मधुबन एवं मैत्री ने मनाया चार्टर डे और जन्मोत्सव

## शिक्षिकाओं का सम्मान कर बच्चों को बांटी पठन-सामग्री

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** आज सामाजिक संस्था अलायंस क्लब मधुबन एवं मैत्री' द्वारा अपने गोद लिए हुए विद्यालय 'बाल कल्याण निकेतन' में एक भव्य और गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्लब अध्यक्ष कंचन सक्सेना की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में त्रिवेणी उत्सव का रंग देखने को मिला, जहाँ क्लब का चार्टर डे, फाउंडर सतीश लखोटिया का जन्मदिन और क्लब की चार्टर्ड डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मधु कुमार का जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और केक काटने की रस्म के साथ हुआ। इस अवसर पर संस्था ने




आलायंस क्लब की सदस्य। -जागरण मोर्चा

न केवल अपनी उपलब्धियों को याद किया।बल्कि समाज सेवा की मिसाल पेश करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में योग दान दे रही शिक्षिकाओं और बाल कल्याण निकेतन के विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर समाज के निर्माण में गुरुओं के अमूल्य योगदान को सराहते हुए बाल कल्याण निकेतन एवं क्लब की कुल पन्द्रह शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। सभी शिक्षिकाओं को संस्था की ओर से दुशाला ओढ़ाकर एवं विशेष उपहार भेंट कर उनके समर्पण के प्रति आभार व्यक्त किया गया। संस्था के तत्वावधान विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए क्लब की पदाधिकारियों द्वारा उन्हें कॉपियाँ, पेंसिलें, बिस्कुट और टॉफियाँ वितरित की गईं। अध्यक्षता कर रहीं कंचन सक्सेना ने कहा कि अलायंस क्लब हमेशा से ही बाल कल्याण और शिक्षा के प्रचार प्रसार के लिए समर्पित रहा है। गोद लिए गए स्कूल के बच्चों का सर्वांगीण विकास ही क्लब की मुख्य प्राथमिकता है।इस गरिमामय समारोह में चार्टर्ड डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मधु कुमार, मिथलेश शर्मा, निशा सक्सेना, पुष्पा सिंह, नीनू सक्सेना, दीपा सरीन, अंजली, कंचन, मिकिल गंगवार, सुमन लता, कविता सिंह और पूनम अग्रवाल सहित क्लब की अनेक सदस्याएं एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय इनर व्हील क्लब का शपथ ग्रहण समारोह व टीचर्स डे भव्यता से संपन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** आज इनर व्हील क्लब का शपथ ग्रहण समारोह भव्य तरीके से संपन्न हुआ, समारोह की मुख्य अतिथि जिला 311 बरेली से पधारी डॉ नीलू मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने 49 वर्षों की गौरवशाली सेवा यात्रा को सुचारू रखते हुए इनर व्हील क्लब की प्रशंसा की और 26 27 की नई कार्यकारिणी की घोषणा की अध्यक्ष डॉ अनुरीता सक्सेना व सचिव श्रीमती महिमा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष स्वाति अग्रवाल, आइसोओ पूनम चंद्र ,एडिटर मीना मल्होत्रा ,उपाध्यक्ष शालिनी गुप्ता, सह सचिव मनीष खंडेलवाल ,सीएलसी मोनिका बंसल, क्लब एडमिन पुष्पा सिंह का चुनाव संपन्न हुआ।आईपीपी पूनम अग्रवाल ने डॉ अनुरीता सक्सेना को कालर व पिन पहनाकर अपना कार्य सौपा तथा सचिव शिल्पी सेठ ने



महिमा अग्रवाल को पिन प्रदान की,, वर्तमान अध्यक्ष डॉ अनूरिता सक्सेना ने अपने संबोधन में आगामी वर्ष के क्रियाकलापों का विस्तार से चर्चा की उन्होंने कहा आंगनबाड़ी गोद लेना, यशवंती देवी मंदिर पिक टॉयलेट व तथा भव्य गेट का निर्माण, सौर ऊर्जा पार्क बनवाना, विकलांग बच्चों को व्हीलचेयर प्रदान करना, ख्याति प्राप्त खिलाड़ियों का सम्मान हमारा विशेष लक्ष्य रहेगा।आपने कहा पूरे वर्ष में हम पन्द्रह रोगियों की डायलिसिस भी करवाएंगे। आज समारोह में टीचर्स डे शिक्षक दिवस सम्मान दिवस पर शिक्षिका निधि निगम वरहा विद्यालय, रेनू राय अवंती बाई स्कूल, वर्षा सक्सैना लिटिल एंजेल स्कूल को पटका पहनाकर व गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया इसी के साथ क्लब की शिक्षाएं श्रीमती नीता मोदी, रोजी दीक्षित, पूनम चंद्र, मंजू बक्शी ,चारु अग्रवाल ,लीना गुप्ता, चारु धवल, मीनाक्षी त्रिपाठी ,कविता सिंह, प्रिया जगोटा को भी सम्मानित किया गया। कुछ नए सदस्यों को भी क्लब में आज सम्मिलित किया गया जिसमे मोनिका अग्रवाल, कविता सिंह, निधि अग्रवाल, शालिनी अग्रवाल, गुरलीन कौर, मनीष त्रिपाठी, पारुल अग्रवाल, श्वेता तनेजा का स्वागत किया गया। इनर व्हील क्लब का विशेष कार्यक्रम हर माह की बर्थडे क्वीन सितंबर माह की आठ बर्थडे क्वीन को ताज पहनाकर व पौधे प्रदान कर उनको सम्मानित किया गया।

# बासमती धान की खेती को पीलीभीत से मिली नई पहचान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** आज एक ऐतिहासिक दिन है एपीडा, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी बासमती एवं जैविक प्रशिक्षण केंद्र सह प्रदर्शन फार्म का शिलान्यास समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम का आयोजन 9 सितंबर 2026, बुधवार को राजकीय इंटर कॉलेज, न्यूरिया कॉलोनी, पीलीभीत में किया गया है। समारोह का मार्गदर्शन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया, जबकि शिलान्यास केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद और उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के द्वारा बटन दबाकर किया गया है। इस दौरान पीलीभीत प्रभारी के बलदेव सिंह औलख, पूरनपुर



सांसद जितेंद्र प्रसाद ने किया सभा को संबोधित। -जागरण मोर्चा

विधायक बाबू राम पासवान, बरखेड़ा स्वामी प्रवक्तानंद, बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा, जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। बताया गया है कि इस केंद्र के बनने से पीलीभीत और तराई क्षेत्र के किसानों को बासमती की खेती और जैविक खेती की आधुनिक ट्रेनिंग मिलेगी, जिससे उनकी आय दोगुनी होगी और पीलीभीत के बासमती को अंतरराष्ट्रीय बाजार मिलेगा। इस पूरे प्रोजेक्ट की कार्यदायी संस्था केंद्रीय लोक निर्माण विभाग है।

# कलयुग में अजा एकादशी व्रत और कथा का विशेष महत्व : मोहन चन्द्र भट्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** आज श्री लक्ष्मी नारायण मन्दिर साहूकारा में मन्दिर के पुजारी पण्डित मोहन चन्द्र भट्ट ने अजा एकादशी व्रत कथा वैष्णवों को सुनाई अजा एकादशी भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी का व्रत है।भट्ट ने पौराणिक मान्यताओं के अनुसार एकादशी व्रत की पूजा इसके महत्व और कथा को सुने बिना अधूरी मानी जाती है। मोहन ने बताया कि अजा एकादशी की सम्पूर्ण व्रत कथा इस प्रकार है। प्राचीन काल में राजा हरिश्चंद्र नाम के एक चक्रवर्ती राजा राज्य करते थे। वे अपनी सत्यनिष्ठा और ईमानदारी के लिए पूरे ब्रह्मांड में प्रसिद्ध थे। एक बार देवताओं की परीक्षा और अपने वचन को निभाने के लिए उन्होंने अपना पूरा राज्य दान कर दिया। इतना ही नहीं, उन्हें अपनी पत्नी, पुत्र और स्वयं को भी बेचना पड़ा। राजा हरिश्चंद्र एक चांडाल के यहाँ सेवक बन गए और श्मशान भूमि पर आने वाले शवों से कर टैक्स वसूलने का काम करने लगे। वह बहुत कष्टों भरा जीवन जी रहे थे, लेकिन उन्होंने कभी भी सत्य का मार्ग नहीं छोड़ा



लक्ष्मी नारायण मंदिर के महंत। -जागरण मोर्चा

ऋषि गौतम से भेंट कई वर्ष बीत जाने के बाद राजा अपने इस नीच कर्म और दुखों से बहुत चिंतित रहने लगे। एक दिन वे श्मशान में बैठे गहरी चिंता में डूबे थे, तभी वहाँ से ऋषि गौतम गुजरे। राजा ने उन्हें प्रणाम किया और अपनी सारी दुख भरी कहानी कह सुनाई।राजा के कष्टों को देखकर ऋषि गौतम ने कहा हे राजन! तुम्हारे भाग्य से आज से ठीक सात दिन बाद भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की 'अजा' नाम की एकादशी आने वाली है। तुम विधि-विधान से इस एकादशी का व्रत करो और रात्रि में जागरण करो। इस व्रत के पुण्य प्रभाव से तुम्हारे समस्त पिछले जन्मों के पाप नष्ट हो जाएंगे और तुम्हें दुखों से मुक्ति मिलेगी"। ऐसा कहकर गौतम ऋषि वहाँ से अंतर्ध्यान हो गए। व्रत का प्रभाव और फल राजा हरिश्चंद्र ने ऋषि गौतम के कहे अनुसार एकादशी तिथि आने पर पूरी श्रद्धा के साथ अजा एकादशी का व्रत किया और रात्रि जागरण किया। इस पावन व्रत के प्रभाव से राजा के सभी पाप नष्ट हो गए। श्मशान में उनके सामने भगवान प्रकट हुए। उनका मृत पुत्र रोहित दोबारा जीवित हो गया और उनकी पत्नी तारा को रानी के रूप में उनका सम्मान वापस मिला। देवताओं ने स्वर्ग से पुष्प वर्षा की और राजा हरिश्चंद्र को उनका खोया हुआ पूरा राज्य वापस मिल गया। अंत समय में राजा अपने पूरे परिवार और प्रजा सहित बैकुंठ धाम विष्णु लोक को सिधार गए। अंत में सभी भक्तों को मोहन ने प्रसाद वितरण किया।

## संक्षेप समाचार

### बरखेड़ा में शुरू हुई अल्ट्रासाउंड की सुविधा ,अब मरीजों को नहीं लगानी पड़ेगी पीलीभीत की दौड़



अल्ट्रासाउंड सेंटर का हुआ उद्घाटन। -जागरण मोर्चा

**बरखेड़ा।** कस्बे के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नई सुविधा मिली है। बरखेड़ा में क्लियर व्यू अल्ट्रासाउंड सेंटर का शुभारंभ सेवानिवृत्त पतरौल रफीक अहमद और पूर्व लेखपाल बशीर अहमद सिद्दीकी ने फीता काटकर किया ।क्लियर व्यू अल्ट्रासाउंड सेंटर पर मरीजों के लिए अल्ट्रासाउंड सहित अन्य जांचों की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। सेंटर शुरू होने से अब बरखेड़ा और आसपास के क्षेत्र के मरीजों को अल्ट्रासाउंड कराने के लिए करीब 20 किलोमीटर दूर पीलीभीत नहीं जाना पड़ेगा। इससे मरीजों का समय और आने-जाने का खर्च बचने के साथ ही उन्हें लंबी कतारों और अन्य परेशानियों से भी राहत मिलेगी ।अब तक क्षेत्र के लोगों को अल्ट्रासाउंड के लिए पीलीभीत जाना पड़ता था, जहां कई बार जांच के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता था। स्थानीय स्तर पर सुविधा उपलब्ध होने से मरीजों को काफी सहूलियत मिलने की उम्मीद है ।सेंटर पर एमबीबीएस, एमएस डॉक्टर एम. जोसेफ द्वारा अल्ट्रासाउंड की रिपोर्ट तैयार की जाएगी। उद्घाटन अवसर पर बृजेश गंगवार, दीपक पांडे, हाफिज इंतजार अहमद, हसीब अहमद, शकील अहमद, राशिद खान सहित कस्बे के तमाम संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

### राष्ट्र निर्माण और स्वावलंबन में युवाओं की भूमिका सर्वोपरि: डॉ. आर. पी. गंगवार

**पीलीभीत।** ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज के कृषि विभाग के प्रवक्ता डॉ. आर. पी. गंगवार ने युवाओं को राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए उनसे सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने, स्वावलंबी बनने और देश की प्रगति में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि किसी भी विकसित और सशक्त समाज के निर्माण के लिए युवा पीढ़ी का शिक्षित, जागरूक, स्वाभिमानी और नशामुक्त होना अत्यंत आवश्यक है। जनहित में जारी अपने संदेश में डॉ. गंगवार ने कहा कि इतिहास इस बात का गवाह है कि युवाओं ने हमेशा राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाई है। देश की आजादी के संग्राम में शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव और चंद्रशेखर आजाद जैसे महान क्रांतिकारियों का बलिदान आज भी हर भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत है। आज के समय में युवाओं के भीतर वही राष्ट्रभक्ति की ज्वाला और जुनून होना चाहिए, जो देश को नई ऊंचाइयों पर ले जा सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज के युवाओं का मुख्य कर्तव्य शिक्षा, संस्कार, अनुशासन, सामाजिक सद्भाव और सकारात्मक सोच को अपनाकर आगे बढ़ना है। युवाओं को नशाखोरी जैसी जानलेवा कुरीति, हिंसा, अंधविश्वास, जाति-पंथ, क्षेत्र और आपसी भेदभाव से पूरी तरह दूर रहना चाहिए। नशा न केवल शरीर और बुद्धि को नष्ट करता है, बल्कि युवा की ऊर्जा और देश के भविष्य को भी अंधकार में धकेलता है। स्वावलंबन पर बल देते हुए डॉ. गंगवार ने कहा कि आज के युवाओं को केवल नौकरी मांगने वाला नहीं, बल्कि अपने कौशल और कड़ी मेहनत के दम पर स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनने का संकल्प लेना होगा। जब देश का युवा आत्मनिर्भर होगा, तभी भारत आर्थिक और सामाजिक रूप से विश्व गुरु बन सकेगा। डॉ. गंगवार ने युवाओं से अपील करते हुए कहा, "हमें जाति और क्षेत्र से ऊपर उठकर समाज में एकता, भाईचारे और मानवता की भावना को मजबूत करना होगा। एक ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण जरूरी है जो अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों को भी समझे, नशे की लत को छोड़ अपनी ऊर्जा को राष्ट्र के विकास में लगाए और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखे। यही सच्ची देशभक्ति और वास्तविक जनसेवा है।"



डॉ. आर पी गंगवार।

# पहलवानों का हाथ मिलवाकर नगर पंचायत अध्यक्ष ने कराया दंगल का शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरखेड़ा।** सिरसा सरदाह मेले में आयोजित भव्य दंगल प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर पंचायत बरखेड़ा अध्यक्ष श्याम बिहारी भोजवाल ने पहलवानों का हाथ मिलवाकर कराया। अर्जुन सिंह राठौर एवं राकेश सक्सेना के आमंत्रण पर दंगल में पहुंचे नगर पंचायत अध्यक्ष का आयोजकों एवं क्षेत्रवासियों ने स्वागत किया। दंगल का शुभारंभ करते हुए श्याम बिहारी भोजवाल ने दोनों पहलवानों का हाथ मिलवाकर खेल भावना के साथ मुकाबले की शुरुआत कराई। उन्होंने कहा कि दंगल ग्रामीण संस्कृति और पारंपरिक खेलों का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को



पहलवानों का परिचय प्राप्त कर हाथ मिलाते भोजवाल। -जागरण मोर्चा

अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। प्रतियोगिता में विभिन्न स्थानों से पहुंचे पहलवानों ने शानदार दांव-पेच और दमखम का प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबलों को देखने के लिए मेले में हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे, जिन्होंने तालियों और उत्साहवर्धन के साथ पहलवानों का हौसला बढ़ाया। इस मौके पर भोजवाल सेवा समिति अध्यक्ष गोपाल भोजवाल, नामित सभासद जगदीश भोजवाल, विजय पाल भोजवाल, गोधन भोजवाल, कुलदीप गौतम, प्रदीप सक्सेना, सुबल नूरी, सलीम सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी एवं मेला दर्शक मौजूद रहे। दंगल के शुभारंभ के साथ ही मेले में उत्साह का माहौल देखने को मिला और रोमांचक कुश्ती मुकाबलों ने दर्शकों को देर तक बांधे रखा।

# अस्थाई गौशाला में गाय की मौत, बजरंग दल पदाधिकारी ने लापरवाही का लगाया आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरखेड़ा।** बरखेड़ा थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत जिरौनिया स्थित अस्थाई गौशाला में एक गाय की मौत का मामला सामने आया है। घटना को लेकर बजरंग दल के प्रखंड सुरक्षा प्रमुख शिवम ठाकुर ने गौशाला के चौकीदार पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि गौशाला में आवारा पशुओं के पहुंचने के बाद चारा खाने के दौरान उनके और गौशाला में बंधी गाय के बीच संघर्ष हुआ, जिसके चलते गाय की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पशु चिकित्सा अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह सुबह गौशाला पहुंचे और मृत गाय का परीक्षण किया। इसके बाद उनकी देखरेख में गाय



गौशाला का निरीक्षण। -जागरण मोर्चा

का अंतिम संस्कार कराया गया। पशु चिकित्सा अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मृत गाय कुछ दिन पहले सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई थी। गाय की उम्र भी काफी अधिक थी और गौशाला में उसका उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि मृत गाय का परीक्षण करने के बाद नियमानुसार अपनी देखरेख में अंतिम संस्कार करा दिया गया।

## तहकीकात

बीआरसी क्षेत्र के मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों की जांच में खुलेगी पोल, बीईओ बोले-सभी स्कूलों का सत्यापन कराकर परखी जाएगी हकीकत

# मान्यता के कागजों में पढ़ाने वाला दूसरा, हकीकत में पढ़ा रहा तीसरा

मिथलेश गुप्ता, जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** ग्रामीण क्षेत्र में संचालित अधिकांश मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में मान्यता के कागजों पर प्रशिक्षित शिक्षकों के नाम दर्ज हैं लेकिन हकीकत में अप्रशिक्षित शिक्षक पढ़ा रहे हैं। नगरीय क्षेत्र के कुछ स्कूलों में भी यही चल रहा है। जांच हो तो निजी स्कूल संचालकों की पोल खुलना तय है। इधर, खंड शिक्षाधिकारी ने मान्यता के दस्तावेजों का सत्यापन कराने और औचक निरीक्षण कर हकीकत परखने की तैयारी कर ली है। बेसिक शिक्षा परिषद से बीआरसी क्षेत्र में दो सौ से अधिक मान्यता प्राप्त निजी स्कूल संचालित हैं। मान्यता के नियमों का उल्लंघन से संबंधित अक्सर शिकायतें अधिकारियों तक पहुंचती हैं। ग्रामीण क्षेत्र के निजी स्कूलों में तो मान्यता के नियमों और बच्चों की सुरक्षा मानकों की जमकर अनदेखी की जा रही है। आरोप है कि निजी स्कूलों में अप्रशिक्षित शिक्षक पढ़ा रहे हैं जिनके पास डिग्री ही नहीं है। जबकि मान्यता के कागजों, शिक्षक उपस्थिति रजिस्टर पर डिग्री धारक (प्रशिक्षित) शिक्षकों के नाम दर्ज हैं। घुंघचाई, गुलड़िया भूपसिंह, कसगंजा व सेहरामऊ उत्तरी और माधोटांडा क्षेत्र में संचालित निजी स्कूलों के अलावा नगरीय क्षेत्र में संचालित कुछ मान्यता प्राप्त स्कूलों में ऐसा है। बताते हैं कि बिना डिग्रीधारी कम वेतन में मिल जाते हैं, जबकि डिग्री वाले वेतन ज्यादा लेते हैं। हालांकि विभाग ने मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों के संचालकों की इस चतुराई पर लगाम लगाने और शिक्षा के नाम पर बच्चों के भविष्य से खिलबाड़ करने वाले स्कूलों पर शिकंजा कसने की तैयारी शुरू कर दी है।

### अमृता खास में हुई घटना के बाद हरकत में आया विभाग

कुछ दिन पहले बीसलपुर के अमृता खास में प्राइमरी की मान्यता पर कक्षा आठ तक चल रहे निजी स्कूल में दीवार गिरने से बच्चे चोटिल हो गए थे। इस घटना के बाद विभागीय अधिकारी हरकत में आए और जिलेभर के ऐसे निजी स्कूलों को चिन्हित कराना शुरू किया जिनमें मानक अधूरे हैं। मान्यता के कागज भी संदिग्ध हैं। बीआरसी क्षेत्र के 22 स्कूल ऐसे मिले जिनके दस्तावेज संदिग्ध बताए जा रहे हैं। इन स्कूलों के संचालकों को नोटिस जारी किए गए।

### विभागीय अधिकारियों को गुमराह करते है निजी स्कूल संचालक

मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों के संचालक इतने चतुर हैं कि उन्होंने मान्यता के कागज पर उन्हीं लोगों को शिक्षक दिखा रखा है, जिनके पास वैध डिग्री है। हकीकत देखें तो पढ़ा कोई और रहा है। औचक निरीक्षण के दौरान जब शिक्षा विभाग की टीम पहुंचती है तो किसी दूसरे की वैध डिग्री को पेश कर दिया जाता है। डिग्री देखकर टीम संतुष्ट हो जाती है, लेकिन टीम को यह पता ही नहीं होता कि जो डिग्री दिखाई है उस नाम का व्यक्ति स्कूल में पढ़ाता ही नहीं है। संचालकों की इस तरह की पोलपट्टी का खुलासा करने के लिए शिक्षकों की योग्यता, नाम, सब्जेक्टर के साथ फोटो में होनी चाहिए।

मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में मान्यता और मानकों के नियमों का पालन करना जरूरी है। ऐसा न करने पर मान्यता रद्द करने का प्रावधान है। बीआरसी क्षेत्र के सभी निजी स्कूलों का औचक निरीक्षण करने के साथ दस्तावेजों की गहनता से जांच की जाएगी। जिन स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा के मानक अधूरे हैं, मान्यता के नियमों का उल्लंघन हो रहा है। उनपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-विजय वीरेंद्र सिंह, बीईओ, पूरनपुर

# नाबालिग के लापता होने से मचा हड़कंप, मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र में एक नाबालिग के अचानक लापता होने का मामला सामने आया है। नाबालिग के लापता होने के बाद परिजनों में चिंता का माहौल है। काफी तलाश करने के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं लगा तो परिजनों ने पुलिस से शिकायत की।

बताया गया कि क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसकी नाबालिग बेटी लापता हो गई है। परिजनों ने अपने स्तर से रिश्तेदारों और परिचितों के यहां भी उसकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। मामले को गंभीरता से लेते हुए महिला की तहरीर पर थाना सेहरामऊ पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। नाबालिग की तलाश के लिए संभावित स्थानों पर जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस परिजनों से भी पूछताछ कर रही है और मामले से जुड़े लोगों के बारे में जानकारी एकत्र कर रही है।

परिजनों का कहना है कि नाबालिग के लापता होने के बाद से वे लगातार उसकी तलाश कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि मामले में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और नाबालिग की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं। जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


## क्लासीफाइड

### बिकाऊ है

तीन मंजिल दुकान ब्लॉक रोड मुथूट फाइनेंस के सामने गली में रोड से दूसरी दुकान जिसका एरिया 12 फीट रोड फ्रंट और गहराई 9:30 फिट है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें मोबाइल नंबर 9627 739 857

### संबंध विच्छेद

मैं उसमान खां पुत्र नूरे हसन खां अपने पुत्र शाहनूर खां पुत्र उसमान खां को परिवार के साथ गलत व्यवहार करने तथा अपनी मनमानी करने एवं गलत संगत में पड़ जाने के कारण उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

-उसमान खां पुत्र नूरे हसन खां निवासी ग्राम माधौटांडा वार्ड नं. 4 थाना माधौटांडा तहसील कलीनगर जिला पीलीभीत

## दहेज की मांग को लेकर विवाहिता से मारपीट, पति समेत पांच पर मुकदमा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरखेड़ा।** थाना बरखेड़ा क्षेत्र के गांव खजुरिया गोटिया निवासी विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर दहेज की अतिरिक्त मांग को लेकर मारपीट और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। विवाहिता की शिकायत पर एसपी के आदेश के बाद बरखेड़ा पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में रचना पत्नी सत्यपाल ने बताया कि उसकी शादी खजुरिया गोटिया निवासी सत्यपाल के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी में मायके पक्ष ने करीब 12 लाख रुपये खर्च करने के साथ पांच लाख रुपये नकद, घरेलू सामान और जेवरात दहेज में दिए थे। इसके बावजूद ससुराल पक्ष की ओर से कथित रूप से अतिरिक्त पांच लाख रुपये की मांग की जाने लगी। विवाहिता का आरोप है कि मांग पूरी न होने पर पति सत्यपाल, सास रामश्री, ससुर कालीचरण, ननद मंजू और चचिया ससुर रमेश ने उसके साथ मारपीट और कथित रूप से मानसिक उत्पीड़न किया। शिकायत में भूखा-प्यासा रखने, धमकी देने और घर से निकालने की धमकी देने के भी आरोप लगाए गए हैं। रचना के मुताबिक शादी के करीब डेढ़ वर्ष बाद उसके एक पुत्र का जन्म हुआ, लेकिन इसके बाद भी ससुराल पक्ष के व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। आरोप है कि दहेज की मांग को लेकर उसे लगातार प्रताड़ित किया जाता रहा। मामले में विवाहिता ने पुलिस अधिकारियों से कार्रवाई की गुहार लगाई। एसपी के आदेश पर बरखेड़ा पुलिस ने पति समेत पांच आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रातभर जागकर ग्रामीणों ने रेत के बैग डालकर रोका कटान

### प्रशासन ने तैनात की अपनी टीम, लगातार हो रहा कटान

जागरण मोर्चा कार्यालय



कटान के दौरान मौजूद ग्रामीण। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** ट्रांस शारदा क्षेत्र में शारदा नदी के कटान से लोग दहशत में है। एक बार फिर कटान ग्रामीणों के लिए बड़ी चिंता का बिषय बन गया है। राणाप्रतापनगर गांव के पास नदी का बहाव तेज होने से सुरक्षा तटबंध पर कटान शुरू हो गया है। नदी की धार लगातार तटबंध को नुकसान पहुंचा रही है। जिससे आसपास के ग्रामीणों में अपने घर और खेतों के उजड़ने का डर बढ़ गया है। ग्रामीण कटान को लेकर सहमे हुए हैं।राणाप्रतापनगर और नहरोसा गांवों को बाढ़ से बचाने के लिये वर्षों पहले नदी के उत्तर दिशा में दोनों गांवों के बीच सुरक्षा तटबंध यानी डौला बनाया गया था। अब यही तटबंध उफनती शारदा नदी की तेज धार की चपेट में है। तटबंध कमजोर होने की स्थिति में दोनों गांवों पर सीधे बाढ़ और कटान का खतरा मंडरा सकता है।जिससे सैकड़ों परिवारों के घर और फसलें चपेट में आ सकती हैं। हालात को देखते हुए सैकड़ों ग्रामीण मंगलवार की पूरी रात जागते रहे। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक ग्रामीणों ने खुद रेत के बैग भरे और नदी किनारे डालकर कटान रोकने की कोशिश की।ग्रामीणों की लगातार मेहनत से फिलहाल कटान की रफ्तार कुछ कम हुई है, लेकिन खतरा अभी टला नहीं है। ग्रामीण लगातार तटबंध की निगरानी कर रहे हैं। प्रशासन ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए राहत और बचाव के लिये विशेष टीम तैनात कर दी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तटबंध को मजबूत करने के लिये स्थायी समाधान की मांग की है। इस दौरान बडी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप समाचार

### विवाहिता की मौत के मामले में छह पर मुकदमा दर्ज, संदिग्ध परिस्तितियों में कमरे में लटका मिला था शव

**घुंघचाई।** संदिंग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की हुई मौत के मामले में पुलिस ने आधा दर्जन लोगों पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। बंडा थाना क्षेत्र के गांव नबीची निवासी वरुण देव मिश्रा ने थाने पर दर्ज कराए मुकदमे में कहा है कि उन्होंने अपनी पुत्री शिवानी की शादी दस मई 2023 को कस्बा घुंघचाई निवासी आशुतोष मिश्रा ऊर्फ नितिन मिश्र के साथ की थी। जिसमे उन्होंने अपनी सामर्थ के अनुसार दान दहेज दिया था। आरोप है कि दहेज से ससुराली संतुष्ट नही थे। उन्होंने दहेज में एक लाख की नकदी, एक सोने की चेन व लाकेट की मांग शुरु कर दी। जिस पर उन्होंने नगद रुपये भी दे दिए थे। इसके बाद भी विवाहिता को प्रताडित करते रहे। विवाहिता के साथ पहले भी कमरे में बंद कर मारपीट कर चुके है। जिस पर उन्होंने पुत्री की ससुराल पहुंच कर समझाया। आरोप है कि सात सितंबर को उसकी पुत्री को ससुरालियों ने मिलकर मारपीट कर मार डाला। मामले की तहरीर पर पुलिस ने पति अशुतोष मिश्रा,कौशल, विपिन, सुमित, रघुनंदन व सुनीता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### आरक्षण व्यवस्था के विरोध में सवर्ण समाज का प्रदर्शन, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



आरक्षण का विरोध। -जागरण मोर्चा

**बिलसंडा।** आरक्षण व्यवस्था के विरोध में बुधवार को सवर्ण समाज के लोगों ने बिलसंडा में रैली निकालकर प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में लोग रैली में शामिल हुए और विभिन्न मांगों को लेकर अपनी आवाज बुलंद की। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए आरक्षण व्यवस्था की समीक्षा कर इसे आर्थिक आधार पर लागू करने की मांग उठाई। रैली के दौरान प्रदर्शनकारियों ने आरक्षण हटाने और सवर्ण एकता से जुड़े नारे लगाए। उनका कहना था कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को प्राथमिकता देते हुए सभी वर्गों को समान अवसर उपलब्ध कराया जाना चाहिए। प्रदर्शन के बाद प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन बीसलपुर के उपजिलाधिकारी नागेंद्र पांडे को सौंपा और मांगों पर उचित कार्रवाई किए जाने का आग्रह किया। कार्यक्रम का एकत्रीकरण बिलसंडा स्थित एसएसडी पैलेस के निकट मंडी स्थल, घनश्यामपुर में हुआ। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगों को लोकतांत्रिक तरीके से शासन-प्रशासन तक पहुंचाने और एकजुटता बनाए रखने का आह्वान किया।

### लिटिल एंजेल्स स्कूल में धूमधाम से मनाया गया श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व



श्री कृष्णा जन्माष्टमी पर हुए कार्यक्रम आयोजित। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** आज टनकपुर रोड स्थित लिटिल एंजेल्स स्कूल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर संजीव अग्रवाल, प्रधानाचार्य एन. सी. पाठक, कार्यकारी निदेशक उज्जवल अग्रवाल, उप प्रधानाचार्या अंजू सक्सेना, हेडमिस्ट्रेस नीना मल्होत्रा और अकाउंटेंट राजेश गंगवार द्वारा दीप प्रज्वलित कर तथा सरस्वती वंदना के साथ किया गया। जन्माष्टमी के पावन अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। आयरा आनंद, आरुष, इतिशा अग्रवाल, अविराज सिंह, समृद्धि गुप्ता, अभिनव मौर्य, सौम्या सिंह, रक्षित गंगवार, समीक्षा मिश्रा और अविश अग्रवाल आदि बच्चों ने राधा-कृष्ण की सुंदर और आकर्षक पोशाकें पहनकर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। वहीं जूनियर वर्ग के बच्चों ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उपस्थित शिक्षकों और अभिभावकों ने तालियां बजाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन वर्षा सक्सेना ने किया, जबकि संगीत संचालन सौम्या सक्सेना और कांड्रेड जूलियन द्वारा किया गया। इस दौरान किंडरगार्टन कोऑर्डिनेटर प्रिया जैन, सोनी करनवाल, दामिनी जोहरी, नीतू सक्सेना, हनीशा अग्रवाल, आंचल सिंह, शिखा सक्सेना, शिप्रा गुप्ता और सर्वदीप कौर समेत समस्त शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य एन. सी. पाठक ने जन्माष्टमी का सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्व बताते हुए सभी बच्चों व अभिभावकों को पर्व की शुभकामनाएं दीं और उनके सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## मनहरिया-बहादुरापुर मुख्य मार्ग बदहाल, सड़क बनी तालाब

### जगह जगह सड़क टूटी, जलभराव और कीचड़ से लोगों को हो रही परेशानी

जागरण मोर्चा कार्यालय



सडक पर भरा पानी। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** थाना सेहरामऊ क्षेत्र के मनहरिया से बहादुरापुर को जोड़ने वाली मुख्य सड़क इन दिनों बदहाली का दंश झेल रही है। सड़क जगह-जगह से टूट चुकी है और इसमें बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। बारिश होने के बाद इन गड्ढों में पानी भर जाने से पूरी सड़क तालाब जैसी नजर आने लगी है। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि मनहरिया से बहादुरापुर जाने वाला यह मार्ग आसपास के कई गांवों के लोगों के लिए आवागमन का प्रमुख रास्ता है। ग्रामीण इसी सड़क से रोजाना बाजार, स्कूल,अस्पताल और अन्य जरूरी कामों के लिए आते-जाते हैं। सड़क की हालत खराब होने के कारण लोगों को काफी दिक्कत उठानी पड़ रही है। बरसात के दिनों में परेशानी और अधिक बढ़ जाती है। सड़क पर जगह-जगह बने गड्ढों में बारिश का पानी जमा हो गया है। पानी अधिक होने के कारण कई स्थानों पर सड़क और गड्ढों का अंतर तक दिखाई नहीं देता। ऐसे में दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह रास्ता बेहद जोखिम भरा हो गया है। वाहन चालक गड्ढों से बचने के प्रयास में कई बार सड़क के किनारे से निकलने को मजबूर होते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की मरम्मत को लेकर कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से शिकायत की जा चुकी है। लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। बारिश के दौरान जलभराव के कारण सड़क की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। यदि समय रहते इसकी मरम्मत नहीं कराई गई तो आने वाले दिनों में मार्ग से आवागमन और भी मुश्किल हो सकता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से सड़क का स्थलीय निरीक्षण कराकर जल्द से जल्द गड्ढों को भरवाने, सड़क की मरम्मत कराने और बरसाती पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है, इसलिए इसकी अनदेखी लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सड़क की दशा नहीं सुधारी गई तो उन्हें अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्या को लेकर आवाज उठाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

## घर में घुसकर दो सगे भाइयों पर हमला, मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** घर में घुसकर दो सगे भाईयों पर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। नगर के एक मोहल्ला खानकहा निवासी आमिर खां ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सात सितंबर को गांव के कुछ लोग उसके घर में घुस आए। आरोप है कि सभी के हाथों में लाठी-डंडे और धारदार हथियार थे।

पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि घर में घुसने के बाद आरोपियों ने उसके सगे भाई शराफत और शाहरुख खां को गालियां देना शुरु कर दिया। विरोध करने पर दोनों भाइयों पर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से परिवार में अफरा-तफरी मच गई। आरोपियों की मारपीट में दोनों भाइयों को सिर व अन्य जगहों पर चोटें आईं। शोर मचाने पर आस पडोस के कई लोग मौके पर पहुंचे और विवाद शांत कराया। इस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए।

घायल दोनों भाई कोतवाली पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने घायलो को उपचार के लिए सीएचसी भेजा। पुलिस ने सद्दीक खां, बाबू खां, शाहिद खां,तनवीर व लल्ला के खिलाफ आरोपों के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच के दौरान घटना के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है और आरोपों की सत्यता की पड़ताल की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जर्जर और झूलते तार दे रहे बड़े हादसे को दावत

जागरण मोर्चा कार्यालय




कस्बे में जर्जर तारों को सही करता कर्मी। -जागरण मोर्चा

**शेरपुर कलां।** कस्बे में जर्जर और लटकते बिजली के तारों के कारण हर समय बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है। आए दिन पोल से तार टूटकर सड़कों और रास्तों पर गिर रहे हैं, जिससे न केवल ग्रामीणों की जान माल को खतरा बना हुआ है बल्कि घंटों बिजली आपूर्ति भी ठप रहती है।

हाल ही में जर्जर लाइन का तार टूटने से मोहल्ला नवदिया क्षेत्र की बिजली आपूर्ति 12 घंटे तक ठप रही। तार नीचे गिर जाने से बिजली गुल हो गई जिसके बाद ग्रामीणों ने स्थानीय लाइनमैन को सूचना दी। सूचना मिलते ही लाइनमैन और उनकी टीम ने मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद फॉल्ट को दुरुस्त किया और बिजली आपूर्ति बहाल कराई। ग्रामीणों ने लाइनमैन की तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि जब भी बिजली संबंधी कोई शिकायत या फॉल्ट की सूचना दी जाती है, तो लाइनमैन तुरंत मौके पर आकर समस्या का समाधान करते हैं।

इस संबंध में लाइनमैन सिकंदर खान ने बताया कि रात में जर्जर तारों में बड़ा फॉल्ट आ गया था। अंधेरा और खराबी अधिक होने के कारण रात में इसे सही करना संभव नहीं हो सका। सुबह होते ही प्राथमिकता के आधार पर कार्य शुरू कर फॉल्ट को सही किया गया और सप्लाई शुरू कर दी गई।

ग्रामीणों ने बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों और प्रशासन से मांग की है कि जर्जर तारों और लटकती लाइनों को जल्द से जल्द बदलकर नई लाइन बिछाई जाए ताकि क्षेत्रवासियों को आए दिन की इस समस्या से निजात मिल सके और किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

## हाथियों के झुंड ने फसलें रौंदीं, खेत पर बनी झोपड़ी तोड़ी

जागरण मोर्चा कार्यालय



हाथियों ने खेत में पडी झोपडी तोडी। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** जंगल से निकलकर हाथियों का झुंड बार-बार गांवों के किनारे खेतों में पहुंच रहा है। इससे किसानों की तैयार फसलों को नुकसान हो रहा है। थाना सेहरामऊ क्षेत्र में हाथियों की दहशत बनी हुई है। जंगली हाथियों का झुंड हरिपुर किशनपुर गांव के किनारे खेतों में पहुंचा था। यहां हाथियों ने किसानों के खेतों में खड़ी धान और गन्ने की फसलों को नुकसान पहुंचाया।ग्रामीण अभी इस नुकसान से ठीक से उबर भी नहीं पाए थे कि मंगलवार को एक बार फिर हाथियों का झुंड पिपरा मुजपत्ता गांव के किनारे खेतों में पहुंच गया। हाथियों ने खेतों में घुसकर कई किसानों की गन्ने की फसल रौंद डाली। पिपरा गांव निवासी गिरंद के खेत में हाथियों ने काफी नुकसान किया। हाथियों ने गन्ने की फसल को रौंदने के साथ ही खेत की रखवाली के लिये बनाई गई झोपड़ी को भी पूरी तरह तोड़ दिया। इसके अलावा गांव निवासी गिदलाल, रघुवीर, लोकराम और मिश्रीलाल के खेतों में खड़ी गन्ने की फसल को भी हाथियों ने नुकसान पहुंचाया।फसल बर्बाद होने से किसानों को आर्थिक नुकसान की चिंता सता रही है। किसानों ने वन विभाग से हाथियों को आबादी और खेतों की ओर आने से रोकने के लिये गश्त बढ़ाने और नुकसान का मुआवजा देने की मांग की है। लगातार हाथियों के झुंड जंगल से निकल कर किसानों के खेतों में पहुंच कर लगातार किसानों की फसलो को नष्ट कर रहे है। कई एकड फसल हाथी रौंद कर खराब कर चुके है। उसके वावजूद बिभागीय अधिकारी कोई ध्यान नही दे रहा है। जिससे किसानों को नुकसान उठाना पड रहा है।

**आक्रोश** लोगों ने जनप्रतिनिधियों से सडक निर्माण की उठाई मांग

## कच्ची सड़क पर जलभराव, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय



प्रदर्शन करते ग्रामीण। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** गांव कनपारा में मुख्य सड़क कच्ची होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश होते ही सड़क पर जलभराव के साथ कीचड़ हो जाती है और पूरा मार्ग तालाब का रूप ले लेता है। इससे ग्रामीणों का आवागमन मुश्किल हो गया है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों, किसानों, बुजुर्गों और मरीजों को उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव की मुख्य सड़क लंबे समय से बदहाल पड़ी हुई है। बारिश के दिनों में स्थिति और भी खराब हो जाती है। सड़क पर पानी भर जाने के कारण लोगों को इसी जलभराव और कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है। दोपहिया वाहन चालक आए दिन फिसलकर गिरने का खतरा बना रहता है। पैदल निकलने वाले लोगों के कपड़े और जूते कीचड़ में खराब हो जाते हैं,एंबुलेंस पहुंचने में भी परेशानी ग्रामीणों ने बताया कि गांव में किसी व्यक्ति के बीमार होने या आपात स्थिति में एंबुलेंस को पहुंचने में भी परेशानी होती है। जलभराव और कीचड़ के चलते कई बार वाहन गांव के अंदर तक नहीं पहुंच पाते। ऐसे में मरीजों को मुख्य मार्ग तक लाने के लिए ग्रामीणों को काफी मशक्कत करनी पड़ती है। सड़क खराब होने से किसानों को भी अपने खेतों तक पहुंचने में दिक्कत होती है। बरसात में कीचड़ के कारण कृषि कार्य के लिए जरूरी सामान और वाहन ले जाना मुश्किल हो जाता है। वहीं, गांव के बच्चे भी स्कूल आने-जाने के दौरान परेशान होते हैं। जलभराव के कारण उन्हें गंदे पानी और कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है। समस्या से नाराज ग्रामीणों ने सड़क पर एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ नाराजगी जताते हुए गांव की मुख्य सड़क का जल्द से जल्द निर्माण कराए जाने की मांग की। इस दौरान कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## टुक टुक चालक को पीटकर किया घायल, मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर।** घुं घचाई थाना क्षेत्र के गांव पुन्नापुर टांडा निवासी दयाराम ने बताया कि पांच सितंबर को करीव दस बजे अपने गांव से टुक टुक पर सवारियां घुंघचाई पूरनपुर जा रहा था। इसी दौरान जितौरिया टांडा गांव के पास खेत की जुताई के रुपये को लेकर गांव निवासी विजय गिरि व संजू गिरि ने रोक कर गंदी गंदी गालियां देना शुरु कर दिया। विरोध करने पर लात घूंसो से मारा पीटा। इसके बाद उसको बाल पकडकर मारा पीटा। टुकटुक पर बैठी सवारियों ने वमुश्किल उसको बचाया। जिस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। घायल घुंघचाई थाने पहुंचा और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सीओ विधि भूषण मौर्या ने बताया कि पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाही के निर्देश दिए है।

## युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान, अग्रवाल सभा में हुआ व्यवसाय संवाद

जागरण मोर्चा कार्यालय




राष्ट्रीय स्वयंसेवक की बैठक संपन्न। -जागरण मोर्चा

**बीसलपुर।** अग्रवाल सभा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से युवा व्यवसाय संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा व्यवसायियों एवं समाज के प्रबुद्धजनों ने सहभागिता की। मुख्य वक्ता प्रांत बौद्धिक प्रमुख नरेंद्र जी रहे, जबकि अध्यक्षता मोहित मित्तल एवं ऋषभ गंगवार ने की। मंच संचालन अजीत जी ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला प्रचारक अवनीश बजरंगी जी ने की। उन्होंने संघ की स्थापना से लेकर 100 वर्षों की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संघ शाखा के माध्यम से व्यक्ति निर्माण और व्यक्ति निर्माण के जरिए समाज निर्माण के उद्देश्य से निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने समाज को संगठित रखने, राष्ट्र सेवा और राष्ट्रभक्ति से जुड़े कार्यों में युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। मुख्य वक्ता नरेंद्र जी ने संघ की राष्ट्र सेवा यात्रा का उल्लेख करते हुए युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस दौरान नरेंद्र जी, रामवीर जी, मोहित मित्तल एवं ऋषभ गंगवार का भद्रपाल जी, सुशील जी एवं अंकुर गुप्ता जी ने पटका पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में नगर विधायक विवेक वर्मा, प्रधानाचार्य डॉ. रवि शरण सिंह चौहान, अंकुर गुप्ता, कृष्ण पाल, राजेश गंगवार, दीपक गंगवार, अशोक दीक्षित, शिवेंद्र शुक्ला, एकांक, प्रशांत, मुकेश, अजीत, राजेश सक्सेना, रमाशंकर शुक्ल सहित बड़ी संख्या में व्यवसायी एवं प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

## दलीप ट्रॉफी फाइनल: ईस्ट जोन ने साउथ जोन पर कसा शिकंजा, हासिल की विशाल बढ़त; फिर दिखा कप्तान ईशान किशन का दम

एजेंसी न्यूज

**चेन्नई।** ईस्ट जोन ने दलीप ट्रॉफी फाइनल के चौथे दिन साउथ जोन पर पकड़ मजबूत कर ली है। दिन का खेल समाप्त होने तक ईस्ट जोन ने दूसरी पारी में पांच विकेट पर 212 रन बनाए हैं। इस तरह उसे अब तक 584 रनों की बढ़त हासिल हो चुकी है। स्टंप्स तक कुमार कुशाग्र 34 और मोहम्मद कौनेन कुरैशी 26 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। इससे पहले, ईस्ट जोन के 708 रन के जवाब में साउथ जोन की पहली पारी 336 रन पर ऑलआउट हुई थी। इस तरह ईस्ट जोन को पहली पारी में 372 रनों की बड़ी बढ़त मिली।



**ईस्ट जोन ने नहीं दिया फॉलोऑन**

ईस्ट जोन ने साउथ जोन को फॉलोऑन नहीं खिलाते हुए खुद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने का फैसला किया। हालांकि, दूसरी पारी में उसकी शुरूआत अच्छी नहीं रही। ईस्ट जोन की टीम ने 13 रन पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट भी गंवा दिए। अभिमन्यु ईश्वरन तीन रन और वैभव सूर्यवंशी आठ रन बनाकर आउट हुए। ईश्वरन को मोहम्मद सिराज ने और वैभव को त्रिपुराणा विजय ने पवेलियन भेजा।

**दूसरी पारी में भी चमके ईशान**

ईशान किशन का बल्ला इन दिनों काफी चल रहा है और दूसरी पारी में भी ऐसा ही देखने मिला। ईशान किशन ने दलीप ट्रॉफी के फाइनल में लगातार दूसरी पारी में 50 से ज्यादा का स्कोर बनाया। इस दौरान शिखर मोहन ने ईशान का बखूबी साथ निभाया। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 126 रनों की साझेदारी हुई। ईस्ट जोन को तीसरा झटका ईशान के रूप में ही लगा। ईशान किशन ने 98 गेंद में नौ चौके और तीन छक्के की मदद से 80 रन की पारी खेली। वहीं, शिखर ने भी अर्धशतक जड़ा और इसके बाद वह भी अपना विकेट गंवा बैठे। शिखर ने 52 रन बनाए, जबकि सुदीप कुमार घरामी दो रन बनाकर रन आउट हुए। इसके बाद कुमार कुशाग्र ने कुरैशी के साथ मिलकर मोर्चा संभाला और दिन का खेल समाप्त होने तक दोनों बल्लेबाजों ने छठे विकेट के लिए 52 रनों की साझेदारी की। साउथ जोन के लिए मोहम्मद सिराज, त्रिपुराणा विजय, एमडी नीधीश और शेख रशीद को अब तक एक-एक विकेट मिला है।

**साउथ जोन 336 रन पर ऑलआउट**

इससे पहले, चौथे दिन की शुरूआत में साउथ जोन की पहली पारी 336 रन पर सिमट गई। कप्तान तिलक वर्मा का विकेट आखिरी विकेट के रूप में गिरा। वह 211 गेंद में नौ चौके के मदद से 99 रन बनाकर आउट हुए। तिलक एक रन से शतक से चूक गए। उन्हें कुरैशी ने पवेलियन भेजा। इस तरह ईस्ट जोन को पहली पारी के आधार पर 372 रन की बढ़त मिली। साथ ही साउथ जोन की टीम फॉलोऑन भी नहीं बचा सकी।

# श्रीलंका क्रिकेट को बड़ा नुकसान

## चैंपियंस ट्रॉफी नहीं होने से भारी राजस्व का अनुमान, आईसीसी ने छीनी थी मेजबानी

एजेंसी न्यूज

**कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट को अगले साल की शुरूआत में आईसीसी महिला चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी अधिकार गंवाने के बाद लगभग दो करोड़ अमेरिकी डॉलर (करीब 188 करोड़ रुपये) के राजस्व का नुकसान हो सकता है। इस टूनामेंट का आयोजन मूल रूप से श्रीलंका में कराया जाना था, लेकिन अब इसे भारत में 14 से 28 फरवरी 2027 तक कराया जाएगा जिसके मैच मुंबई और वडोदरा में खेले जाएंगे।

श्रीलंका क्रिकेट की परिवर्तन (ट्रांसफोरमेंशन) समिति के सचिव प्रकाश शाफटर ने पत्रकारों से कहा, हमें निश्चित रूप से मेजबानी शुल्क मिलेगा। मुझे लगता है कि यह करीब 20 लाख डॉलर के करीब होगा। साथ ही श्रीलंका क्रिकेट को स्टेडियम और अन्य आयोजन स्थलों को तैयार करने तथा सुविधाओं को बेहतर बनाने का खर्च भी उठाना पड़ेगा।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने श्रीलंका से टूनामेंट



की मेजबानी लगातार सरकारी हस्तक्षेप और निर्वाचित प्रशासन की अनुपस्थिति के कारण छीन ली थी। पिछले सप्ताह आईसीसी ने छह देशों के इस टूनामेंट को भारत स्थानांतरित करने के फैसले की घोषणा की थी। आईसीसी के अनुसार श्रीलंका के मौजूदा क्रिकेट प्रशासन में सुधार की प्रक्रिया विश्व क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था के नियमों के अनुरूप नहीं थी। इस तरह श्रीलंका ने 2024 के बाद सरकारी हस्तक्षेप के कारण आईसीसी के दूसरे टूर्नामेंट की मेजबानी गंवाई हैं।

इस टूनामेंट में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका की टीमें हिस्सा लेंगी और वे इस महिला टूनामेंट की पहली विजेता बनने की कोशिश करेंगी। यह टूनामेंट टी20 प्रारूप में खेला जाएगा, जिसमें छह टीमें राउंड-रॉबिन लीग में मुकाबला करेंगी और टॉप दो टीमें 28 फरवरी को होने वाले फइनल में पहुंचेंगी। भारत के पास अभी आईसीसी महिला क्रिकेट वनडे विश्व कप का खिताब है, जबकि ऑस्ट्रेलिया आईसीसी महिला टी20 विश्व कप की चैंपियन है। उन्होंने इस साल जुलाई में इंग्लैंड में यह खिताब जीता था।

# चांदी उछली, सोना धड़ाम: सर्राफा बाजार की कीमतों में दिखा उतार-चढ़ाव

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार में मांग कमजोर रहने के कारण राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बुधवार को सोने की कीमतों में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र गिरावट दर्ज की गई। सोना 100 रुपये फिसलकर 1,58,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। इससे पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,58,100 रुपये प्रति 10 ग्राम था।

वहीं, चांदी ने सोने के उलट तेजी का रुख बनाए रखा। लगातार दूसरे सत्र में चांदी के दाम बढ़े और यह 2,300 रुपये उछलकर 2,43,400 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इस कीमत में सभी कर शामिल हैं। मंगलवार को चांदी 2,41,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। यह जानकारी ऑल इंडिया सराफा एसोसिएशन की ओर से दी गई।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-सामान्य धातु सौमिल गांधी के मुताबिक, अमेरिकी महंगाई से जुड़े अहम



आंकड़े इस सप्ताह जारी होने वाले हैं। ऐसे में निवेशक फिलहाल सतर्क रुख अपना रहे हैं, जिससे सोने की कीमतें सीमित दायरे में बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने महंगाई को लेकर चिंताएं फिर बढ़ा दी हैं। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच ऊर्जा लागत में तेजी से महंगाई का दबाव और बढ़ सकता है। गांधी के अनुसार, ऊर्जा की ऊंची कीमतें महंगाई को बढ़ा सकती हैं और ब्याज दरों के लंबे समय तक ऊंचे बने रहने की उम्मीद को मजबूत कर सकती हैं। इसका असर सोने जैसे बुलियन पर भी पड़ सकता है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोने की कीमत 43.67 डॉलर यानी करीब एक प्रतिशत बढ़कर 4,399.22 डॉलर प्रति औंस हो गई। वहीं, चांदी में भी करीब एक प्रतिशत की तेजी आई और इसका भाव 66.25 डॉलर प्रति औंस पहुंच गया। मिराए एसेट शेयरखान के कमोडिटीज प्रमुख प्रवीण सिंह ने बताया कि हालिया गिरावट के बाद हाजिर सोने में सुधार देखने को मिला है। बाजार की नजर अब अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट की दीर्घकालिक ऋण पुनर्खरीद योजना से जुड़ी घोषणा पर है।

## भारत के दौरे से न्यूजीलैंड में क्रिकेट का क्रेज: टीम इंडिया को लेकर फैंस का जोश चरम पर! अब तक 50000+ टिकट बिके

एजेंसी न्यूज

**वेलिंग्टन।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाली क्रिकेट सीरीज शुरू होने में अभी वक्त है, लेकिन न्यूजीलैंड में इसका असर अभी से दिखने लगा है। टीम इंडिया छह साल बाद न्यूजीलैंड के दौरे पर जाने वाली है और इसको लेकर फैंस का उत्साह इतना ज्यादा है कि घरेलू समर सीजन के लिए 50 हजार से ज्यादा टिकट पहले ही बिक चुके हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट के मुताबिक, सोमवार से आम दर्शकों के लिए टिकट बिक्री शुरू हुई। इससे पहले दो सप्ताह तक क्रिकेट नेशन सदस्यों, स्काई ग्राहकों और एएनजेड ग्राहकों के लिए प्री-सेल की सुविधा उपलब्ध थी।



भारत के खिलाफ होने वाले मुकाबलों को लेकर टिकटों की मांग खास तौर पर देखने को मिल रही है। क्राइस्टचर्च में होने वाला दूसरा टी20 मुकाबला पहले ही 75 फीसदी बिक चुका है। न्यूजीलैंड क्रिकेट के मार्केटिंग प्रमुख टिम एलिस ने इस प्रतिक्रिया को शानदार बताया। उन्होंने कहा, 'हेगले ओवल में होने वाले मैचों में हमेशा अच्छी संख्या में दर्शक आते रहे हैं, लेकिन किसी मैच का तीन-चौथाई से ज्यादा बिक जाना काफी शानदार है।' भारत और न्यूजीलैंड के बीच 22 अक्तूबर से पांच टी20, पांच वनडे और दो टेस्ट मैच खेले जाने हैं। यह भारत का छह साल बाद न्यूजीलैंड दौरा होगा।

भारत की लोकप्रियता का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि ऑकलैंड के मशहूर ईडन पार्क में दर्शकों के लिए स्टेडियम का छठा स्तर खोला जा रहा है। यह व्यवस्था 30 अक्टूबर को होने वाले चौथे टी20 मुकाबले के लिए की गई है। ईडन पार्क का यह हिस्सा हाल के वर्षों में बेहद कम मौकों पर खोला गया है। इससे पहले यहां 2015 वनडे विश्व कप और 2018 में न्यूजीलैंड-ऑस्ट्रेलिया टी20 मैच के दौरान इस स्तर का इस्तेमाल किया गया था। टिम एलिस ने कहा, 'कई वर्षों बाद ईडन पार्क के शीर्ष स्तर को खोल पाना वास्तव में रोमांचक है और यह उस उत्साह को दर्शार्ता है जो इस दौरे को लेकर लगातार बढ़ रहा है।'

भारत और न्यूजीलैंड के बीच इस साल 2026 टी20 विश्व कप का फाइनल भी खेला गया था। ऐसे में दोनों टीमों की अगली भिड़ंत को लेकर फैंस में अतिरिक्त उत्साह है। न्यूजीलैंड क्रिकेट भी दौरे के दौरान कई विशेष कार्यक्रम और मैच-डे एक्टिवेशन आयोजित करने की तैयारी कर रहा है। एलिस ने कहा, 'हम दौरे के आसपास कई कार्यक्रमों की योजना पर काम कर रहे हैं और मैच के दौरान कुछ शानदार गतिविधियां भी होंगी, जो हर उम्र के प्रशंसकों के लिए बेहतरीन अनुभव देने का हमारा प्रयास है।' भारत का दौरा न्यूजीलैंड के अंतरराष्ट्रीय घरेलू समर सीजन की शुरूआत करेगा। इसके बाद दिसंबर में बांग्लादेश की महिला टीम न्यूजीलैंड का दौरा करेगी।




## पाकिस्तान की बल्लेबाजी फिर फ्लॉप: इंग्लैंड के खिलाफ सस्ते में सिमटा, सिर्फ तीन बल्लेबाज ही दहाई अंक तक पहुंचे

एजेंसी न्यूज

**बर्मिंघम।** जोश टंग की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर इंग्लैंड ने तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन पाकिस्तान की बल्लेबाजी की कलई खोल दी। इंग्लैंड के कप्तान जो रूट ने बर्मिंघम में खेले जा रहे इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। इंग्लैंड के गेंदबाजों ने इस फैसले को सही साबित करने में ज्यादा देर नहीं लगाई। पाकिस्तान की बल्लेबाजी एक बार फिर फ्लॉप साबित हुई और टीम दूसरे ही सत्र में पहली पारी में 133 रन पर ऑलआउट हो गई।

पाकिस्तान की बल्लेबाजी इस मैच में भी काफी खराब रही। पहले ही दो टेस्ट मैच हारकर तीन मैचों की सीरीज में 0-2 से पीछे चल रही पाकिस्तान की टीम का फ्लॉप शो पहली पारी में एजबेस्टन में भी जारी रहा। लॉर्ड्स टेस्ट हारने के



बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कड़ा रवैया अपनाया था और टीम से सात खिलाड़ियों के साथ ही मुख्य कोच सरफराज अहमद और उमर गुल की छुट्टी कर दी थी। पीसीबी ने इस टेस्ट मैच के लिए सात खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया था, लेकिन इसका कोई फायदा नजर नहीं आया। पाकिस्तान के बल्लेबाज इंग्लैंड की तेज गेंदबाज तिकड़ी के सामने कहीं भी नहीं टिक सके।

पाकिस्तान की शुरूआत इस मैच में बेहद ही खराब रही और टीम ने 48 रन के स्कोर पर ही पांच विकेट गंवा दिए। पाकिस्तान का शीर्ष क्रम एकदम से चरमा गया। ना कप्तान बाबर आजम चले और ना ही शान मसूद और सईम अयूब अपना दम दिखा सके। इंग्लैंड के गेंदबाजों के सामने पाकिस्तान के बल्लेबाजों ने अपने हथियार डाल दिए। हालात ये रहे कि शुरू के पांच बल्लेबाज में से कोई भी 10 रन का आंकड़ा भी नहीं छू सका। सईम खाता खोले बिना आउट हुए, वहीं अजान अवैस 9, अब्दुल्लाह शफीक 3, शान मसूद 5 और कप्तान बाबर आजम 7 रन बनाकर पवेलियन लौटे। पाकिस्तान के लिए मध्यक्रम के बल्लेबाज सऊद शकील ने पहली पारी में सबसे ज्यादा रन बनाए। शकील ने 47 गेंदों पर सात चौकों की मदद से 43 रन बनाए। हालांकि, दूसरे छोर पर उन्हें किसी का साथ नहीं मिला। शकील भी अर्धशतक पूरा करने से पहले ही आउट हो गए।







## महिला एशिया कप: मंधाना के पास सूजी बेट्स को पीछे छोड़ने का मौका

### टी20 में नंबर एक बनने से महज इतने रन दूर

एजेंसी न्यूज

**दुबई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना के पास महिला एशिया कप 2026 में इतिहास रचने का मौका है। भारतीय टीम गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ सेमीफाइनल मैच खेलेगी, जिसमें अगर मंधाना 69 रन बना लेती हैं तो वह महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लेंगी।

स्मृति मंधाना फिलहाल 174 टी20 मुकाबलों में 30.65 की औसत के साथ 4,690 रन बना चुकी हैं, जिसमें दो शतक और 35 अर्धशतक शामिल हैं। इस दौरान मंधाना के बल्ले से 634 चौके और 95 छक्के निकले हैं। महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड फिलहाल न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स के नाम पर है जिन्होंने 186 मुकाबलों में 28.83 की औसत के साथ 4758 रन जुटाए हैं। वहीं, भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर 205 मुकाबलों में 4249 रनों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। श्रीलंकाई कप्तान चामरी अट्टापट्टू 168 मुकाबलों में 4,095 रन बनाकर चौथे पायदान पर हैं।

स्मृति मंधाना महिला एशिया कप 2026 में सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं, जिन्होंने तीन मुकाबलों में 50.67 की औसत के साथ 152 रन जुटाए हैं। मंधाना इस संस्करण में शतक लगाने वाली इकलौती बल्लेबाज भी हैं, जिन्होंने हॉन्गकॉन्ग के खिलाफ 64 गेंदों में सात छक्कों और 14 चौकों के साथ 124 रन की पारी खेली थी।




जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।